CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 23°C
न्यूनतम : 10°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 26 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 315 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 4 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दुनिया के लिए मार्गदर्शक है भारत का संविधानः बिरला पेज 2



टी-20 विश्वकपः 15 फरवरी को होगी भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत खेल टाइम्स



यूपी विधानसभा चुनावों में ओवैसी का अखिलेश यादव से मुलाकात का वादा सम्पादकीय



पाकिस्तान ने की आधी रात अफगानिस्तान में तीन एयरस्ट्राइक, 10 की मौत पेज 12

## अयोध्या में राम मंदिर में ध्वजारोहण की प्रक्रिया हुई पूरी

# सदियों के घाव अब भर रहे हैं: मोदी

**कहा- हमारा बहुत पुराना सपना अब पूरा हुआ, हम ऐसा समाज बनाएं, जहां कोई गरीब न हो**

**बटन दबते ही मंदिर के शीर्ष पर फहराया ध्वज, मोदी हुए भावुक, आंसू पोछते दिखे साधु- संत**

अयोध्या, वार्ता

**राम मंदिर** में ध्वजारोहण की प्रक्रिया पूरी हुई। इस मौके पर पीएम मोदी ने अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा बहुत पुराना सपना अब पूरा हुआ। सदियों पुराने घाव थे अब वह धीरे-धीरे भरने शुरू हुए। पीएम ने कहा कि हम ऐसा समाज बनाएं, जहां कोई गरीब न हो। कोई पीड़ित न हो। यह ध्वज युगों-युगों तक श्री राम के आदेशों और प्रेरणाओं को मानव मात्र तक पहुंचाएगा।

उन्होंने हर दानवीर, श्रमवीर, कारीगर, योजनाकार, वास्तुकार का अभिनंदन किया। यही वह नगरी है, जहां से श्रीराम ने अपना जीवन पथ शुरू किया था। विकसित भारत बनाने के लिए समाज की सामूहिक शक्ति की आवश्यकता है। यहां सप्त मंदिर बने हैं। यहां निषाद राज का मंदिर बना है, जो साधन नहीं साध्य और उसकी भावनाओं को पूजती है। यहां जटायु जी और गिलहरी की भी मूर्ति है, जो बड़े संकल्प की सिद्धि के लिए हर छोटे से छोटे प्रयास को दिखाती है। पीएम मोदी के बटन दबाते ही झंडा धीरे-धीरे ऊपर चढ़ता हुआ मंदिर के शीर्ष पर विराजमान हो गया। जैसे-जैसे झंडा ऊपर चढ़ता गया पीएम मोदी टकटकी लगाए उसे देखते रहे। पीएम मोदी इन पलों में भावुक नजर आए। ध्वजारोहण के समय सामने की कतार में साधु-संत बैठे हुए थे। वह भी भावुकता में अपने आंसू पोछते हुए नजर आए। इस कार्यक्रम में देश-दुनिया के करीब आठ हजार लोग आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित शुभ मुहूर्त में प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वज फहराया। जैसे ही केसरिया ध्वज पवन के संग लहराया, पूरा परिसर 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा।



**ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज**

आज अयोध्या नगरी भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष-बिंदु की साक्षी बन रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर ध्वजारोहण उत्सव का यह क्षण अद्वितीय और अलौकिक है। ये धर्म ध्वजा केवल एक ध्वज नहीं, ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है। ये ध्वज संघर्ष से सृजन की गाथा है, सदियों से चले आ रहे स्वप्नों का साकार स्वरूप है, संतों की साधना और समाज की सहभागिता की सार्थक परिणीति है.

– **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

## चुनाव आयोग अब बीजेपी आयोग बन गया: ममता बनर्जी

**बोनगांव।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं रहा। यह 'बीजेपी आयोग' बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें बंगाल में चुनौती दी गई, तो वे पूरे देश में बीजेपी की नींव हिला देंगी। ममता बोनगांव में एंटी-एसआईआर रैली को संबोधित कर रही थीं। ममता ने दावा किया कि यदि राज्य के मतुआ-बहुल क्षेत्रों में रहने वाले लोग नागरिकता (संशोधन) अधिनियम: सीएए के तहत स्वयं को विदेशी घोषित करते हैं, तो उन्हें तुरंत वोटर लिस्ट से हटा दिया जाएगा। इधर टीएमसी के 10 सांसद 28 नवम्बर को चुनाव आयोग से मिलेंगे। इसके लिए मंगलवार को पार्टी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को लेटर लिखकर सभी 10 सांसदों के नाम भेजे हैं। ममता ने पूछा- अगर एसआईआर का मकसद अवैध बांग्लादेशियों को हटाना है, तो बीजेपी शासित राज्यों में एसआईआर क्यों कराया जा रहा है? क्या बीजेपी यह स्वीकार कर रही है कि उसके 'डबल इंजन' वाले राज्यों में भी घुसपैठिए मौजूद हैं?

# हिरासत में हिंसा और मौत सिस्टम पर धब्बा: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक 'बड़ा दाग' है और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत में मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा कि देश अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है। हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता, लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपनी अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं की है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा कि केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है? इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 और 2020 में आदेश दिया था कि सभी पुलिस थानों, सीबीआई, ईडी, एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दफ्तरों में फुल कवरेज वाले सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाएं।

**सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत में मौतों पर गहरी चिंता जताई**



## आर्मी अफसर की बर्खास्तगी सही, अपील खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आर्मी के एक पूर्व ईसाई अफसर की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। अफसर पर आरोप था कि उसने अपने तैनाती स्थल पर रेजिमेंट की धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से इन्कार किया था। इसके बाद आर्मी ने उसे बर्खास्त कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने अफसर को आर्मी के लिए मिस फिट माना और हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह आचरण गंभीर अनुशासनहीनता है और सेना जैसी संस्था में इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मामला 2017 का है। अफसर सैमुअल कमलेसन 3तक कैवेलरी रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट बने। उनकी यूनिट में मंदिर और गुरुद्वारा था, जहां हर हफ्ते धार्मिक परेड होती थी।



## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया के लिए मार्गदर्शक है भारत का संविधान: बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान को देश की आत्मा करार देते हुए कहा है कि भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है। श्री बिरला ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर स्थित मणिपाल विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं से संवैधानिक जागरूकता का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जियो। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बोली, भाषा, खानपान सहित अनेक विविधताएं हैं, लेकिन देश की समस्त विविधताओं को एक करने का काम हमारा संविधान करता है। हर विद्यालय- महाविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम में संविधान का अध्ययन होना चाहिए।

### यूपीएस में शामिल होने के इच्छुक कर्मचारी जल्द करें आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में शामिल होने के इच्छुक पात्र कर्मचारियों से जल्द आवेदन करने की अपील की है। राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत पात्र कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 है। यूपीएस का विकल्प चुनने के बाद वे एनपीएस में भी वापस जा सकते हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यूपीएस में जाने की अंतिम तिथि नजदीक आने के मद्देनजर सभी संबंधित एनपीएस सबस्क्राइबर सीआरए प्रणाली के माध्यम से अपना यूपीएस अनुरोध ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्हें 30 नवम्बर तक अपने संबंधित नोडल कार्यालय में विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र जमा करना होगा।

# उदित राज ने भीम रैली की अनुमति न देने पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यकऔर आदिवासी संगठनों के डोमा परिसंघ के अध्यक्ष डा. उदित राज ने कहा है कि उनके परिसंघ की 30 नवम्बर को यहां रामलीला मैदान में होने वाली भीम रैली की बाकायदा अनुमति ली गई थी, लेकिन अब रैली में भारी भीड़ जुटने की संभावना का हवाला देते हुए इस अनुमति को रद्द कर दिया गया है।

डा. उदित राज ने कहा कि वे पहले करीब ऐसे बीस कार्यक्रम वह कर चुके हैं, लेकिन कभी भारी भीड़ जुटने का कारण बताकर अनुमति रद्द नहीं की गई, लेकिन लगता है डा. अंबेडकर

**■ अंबेडकर और भीम शब्द से बीजेपी को नफरत**

और भीम शब्द से भाजपा को घृणा और अंदरूनी नफ़रत है। दूसरा कारण संविधान और वोट बचाने जैसे मुद्दे से भाजपा की भारी असहमति है। मोदी सरकार को संविधान बचाने, आरक्षण सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने, वोट चोरी रोकने एवं बैलेट पेपर से चुनाव, जाति जनगणना, वक्फ़ बोर्ड में हस्तक्षेप रोकना, निजीकरण पर रोक, समान शिक्षा, धार्मिक आजादी, किसानों को न्यूनतम मूल्य की गारंटी, आदिवासियों को जल, जंगल तथा जमीन से वंचित करने से रोकने, पुरानी पेंशन बहाली आदि से नफ़रत है।

# एसआईआर का मकसद इंडिया गठबंधन के वोट काटना: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस को चिंता है कि यूपी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रीविजन (एसआईआर) की वजह से 2024 में इंडिया ब्लॉक द्वारा जीती गई हर पार्लियामेंट्री सीट पर लगभग 50,000 वोट कम हो जाएंगे। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले ब्लॉक ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की कुल 80 लोकसभा सीटों में से 43 जीती थीं।

इनमें कांग्रेस ने 6 और सपा ने 37 सीटें जीती थीं, जिससे बीजेपी को बड़ा झटका लगा था, जिससे 2019 के मुकाबले इसकी सीट 62 से घटकर 33 रह गई थी। राज्य में 2026 में लोकल बॉडी इलेक्शन और 2027 में असेंबली इलेक्शन होंगे जो बीजेपी और इंडिया ब्लॉक दोनों के लिए अहम होंगे। हालांकि कांग्रेस डर है कि यूपी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रीवीजन के जरिए विपक्ष के वोटर्स की संख्या कम



**■ यूपी में एसआईआर के जरिये विपक्ष के वोटर्स की संख्या कम की जाएगी**

की जाएगी, जैसा कि बिहार में किया गया था, जहां इंडिया ब्लॉक हाल ही में एनडीए से चुनाव हार गया था। कांग्रेस के यूपी इंचार्ज अविनाश पांडे ने बताया कि यह बीजेपी की प्लानिंग है। उन्होंने बिहार में विपक्ष के हजारों वोट कम कर दिए। हमने बिहार में एसआईआर से जुड़े कई सवाल उठाए थे, लेकिन चुनाव आयोग ने इस पर कोई सफाई नहीं दी। अब वही एसआईआर उत्तर प्रदेश में जल्दबाजी में लागू किया जा रहा है। इस काम का असली मकसद 2024 में इंडिया ब्लॉक द्वारा जीती गई लोकसभा सीटों पर विपक्ष के बड़े वोट कम करना है। यह 2027 के चुनावों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। बीजेपी ने पहले से ही एक छोटी वोटर लिस्ट तैयार कर ली थी और इसलिए वोटरों और जमीन पर बीएलओ दोनों को होने वाली एडमिनिस्ट्रेटिव दिक्कतों की परवाह किए बिना उत्तर प्रदेश में एसआईआर को जल्दबाजी में लागू कर रही थी।

### आरएसएस शुरू से ही रहा संविधान पर हमलावर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) शुरु से ही संविधान विरोधी रहा है और इसीलिए इसे अपनाए जाने के तत्काल बाद से ही उसने संविधान पर हमला शुरु कर दिया था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 76 साल पहले आज ही के दिन जब संविधान सभा के अध्यक्ष डा. भीमराव अम्बेडकर ने सभा के समक्ष भारतीय संविधान का मसौदा पेश किया था और इस मौके पर अत्यधिक ओजस्वी भाषण दिया था, जिसे आज भी याद किया जाता है। लेकिन इसके अगले ही दिन आरएसएस ने संविधान पर तीखा हमला शुरु कर दिया था और उसका यह हमला आज भी जारी है। रमेश ने कहा कि डा. आंबेडकर ने संविधान सभा में संविधान के मसौदे को औपचारिक रूप से अपनाने का प्रस्ताव रखा था। इस भाषण में उन्होंने कांग्रेस के अनुशासन की तारीफ की और कहा कि उसके कारण ही यह व्यवस्थित संविधान तैयार हो सका है। इस मौके पर दिया गया उनका समापन भाषण निस्संदेह 20वीं सदी में दुनिया के किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए सबसे महान भाषणों में से एक है।

## अयोध्या में राम मंदिर पर हुए कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

# ध्वजारोहण मात्र यज्ञ नहीं, नए युग की शुरुआत

**अयोध्या, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मंगलवार को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है।

प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान एवं आत्मगौरव का प्रतीक है। योगी ने अपनी बातों का आगाज सियावर रामचंद्र भगवान, माता जानकी, सरयू मैया की जय, भारत माता की जय और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ किया। मुख्यमंत्री के साथ ही समूचा मंदिर परिसर जय-जयकार से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने भव्य मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले कर्मयोगियों का भी अभिनंदन किया। उन्होंने कहा



**हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जहां विकास और विरासत का बेहत. रीन समन्वय है, यह इसे नई ऊंचाई प्रदान कर रहा**

**■ ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और रामराज्य के मूल्य कालजई है**

कि आज का पावन दिन उन पूज्य संतों, योद्धाओं, श्रीरामभक्तों की अखंड साधना-संघर्ष को समर्पित है, जिन्होंने आंदोलन व संघर्ष के लिए जीवन को समर्पित किया। विवाह पंचमी का दिव्य संयोग इस उत्सव को और भी पावन बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और रामराज्य के मूल्य कालजई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में जब नेतृत्व संभाला था, उसी दिन भारतवासियों के मन और हृदय में जिस संभावना, संकल्प व विश्वास का सूर्योदय हुआ, आज वही तपस्या, अनगिनत पीढ़ियों की प्रतीक्षा आपके कर कमलों के माध्यम से साकार होकर भव्य राम मंदिर के रूप में भारतवासियों एवं सनातन धर्मावलंबियों के समक्ष है। योगी ने कहा कि श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मर्यादा, सत्य- न्याय एवं राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है। यह विकसित भारत की संकल्पना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। सभी ने 11 वर्ष में बदलते भारत को देखा है। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जहां विकास और विरासत का बेहतरीन समन्वय है। यह इसे नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है। 80 करोड़ लोगों को राशन, 50 करोड़ लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, हर जरूरतमंद को आवास, हर व्यक्ति बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ पा रहा है, तो यह रामराज्य की वह उद्घोषणा है, जिसका आधार विकसित भारत है।

### माघ मेले की सुरक्षा कड़ी बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर रोक

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। वही देश की राजधानी दिल्ली में हुए धमाकों के बाद प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया है। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर रोक रहेगी। माघ मेला 3 जनवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा। मेला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड टीमें लगातार जांच कर रही हैं। बन रहे अस्थाई ढांचों और चल रहे निर्माण कार्यों की बारीकी से जांच की जा रही है। मेले के हर संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा कर्मी पैनी नजर बनाए हुए हैं।

# राहुल-प्रियंका ने गुरु तेग बहादुर की शहीदी दिवस पर किया नमन

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महाचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वें शहीदी पर्व पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान सभी के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सिख धर्म के नौवें गुरु, 'हिद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी दिवस पर उन्हें सादर नमन। उनके आदर्श, मूल्य, त्याग और बलिदान मानवता के लिए सदैव प्रेरणाोत रहेंगे। कांग्रेस महासचिव वाड्रा ने कहा कि नौवें गुरु तेग बहादुर जी ने विश्व को शांति और मानवता का रास्ता दिखाया। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा, सिख धर्म के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर उन्हें सादर नमन। गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवता, सेवा, त्याग, प्रेम और एकता का प्रकाश फैलाकर विश्व को रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा सदैव हम सबका मार्गदर्शन करेंगी।

### मोदी ने गुरु तेग बहादुर को किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर को उनकी शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर हम उनके अद्वितीय साहस और बलिदान को नमन करते हैं।



सेंसेक्स 84587.01
निफ्टी 25884.80



सोना रु. 127190
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 167000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट जारी सेंसेक्स 314 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.70 अंक (0.37 प्रतिशत) टूटकर 84,587.01 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 74.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत गिरकर 25,884.80 अंक पर बंद हुआ। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। रियलिटी, बैंकिग, फार्मा, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों की कंपनियों में लिवाली देखी गई। दिग्गज कंपनियों के उलट मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.56 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,596 के शेयरों में तेजी और 1,540 में गिरावट रही जबकि 78 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 के शेयर लाल निशान में और अन्य छह के हरे निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में सबसे अधिक 1.62 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.59 फीसदी, इंफोसिस का 1.25, पावरग्रिड का 0.99, एचडीएफसी बैंक का 0.92 और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 0.82 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, टीसीएस, टाइटन और सनफार्मा के शेयर भी आधा फीसदी से ज्यादा लुढ़क गए। मारुति सुजुकी, एलएंडटी, हिदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# सोने में तूफानी तेजी, चांदी ने भी मारी छलांग

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन के बीच सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तूफानी तेजी आई है। मंगलवार को देश के अलग-अलग शहरों में सोना महंगा हुआ है। राजधानी में सोने की कीमत में 2120 रुपये प्रति ग्राम की बड़ी तेजी आई है।चांदी की कीमत में भी 4000 रुपये प्रति किलो का उछाल आया। 24 कैरेट सोने की कीमत 1910 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ, जिसके बाद इसका भाव 1,27,190 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। यूपी की राजधानी लखनऊ में 24 कैरेट सोने का भाव 2120 रुपये के उछाल के बाद 1,27,490 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मेरठ में इसका भाव 1,27,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

बाजार खुलने के साथ आज चांदी 4000 रुपये प्रति किलो महंगा हुआ है, जिसके बाद उसका भाव 1,67,000 रुपये प्रति किलो हो गया। सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों की एक वजह ये भी है कि अब यह निवेशकों की पसंद बन रही है। लोग ज्वैलरी में कम और निवेश के लिहाज से इसकी ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। एचएसबीसी ने अपनी थिंक फ्यूचर्स 2026 रिपोर्ट में कहा है कि गोल्ड की कीमतों में तेजी जारी रहने की संभावना है। इसकी वजह केंद्रीय बैंकों की तरफ से गोल्ड की खरीदारी है। इसके अलावा गोल्ड ईटीएफ में भी निवेश जारी रहेगा। इससे गोल्ड की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। एचएसबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक गोल्ड की कीमतें अभी कंसालिडेशन के फेज में प्रति औंस +4,000 के करीब चल रही हैं। शॉर्ट टर्म में कंसालिडेशन कुछ समय तक जारी रह सकता है। उसके बाद गोल्ड के फिर से रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

# चावल, चीनी में टिकाव, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के भाव स्थिर रहे। चीनी में भी टिकाव रहा। आवक बढ़ने से गेहूं में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,854.80 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और 2,855.62 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गई। दालों में घट-बढ़ रही। उड़द दाल की औसत कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मूंग दाल भी 18 रुपये सस्ती हुई। चना दाल के भाव लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे। मसूर दाल 11 रुपये और तुअर दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 65 रिंगिट फिसलकर 3,990 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 0.67 प्रतिशत टूटकर 50.18 डॉलर बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत भी 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल के भाव 22 रुपये और सूरजमुखी तेल के 37 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वनस्पति 77 रुपये और पाम ऑयल 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ, जबकि चीनी की कीमत में टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7868.92 रुपये, मसूर काली 8163.74 रुपये, मूंग दाल 10097.91 रुपये, उड़द दाल 10370.43 रुपये, तूअर दाल 10619.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.62 रुपये और चावल 3854.80 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3307.63 प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़: चीनी एस 4323.02 रुपये और गुड़ 4988.45 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।



# कैप्टन सैंड्रिमा अशोक चुने गए बेस्ट ऑल-राउंड अधिकारी

### कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित, एमओबीसी का सफल समापन

**लखनऊ।** मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-254 के सफल समापन पर ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज (ओटीसी), आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में मंगलवार को एक कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। नौ सप्ताह के इस कोर्स में युवा आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स को इंटेंसिव काम्बैट मेडिकल सपोर्ट ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे वे अपनी ड्यूटी अच्छे से कर सकें और इन युवा प्रोफेशनल्स को यूनिफॉर्म में मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स में बदला जा सके।

इस मौके पर कैप्टन सैंड्रिमा अशोक को कोर्स का बेस्ट ऑल राउंड ऑफिसर चुना गया और उन्हें कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी दी गई। उन्हें फील्ड इवेंट्स में बेस्ट ऑफिसर चुने जाने के लिए भी मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी दी गई। मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि ऑफिसर्स ने ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट (एटीएलएस) प्रोवाइडर कोर्स में भी हिस्सा लिया। उन्हें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के बारे में सिखाया गया, जो आज की पीढ़ी के युद्धों को आकार दे रही है। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम में त्रिसेवा प्रतिनिधित्व वाली 34 महिला अधिकारियों सहित 123 अधिकारी शामिल थे। परेड को सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित किया गया। कोर्स समापन परेड की समीक्षा सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के ऑफिसिएटिंग कमांडेंट मेजर जनरल कंवरजीत सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान 200 से अधिक गौरवान्वित माता-पिता और अधिकारियों के करीबियों के साथ बड़ी संख्या में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा अधिकारियों ने परेड देखी। युवा ऑफिसर्स को संबोधित करते हुए समीक्षा अधिकारी मेजर जनरल कंवरजीत सिंह ने मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-254 के ऑफिसर्स की तरफ से परेड के बहुत अच्छे संचालन के लिए ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज के कमांडेंट और चीफ इंस्ट्रक्टर मेजर जनरल वीके पात्रा की तारीफ की। जनरल ऑफिसर ने कोर्स ऑफिसर्स को उनके शानदार टर्नआउट के लिए भी बधाई दी। उन्होंने ऑफिसर्स को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दिए गए ज्ञान को लगातार अपग्रेड करने और उस पर काम करने की भी सलाह दी।

# राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अफसरों ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के 76वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की, जहां राष्ट्रपति ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए सेवाकाल में नवोन्मेषी और आदर्श बने रहने की सलाह दी।

श्रीमती मुर्मू ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए राजस्व संग्रह महत्वपूर्ण है, क्योंकि राजस्व ही बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण का वित्तपोषक है। यही वित्त पोषण राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनता है इसलिए कर संग्रह की सुचारू प्रक्रिया होनी चाहिए, जिसमें करदाता को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी राजस्व सेवा अधिकारी प्रशासक, जांचकर्ता, व्यापार के सुविधा प्रदाता और कानून के प्रवर्तक सहित कई रूप में अपनी भूमिकाएं निभाएंगे। राजस्व अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के प्रहरी हैं। राजस्व अधिकारी तस्करी, वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध व्यापार के खिलाफ देश की रक्षा करते हैं और वैध वाणिज्य और वैश्विक व्यापार साझेदारी को सुविधाजनक बनाते हैं।

### राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह आज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में बुधवार को यहां संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा अन्य मंत्री शामिल होंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि संविधान दिवस 2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय समारोह बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। यह अवसर भारत द्वारा संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और दोनों सदनों के सांसद इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री बिरला और श्री राधाकृष्णन सभा को संबोधित करेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैसाअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अलग-अलग हादसों में छह लोगों की दर्दनाक मौत, कई गंभीर

## जानसठ मार्ग पर डीसीएम लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई जहां शहजाद व आशू की मौत हुई और शाहपुर मार्ग पर अंकुर व बिट्टू हादसे का शिकार हुए, परिवारों में मचा है कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को शाम से लेकर देर रात्रि तक अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई घरचाओं में चार लोगों को दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई लोग मरणासन अवस्था में है। पहली घटना पानीपत खटीमा मार्ग जानसठ के सिखेडा क्षेत्र में हुई। दूसरी घटना बुढ़ाना रोड पर हुई जिसमें रिक्शा सवार एक मिस्त्री की मौत हो गई और तीसरी घटना शाहपुर क्षेत्र में हुई जहां पानीपत से शादी में शामिल होने आए बाइक सवारों को रोड पर खडे हुए को टक्कर मार दी जिसमे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और उसके भाई की हालत गंभीर है। तीनों थानों की पुलिस ने कार्यवाही


मृतक शहजाद का फाइल फोटो

करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जैसे ही यह खबर परिवार वालों को लगी तो यहां को. हराम मच गया और पोस्टमार्टम के बाद तीन शवों को सुपुर्व-ए-खाक कर दिया गया जबकि एक शव का अंतिम संस्कार पानीपत में हुआ।

मूलरूप से ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जटवाडा निवासी 30 वर्षीय मौ. शहजाद पुत्र मौ. इलियाश की शादी खालापार कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रहमतनगर में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से मौ. शहजाद रहमतनगर में ही रहने लगा था। मौ. शहजाद डीसीएम से भाडे का सामान ढोता है। बताया जाता है कि सोमवार को मौ. शहजाद पडौस जानकारी पुलिस को दी। कुछ ही देर में दोनो को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मौ. शहजाद को मृतक घोषित कर दिया गया और आशू की मेरठ जाते-जाते मौत हो गई। पुलिस ने किसी तरह नाम पते ज्ञात किए और इसकी जानकारी दोनो के परिजनों को दी तो जहां मौ. शहजाद के परिवार में रोना पीटना पड़ गया तो वहीं आशू के परिवार की शादी की खुशिया रंज और गम में बदल गई। इस समय दोनो के परिवारों से रोने बिलखने और चीखने चिल्लाने की आवाजे गूंजने लगी। फिलहाल पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करा दिया है।

वहीं दूसरी और शाहपुर थाना क्षेत्र के समीपवर्ती गांव सांझक निवासी 35 वर्षीय बिट्टू पुत्र विजय पाल पुरकाजी की एक फरनस कम्पनी में मिस्त्री था। बीती रात विटू डड्ूटी के बाद पुरकाजी से अपने घर लौट रहा था। बताया जाता हैं कि बिटू गांव के हो रिक्शा चालक नईम पुत्र कल्लू के साथ गांव जा रहा था। जहां बुढ़ाना मोड के निकट अचानक हादसे में बिटू की मौत हो गई। जैसे ही यह खबर परिजनों को लगी तो वह मौके पर पहुंचे और पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस अभी तक इस मामले को हादसा बता रही है तो वहीं बिटू के परिजन नईम को संदेह की नजर से देख रहे है। फिलहाल पुलिस ने बिटू के शव का पोस्टमार्टम करा दिया। एक अन्य घटना बुढ़ाना मार्ग - शाहपुर क्षेत्र में हुई। बताया जाता है कि हरियाणा राज्य के पानीपत धूम. सिंह नगर 35 वर्षीय अंकुर कुमार पुत्र सुरेन्द्र पानीपत में रहकर सिलाई का काम करता है और उसका भाई विशाल शाहपुर क्षेत्र मे रहता है। गत दिवस अंकुर अपनी रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था।

शादी के बाद देर रात करीब एक बजे के बाद अंकुर व उसका भाई विशाल बाइक द्वारा शाहपुर क्षेत्र में जा रहे थे। अंकुर के रिश्तेदार का कहना है कि वह विशाल सड़क पर खड़े होकर पैसाब कर रहा था कि अचानक तेज श्गति से आई बाइक ने उसको रौंद डाला जिससे अंकुर कीमौत हो गई और विशाल की हालत गंभीर है। पुलिस ने अंकुर के शव का भी पोस्टमार्टम करा दिया है और इस मामले की छानबीन की जा रही है।

### शादी की गाड़ी पेड़ से टकराई, दो की मौत

**छपार।** बरला- बसेडा मार्ग पर एक शादी समारोह से लौटते हुए कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई जिससे उसमें सवार दो युवक गंभीर घायल हो गये जबकि चालक सुरक्षित है। दोनों घायलों को पुलिस ने जिला चिकित्सालय भेज दिया वहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

उत्तराखंड प्रदेश के जनपद हरिद्वार के थाना बहादराबाद गांव दौलतपुर निवासी तैतिस वर्षीय वंश पुत्र खडक सिंह, पैंतीस वर्षीय राहुल कश्यप पुत्र रमेश व गौरव पुत्र देवदास अपनी कार से थाना भोपा क्षेत्र के गांव रसूलपुर अपने गांव की बारात में आये हुए थे मंगलवार की रात्रि करीब साढ़े सात बजे अपने गांव वापस लौट रहे थे। जब वे बरला- बसेड़ा मार्ग पर कैशव पोलीटेक्निक के निकट पहुंचे तो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई जिससे वंश व राहुल गंभीर घायल हो गये जबकि चालक गौरव को चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को ऐम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय भेज दिया वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।


मुजफ्फरनगर: जीआईसी मैदान में आज होने वाली संविधान बचाओ की रैली की तैयारियां।

# हत्या करके शव राजबाहे में फेंका, एसपी मौके पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अज्ञात व्यक्ति की हत्या करके शव को बोरे में बंद कर उसको तितावी क्षेत्र के गांव मांडी स्थित शमशान घाट के निकट राजबा. हे में फेंक दिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। और उसकी पहचान कराने के प्रयास किए।

काफी प्रयासों के बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस का कहना है कि शव पीछे से बहकर आया है और मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। 24 घंटे बीतने के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। सोमवार की रात तितावी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मांडी के निकट शमशान घाट के निकट राजबाहे में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची इस समय यहां लोगों की भीड इकट्ठा थी और ग्रामीण मृतक की पहचान करने के प्रयास कर रहे थे, लेकिन काफी समय बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी।

घटना को जानकारी मिलने पर एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ फुगाना रूपाली राव भी मौके पर पहुंच गई और उन्होने भी मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह के सवाल उठ रहे है। शव पीछे से बहकर आया है या आस-पास के व्यक्ति का है और हत्या करके शव किसने फेका है अब पुलिस इसकी छानबीन में जुट गई है।,


मुजफ्फरनगर: जिला पंचायत सभागार में पुरस्कृत करते मण्डलायुक्त।

# महिला व देवर के साथ मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**मोरना।** दो सप्ताह पूर्व खाईखेड़ा गांव में आधा दर्जन आरोपियों ने घर मे घुसकर मारपीट कर महिला सहित तीन व्यक्तियों को घायल कर दिया था। दिव्यांग व्यक्ति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार को पुलिस ने मामले मे फरार चल रहे चार आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेई ने बताया की पुलिस ने वांछित धरपकड़ अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के ककरौली गांव स्थित तेवडा बाग से वांछित चल रहे आरोपी प्रवेज,इक़बाल,मोहसिन,जावेद को गिरफ्तार किया। जिनके पास से एक जोड़ी कुंडल व एक मोबाइल बरामद हुआ है। अभियुक्तों को न्यायलय के सम्मुख प्रस्तुत किया गया है।वहीं बीते 11 नवंबर को खाई खेड़ा निवासी शाहनजर ने मुकदमा दर्ज कराकर बताया था की वह परिवार के साथ घर में बैठा था। तभी गांव निवासी छः व्यक्ति धारदार हथियार लेकर घर मे घुस आए तथा गाली-गलौच करते हुए उसके व भाई के साथ मारपीट करने लगे। शाह नजर ने बताया कि मारपीट के दौरान उसका भाई नईमुज्जमा बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी उसके बेहोश भाई को उठाकर ले जाने लगे तो शाह नजर की पत्नी ने विरोध किया तभी आरोपियों ने शाह नजर की पत्नी के सिर में लोहे की रॉड से वार कर बेहोश कर दिया।इस दौरान महिला के कान के कुंडल व एक मोबाइल गायब हो गये थे। पुलिस ने आरोपी इम्तियाज, इकराम,प्रवेज, जावेद, मो. निस, मोहसिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

# मरे हुए को बनाया शातिर का जमानती

## एसपी सिटी की छानबीन में खुली पोल, मेरठ के एसपी को कार्यवाही के लिए की गई संस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अगर रस्सी का सांप बनाना जानती है तो अपराधी भी अपने फायदे के लिए तरह-तरह के हत्थकंडे इस्तेमाल करने से नहीं चुकता, चाहे वो रूपयों की ठगी या विदेश भेजने के नाम पर लोगों से हेरा-फेरी करना हो इतना ही नही अब जमानत भी मरे हुए लोगों के काग. जों पर ली जा सकती है, ऐसा एक गैंगस्टर के आरोपी ने साबित कर दिया है। गैंगस्टर के आरोपी की जमानत मृतक व्यक्ति के कागजों पर ले ली गई है और जब कोर्ट ने जमानतियों को तलब करने के लिए अधिकारियों को एक पत्र भेजा तो छानबीन में पता चला कि अपराधी भी कानून की आंखो में धूल झोंक सकता है। अब पुलिस ने इस मामले की हेरा-फेरी करने वाले के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। इस पूरे प्रकरण की जांच पडताल एसपी सिटी द्वारा की गई।

बताया जाता है कि गैंगस्टर और जमानती को कोर्ट बार-बार तलब कर रही थी, लेकिन न तो गैंगस्टर कोर्ट में पेश हुआ और न ही जमानती ने कोर्ट में पेश होकर कोई सफाई दी इसके बाद जमानतियों के सत्यापन की कार्यवाही शुरू की गई और इस मामले की सच्चाई जानने के लिए एसपी सिटी सत्यानारायण प्रजापत को सौंपी गई जहां प्रजापत ने मेरठ के थाना हस्तिनापुर के रिकॉर्ड की जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस के संज्ञान में आया कि जिस मामले में दो भाईयों को जमानती बनाया गया था उसमें से एक भाई की चौदह साल पहले मौत हो गई, जबकि दूसरे भाई ने गैंगस्टर की जमानत नहीं ली। इसके बाद इस मामले में जनपद मेरठ के एसएसपी से सम्पर्क किया गया जहां जांच पडताल के बाद आरोपियों की खिलाफ कार्यवाही की संस्तुति हुई। बताया जाता है कि जनपद मेरठ के नीरज बाबा को खतौली कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर में नियुक्त किया था।

इस मामले में बाबा की जमानत हस्तिानपुर के प्रताप सिंह और तिलक सिंह ने ली थी और पुलिस सत्यापन के बाद गैंगस्टर को रिहाई मिल गई थी, लेकिन उसके बाद बाबा कोर्ट में पेश नहीं हुआ इसी के चलते कोर्ट ने बाबा के जमानतियों को तलब किया, लेकिन जमानती भी कोर्ट में पेश नहीं हुए। इसके चाद जनपद के पुलिस मुखिया को कोर्ट ने जमानतियों के सत्यापन के लिए कहा जिसके बाद इस मामले में एसपी सिटी सत्यानारायण प्रजापत ने जमानितयों के बारे में छानबीन कराई और हस्तिनापुर के थाने में रजिस्टर का अवलोकन कराया गया।

इसके बाद ही पुलिस के सामने आया कि जमानती फर्जी तरीके से मनाए गए थे। छानबीन के बाद एसपी सिटी ने गैंगस्टर कोर्ट को रिपोर्ट भेजी है। और जनपद मेरठ के एसएसपी को जमानतदारों के फजबंवाडे की कार्यवाही की संस्तुति की।

एसपी सिटी का कहना है कि थाना स्तर पर पहले पैशेवर जमानतदारों की सूचीबद है, लेकिन अब सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# गैंगस्टर की लाखों की संपत्ति जब्त

■ सिविल लाइन पुलिस ने गौकसी के मामले में की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद पुलिस शातिर अपराधियों पर लगातार कार्यवाही कर रही है। जिस तरह का अपराधी पुलिस उस पर ऐसे ही शि. कंजा कस रही है। यही कारण है कि धीरे-धीरे अपराधियों के हौंसले दुरूस्त होते जा रही है इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि अपराधों का ग्राफ घटा है, लेकिन यह भी झुठिलया जा सकता कि पुलिस कार्यवाही में कोई कमी छोड रही है। हाल ही में सिविल लाइन पुलिस ने एक गैंगस्टर पर शिकंजा कसते हुए उसकी करीब साढ़े बारह लाख रूपयें की सम्पत्ति जब्त करने की कार्यवाही की है।

बता दे कि शासन की नीति के तहत जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार कार्यवाही कर रहे है।

इसी के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस एसपी सिटी के निर्देशन में इमरान उर्फ लाला पुत्र अमीर अहमद उर्फ मुन्ना निवासी लिकडा पटी सुजडू थाना खालापार की साढ़े बारह लाख की सम्पत्ति जब्त की है। पुलिस का कहना है कि इमरान के विरूद्धकरीब चार मुकदमे दर्ज है और उसने अवैध रूप से धन इकठा किया था। इसी के तहत पुलिस ने यह कार्यवाही की है।

# एसआईआर मामले में अधिकारी व बीएलओ को नोटिस

## प्रशासन ने माना कार्यवाही में लापरवाही, 21.12 लाख मतदाताओं का होना है एसआईआर

■ 22 अधिकारियों से मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसआईआर को लेकर प्रशासन शासन की नीति के तहत कार्य कर रहा है और जनपद का प्रशासन इस मामले में कोई लापरवाही छोडना नहीं चाहता। इसी के चलते प्रशासन ने करीब सिटी मजिस्ट्रेट सहित करीब 22 अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। प्रशासन का मानना है कि एसआईआर मामले में ढिलाई बरती जा रही है और कार्यवाही धीमी गति से चल रहा है। इस मामले में उच्च स्तर के अधिकारियों ने भी नाराजगी जताई है, ऐसी जानकारी मिली है। सुनने में आ रहा है कि अब तक 22.05 प्रतिशत मतदाताओं के एसआईआर फार्म अपलोड किए गए है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन की नीति के अनुसार प्रशासन एसआईआर को गंभीरता से करा रहा है और इसमें अधिकारियों की डड्ूटी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरणअधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के तौर पर लगाई है। जनपद में अब तक 21.12 लाख मतदाताओं का एसआईआर हुआ है। है। इसके लिए 1980 बूथों को आधार मानकर कार्यवाही चल रहा है। इसकी निगरानी का जिम्मा जिला स्तरीय और तहसील अधिकारियों को सौंपा गया है। अब तक के आंकडों को देखा जाए तो 465771 मतदाताओं का एसआईआर बीएलओ ने पोर्टल पर अपलोड किए है जबकि चार नवंबर से चार दिसम्बर तक चलने वाले एसआईआर अभियान के नौ दिन ही शेष बचे हैं और समयवधि बढ़ाई जाए ऐसी कोई संभावना भी नजर नहीं आ रही है, क्योकि यह अभियान यूपी के अलावा करीब 12 अन्य राज्यों में भी चल रहा है। एसआईआर कार्यो में लापरवाही व धीमी गति नज नजर आ रही है जिसमें ईआर ओ विधानसभा सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर और जिला गन्ना अधिकारी संजय सिंह सिसौदिया और जिला समाज कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी सदर ध्यान चंद को इस मामले में नोटिस जारी किया गया और स्पष्टीकरण भी मांगा गया। इसी क्रम में करीब डेढ़ दर्जन बीएलओ को नोटिस जारी करते हुए उनसे भी स्पष्टीकरण मांगा गया। प्रशासन का कहना है कि एसआईआर मामले में लाप. रवाही धीमी गति कताई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



मुजफ्फरनगर:गौकश की सम्पत्ति जब्त कर सूचना पट लगाती पुलिस।

### आज काली पट्टी बांध एसडीएम को देंगे ज्ञापन

**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना द्वारा यह अवगत कराया जाता है कि महिला आयोग की एक सदस्या द्वारा हमारे मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुज़फ़्फ़रनगर के विरुद्ध लगाए गए आरोप पूर्णतया निराधार, असत्य एवं तथ्यहीन हैं। स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी इन आरोपों का कड़ा विरोध करते हैं और इस प्रकरण में सच्चाई को सामने लाने के लिए निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। इसी क्रम में बुधवार के दिन स्वास्थ्य विभाग बुढ़ाना के सभी अधिकारी और कर्मचारी काली पटी बांधकर अपने अपने कार्यस्थलों पर नियमित रूप से कार्य करेंगे ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि विरोध केवल झूठे आरोपों के विरुद्ध है जनता की सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा नही। इसके अतिरिक्त बुधवार को ही सायं तीन बजे सामूहिक रूप से उप जिला अधिकारी बुढ़ाना को ज्ञापन सौंपा जाएगा।


मुजफ्फरनगर: फिल्म स्टार धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देती जाट महासभा।

# फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र को जाट महासभा ने दी श्रद्धांजलि

## उनके निधन से लाखों प्रशंसक हुए मायूस, कई लोगों का धर्मेन्द्र से रहा है नजदीकी नाता

■ पिछले कई दिनों से लोग देख रहे है धर्मेन्द्र की पुरानी फिल्में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र के निधन से देश भर में शोक की लहर है। उनके प्रशंसकों और फिल्म जगत से जुड़े लोगों ने उनके योगदान को याद किया। धर्मेंद्र ने 65 वर्षों तक फिल्म उद्योग में सक्रिय रहकर एक लंबा और सफल करियर बनाया।

फिल्म जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इसके अतिरिक्त, वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से बीकानेर से सांसद भी रहे। उनके निधन के बाद, मुजफ्फरनगर जनपद में आज शाम 4 बजे राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस सभा में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर धर्मेंद्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और फिल्म जगत में उनके योगदान को याद किया। यह कार्यक्रम जाट महासभा द्वारा आयोजित किया गया था। जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने इस अवसर पर कहा कि धर्मेंद्र सर्व समाज के चहेते थे, लेकिन उन्हें इस बात पर विशेष गर्व है कि धर्मेंद्र ने उनके समाज में जन्म लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे हीरे को खोना दुखद है।

जब से मैंने होश संभाला है, तब से लेकर आज तक मैंने धर्मेंद्र जैसा हीरो नहीं देखा। उनका रौब, उनका ओरा ऐसा था कि फिल्मों में भी अगर वे किसी को चांटा मारते थे तो वह दर्शकों को बिल्कुल असली लगता था। कहते थे - ष्जाट के हाथ का थप्पड़ था, तगड़ा ही लगेगा।ष यह प्रभाव उनकी रील लाइफ में भी था और रियल लाइफ में भी।वे 89 वर्ष के हो चुके थे और 15 दिन बाद 90 वर्ष के होने वाले थे। इस उम्र में भी काम कर रहे थे। लगातार 65 साल तक फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रहना अपने आप में इतिहास है। शायद ही कोई दूसरा स्टार हो जिसने इतना लंबा करियर इतनी सक्रियता से जिया हो।समाज में उनकी सबसे बड़ी पहचान यह थी कि वे ग्रामीण संस्कृति और अपनी जड़ों से जुड़े रहे। आज भी अगर उनके गांव का कोई गरीब मजदूर उनसे मिलता था, तो वे उसे दिल से अपनाते थे। वे समझ लेते थे कि सामने वाला व्यक्ति सच में मिलने आया है या सिर्फ औपचारिकता निभा रहा है। उन्होंने कभी किसी को निराश नहीं किया।हमारा सौभाग्य रहा कि 2007 में तालकटोरा स्टेडियम में जाट महासभा के एक कार्यक्रम में हम उनसे मिले थे। इच्छा थी कि दोबारा भी मिलें, लेकिन समय ने मौका नहीं दिया। परमात्मा करे कि अगले जन्म में ऐसा अवसर मिल सके। धर्मेंद्र हमारे बीच नहीं रहे- यह दर्द भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन विधि का विधान है -जो आया है, उसे एक दिन जाना ही है। धर्मेंद्र का इतने साधारण तरीके से अंतिम संस्कार होना समझ से परे है। परिवार ने ऐसा क्यों किया, यह बात किसी की समझ में नहीं आ रही। उनकी फैन फॉलोइंग बहुत बड़ी थी।

# एसआईआर फीडिंग अभियान ने पकड़ी रफ्तार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील क्षेत्र में मतदाता सत्यापन के लिए चल रहा एसआईआर (स्पेशल समरी रिव.ीजन) फीडिंग अभियान अब रफ्तार पकड़ चुका है। एसडीएम निकिता शर्मा के निर्देशन में तहसील, नगर पालिका और ब्लॉक प्रशासन की संयुक्त टीमें दिन रात लगातार 16 घंटे तक फीडिंग कार्य में जुटी रहीं। सोमवार की देर रात करीब दो बजे तक तहसील परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रियता बनी रही, जिससे प्रशासनिक गंभीरता साफ झलकी।

इस अभियान में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल, पटवारी, अमीन, लिपिक सहित पालिका और ब्लॉक के सभी स्तरों के कर्मचारी शामिल रहे। सभी अपने-अपने सिस्टम के साथ लगातार शाम से देर रात तक डेटा फीडिंग में व्यस्त दिखे। एसडीएम निकिता शर्मा ने बताया कि एसआईआर फीडिंग एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करना उनकी प्राथमिकता है, इसलिए प्रशासनिक मशीनरी को एकजुट कर अभियान को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देर रात तक चल रहे फीडिंग कार्य का उद्देश्य केवल समय से पहले लक्ष्य प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि मतदाता सूची में शत प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित करना है। इस दौरान एसडीएम समय समय पर फीडिंग सभागार का निरीक्षण करती रहीं और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाती रहीं। खतौली नगर व ग्रामीण क्षेत्र में करीब साढ़े तीन लाख मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से लगभग 30 प्रतिशत से अधिक का एसआईआर



फीडिंग कार्य पूरा किया जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि जिस तेजी से अभियान आगे बढ़ रहा है, उससे उम्मीद है कि निर्धारित समय से पहले ही पूरे क्षेत्र में फीडिंग का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि अभियान की निरंतरता और विभागों की संयुक्त मेहनत से खतौली जल्द ही एसआईआर फीडिंग में शत प्रतिशत उपलब्धि दर्ज करने वाला क्षेत्र बन जाएगा।

# एसआईआर फार्म भरवाने को लग रहे हैं कैम्प

**बुढ़ाना।** जमियत उलेमा ए हिंद बुढ़ाना शाखा क़स्बे व गांवों में कैंप लगाकर एसआईआर फार्म भरने का काम कर रही है। जमीयत के लोग पूरी मेहनत कर रहे हैं और पूरे क्षेत्र में उनकी मेहनत व काम की सराहना हो रही है।

तहसील बुढ़ाना क्षेत्र में क़ारी ज़ाकिर हुसैन के निर्देश पर एसआईआर को लेकर अत्यंत चिंता.जनक व महत्वपूर्ण काम चल रहा है। तहसील बुढ़ाना के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने बताया कि हमारी पूरी टीम पास के गांवों में पूरी लगन के साथ काम कर रही है। गांव में पूरी निगरानी हो रही है। कई गांवों में जमीयत कार्यकर्ता बड़ी लगन से काम कर रहे हैं। गांव उमरपुर में मौलाना फारूक, क़ारी अब्दुल्ला व अन्य साथी, गांव बसी खुर्द में कारी ज़ाकिर व उनके साथ कई स्थानीय साथी, रसूलपुर दभेड़ी गांव में मौलाना ख़ालिद व मौलाना बिलाल, गांव गढ़ी सखावतपुर में मौलाना दिलशाद और स्थानीय टीम, गांव भसाना में कारी रियासत इमाम मदीना मस्जिद, हाफ़िज़ आस मोहम्मद इमाम सड़क वाली मस्जिद और अनवर प्रधान की निगरानी में जमीयत के कारकुनान काम कर रहे हैं। जहां जहां भी जमीयत उलेमा के कार्यकर्ता काम कर रहे हैं वहां के स्थानीय लोग बहुत खुश और संतुष्ट हैं। बुढ़ाना में जमीयत उलेमा की तरफ से लगभग छह जगह कैंप लगे हुए हैं और इसके अलावा गाँवों में जैसे गढ़ी सखावतपुर, रसूलपुर दभेड़ी, बसी खुर्द, लोई, पलड़ी, उमरपुर, भसाना और अन्य स्थानों पर नए कैंप भी लगाए जा रहे हैं। मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी की तरफ से यह भी बताया गया कि हम लगातार गांवों का जायज़ा ले रहे हैं और जहाँ जैसी ज़रूरत है वहाँ उसके मुताबिक़ काम किया जा रहा है। बुढ़ाना क़स्बे में पुल पार बस्ती, गढ़े वाली बस्ती, मोहल्ला पीर शाह विलायत, आइशा मस्जिद वाला मोहल्ला, पछाला



मोहल्ला में सितारा मस्जिद के पास हाफ़िज़ सज्जाद और हाजी शाहिद की निगरानी में और खतौली मोड़ पर हाफ़िज़ तनवीर और अन्य साथियों के साथ हमारी टीम काम अन्जाम दे रही है। जब बुढ़ाना जनरल सेक्रेटरी हाफ़िज़ अय्यूब त्यागी ने कार्य रिपोर्ट कारी ज़ाकिर हुसैन जनरल सेक्रेटरी ज़िला मुज़फ्फरनगर के सामने पेश की तो उन्होंने कहा कि जमीयत उलेमा के कार्यकर्ताओं की मिसाल बादल की तरह है जहां ज़रूरत होती है वहीं जाकर वे ज़रूरत पूरी करते हैं और जब मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने ज़िला अध्यक्ष मौलाना डॉक्टर जमालुद्दीन के सामने रिपोर्ट पेश की तो उन्होंने दुआओं से नवाज़ा साथ में है हाफिज अय्यूब त्यागी, शहज़ाद, असगर कुरैशी और हाफिज मुरसलीन आदि उलेमा मौजूद थे।

# नागरिकता कानून को पूरे देश में लागू करने की जरूरत:निशंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि समान नागरिकता कानून पूरे देश में लागू करना वक्त की मांग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे बिश्व में भारत का सम्मान बढ़ा रहा है। वो दिन दूर नहीं, जब भारत फिर से बिश्व गुरू बनेगा। निशंक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश विकास और विश्वास की नई गाथा लिखने जा रहा है।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक मंगलवार को भीम कंसल के आवास पर संत विजय कौशल जी महाराज का आशीर्वाद लेने आए हुए थे जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास,बिश्वास और प्रयास के मूलमंत्र पर काम करते हुए आम जनमानस की सेवा में जुटी है। तमाम कल्याणकारी योजनाओं का लाभबिना भेदभाव के तमाम वर्गो तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने समान नागरिकता कानून की वकालत करते हुए कहा कि भाजपा की धामी सरकार ने उत्तराखंड इस कानून को सबसे पहले लागू किया है। यह कानून वर्तमान में वक्त की मांग की। मोदी सरकार ने धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया, जिसकी वजह से आज जम्मू कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है। यही नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश दिन-रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। बिश्व में भारत का गौरव बढ़ रहा है। पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री निशंक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के आने के बाद उत्तर प्रदेश की काया पलट ही हो गई है। पहले पूरे देश में यूपी की छवि जंगलराज जैसी थी, लेकिन योगी के नेतृत्व में प्रदेश में नए युग की शुरूआत हुई है। तेजी से विकास के साथ कानून व्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है। देश की लोकतांत्रिक और राजनीतिक व्यवस्था में यूपी के योगदान को नजरदांज नहीं किया जा सकता है। उन्हें मोदी सरकार में शिक्षा मंत्री रहकर नई शिक्षा नीति 2020 को स्वरूप देने का सौभाग्य मिला। भारत की यह नई शिक्षा नीति गैम चौजर का काम करेगी। यहां उनका स्वागत श्री कृष्ण कंसल, भीम कंसल, अनिल कंसल, जेपी गोयल, अशोक गर्ग,रजत गोयल ,रजत राठी, अमरीश सिंगल ,योगेश



गोयल आदि ने किया ।बाद में श्री निशंक राज्य मंत्री कपिल देव के आवास पर भी गए मंत्री कपिल देव ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर पूर्व सीएम डॉ निशंक का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजेंद्र पाल, जिला महामंत्री रोहित वाल्मीकि, विशाल गर्ग, रोहताश पाल, सभासद नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, बृजेश कुमार, अनुज गोयल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सुल्तान खानदान ने किया जहीर फारूकी का अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** नगर पंचायत के मौहल्ला खेड़ा दरवाजा वार्ड 6 में गाड़ो के एक मजबूत गढ़ में भी नगर चैयरमैन जहीर फारूकी को सुल्तान खानदान के जिम्मेदार लोगों द्वारा अपने आवास पर बुलाकर उनका शानदार स्वागत अभिनन्दन किया गया है। नगर चौयरमैन जहीर फारूकी के विकास कार्यो और कुशल व्यवहार से उनकी लोकप्रिय बढ़ती जा रही है

आयोजित कार्यक्रम में सुल्तान खानदान के जुम्मेदार लोगो ने एकजुट होकर कहा कि चौयरमैन जहीर फारुकी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर हम सब उनके साथ है तथा भविष्य में कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ रहेंगे। इस मौके पर चौयरमैन जहीर फारुकी ने कहा है कि इस वार्ड में बहुत सक्रिय और जिम्मेदार वार्ड सभासद शाहलम गौर हैं और सद्दू गौड मेरे खून के रिश्तों से भी करीब का



साथी है आप सब हमारे परिवार में आज जुड़े हैं मैं और सभासद शाहलम सहित हमारा पूरा ग्रुप आपके साथ दुख सुख में खड़ा रहेगा हम सब मिलकर पुरकाजी को और ज्यादा बेहतर बनाएंगे जहीर फारुकी ने लोगों से कहा कि एसआई आर का फॉर्म भरने के बाद उस भरे हुए फार्म की फोटो स्टेट कराकर उसी पर बी एल ओ से रिसीव जरूर कराएं। इस मौके शराफत अली ,इकबाल,नसीम, ईज सलमान,उवैश गौड, महताब,, गुलशेर,सद्दाम रिसालत, रिहान, शहजाद, आमिर, बदर आलम, शाहलम गौड चाट वाले,जिशान गौड,सद्दू, हाफिज इंतजार, बिलाल गौर जफर गौर आदि जिम्मेदार मौजूद रहे।

# एसआईआर का सर्वे कर फॉर्म किए गए फीड

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव की अध्यक्षता में आज मंगलवार के दिन समूचे बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के आदेश के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के सभी प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षा मित्र और अनुदेशक सभी ने मिलकर एसआईआर का सर्वे कर फॉर्म फीड करने में सहयोग किया और फॉर्मों को भी भरने में पूरा सहयोग दिया। यहां दिन और रात अध्यापक, अध्यापिकाएं तथा बीएलओ एसआईआर के फॉर्मों को भर रहे हैं।

सभी विभागों के द्वारा एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव के निर्देशन में बुढ़ाना तहसील क्षेत्र में पूर्ण लगन और मेहनत के साथ कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी इसी कार्य में लगे मास्टर अमीर द्वारा दी गयी है। उनके अनुसार उनकी टीम ने आज बुढ़ाना कस्बे के लुहसाना रोड पर पुराने बिजलीघर के पीछे स्थित बस्ती में एसआईआर से संबंधित कार्य कर अपने उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पालन कर लोगों का सहयोग किया।



## एसआईआर को लेकर गंभीर दिखे कमिश्नर....

# बीएलओं व सुपरवाइजर को दिए जरूरी निर्देश

**बुढ़ाना।** सहारनपुर मंडल के कमिश्नर डाक्टर रूपेश कुमार ने आज मंगलवार के दिन जनपद मुजफ्फरनगर के जिला अधिकारी उमेश मिश्रा को अपने साथ लेकर बुढ़ाना तहसील क्षेत्र में पहुंचकर बीती 4 नवम्बर से चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कई मतदान स्थलों का निरीक्षण करते हुए एसआईआर अभियान की समीक्षा के साथ साथ समस्त बूथों के लेवल अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर बूथ लेवल अधिकारियों को फॉर्म कलेक्शन व ऑनलाईन फीडिंग का कार्य पूर्ण करने एवं मतदाताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराकर समस्त फॉर्म प्राप्त करने के भी निर्देश दिए। कमिश्नर ने सभी बीएलओ को बतलाया कि आगामी 04 दिसंबर तक एसआईआर के फॉर्म सबमिट करने हैं।

इसलिए कम समय के चलते सभी बीएलओ को अपने कार्यों में तेजी लाएं। यहां एसडीएम अपूर्वा यादव ने सभी वोटरों को जल्द से जल्द अपने फॉर्म भरकर जमा करने



की अपील की। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से अपर जिला अधिकारी फाइनेंस गजेंद्र कुमार, एसडीएम अपूर्वा यादव, बुढाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, बुढाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव, बीडीओ सतीश कुमार और नायब तहस.ीलदार अमन कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डा. सोनू कश्यप ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मलिक टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव खरड के एक भव्य मैदान में सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में मुख्य अतिथि बुढ़ाना क्षेत्र की कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने अपने कर कमलों के द्वारा लाल रंग का फीता काटकर किया।

डाक्टर सोनू कश्यप ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट में हार जीत व्यक्तिगत नही बल्कि खेल की विजय का रूप होता है। क्रिकेट सभ्य समाज का खेल है। जो खिलाड़ियों में अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द की भावना मजबूत होती है। इस टूर्नामेंट में सभी विजेता खिलाड़ियों को कई लाख रुपये के पुरस्कार हाथों हाथ



दिए जाएंगे। इस दौरान क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी के सदस्यों में मुख्य रूप से निविल मलिक, सन्दीप मलिक, राहुल मलिक, फरमान मलिक, मुस्तकीम मलिक और अरशद मलिक आदि ने मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत किया। डा. सोनू कश्यप ने खिलाड़ियों का शुभकामनाओं के साथ उत्साहवर्धन किया। यहां मास्टर सीताराम कश्यप, मुकेश कश्यप उर्फ नानू, अरशद, जिला पंचायत सदस्य पद के निर्दलीय प्रत्याशी मिंटू कश्यप मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर नेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन

**■ मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दीप जलाकर किया शुभारम्भ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** सनातन धर्म कॉलेज सभागार में संविधान दिवस पर गोल्डन पीकॉक फाउंडेशन द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 'संविधान, मेरा स्वाभिमान' का शुभारम्भ हुआ। पहले दिन मुख्य अतिथि राज्य मंत्री द्धस्वतंत्र प्रभारऋ कपिल देव अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सरस्वती वंदना और विद्यार्थियों की सामूहिक योग प्रस्तुति ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक गरिमा जोड़ी।

फाउंडेशन के अध्यक्ष वसीम अहमद ने संस्था के उद्देश्यों और संवैधानिक जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सेमिनार में वक्ता डॉ. ओमदत्त, डॉ. अमित कुमार, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. रवि महेंद्र, डॉ. रूही जावेद और डॉ. संजय कुमार जायसवाल ने संविधान के इतिहास, अधिकारदृकर्तव्य, शासन ढांचे, अर्थव्यवस्था, युवा शक्ति और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर विस्तृत विचार रखे। फाउंडेशन से जुडी वक्ता शाज़िया ने न्यायपालिका और नागरिक अधिकारों पर सरल व्याख्यान प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि भारत का संविधान बिश्व में सर्वश्रेष्ठ है और युवाओं को इसे समझना और अपनाना चाहिए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। आयोजक वसीम अहमद ने कहा कि यह सेमिनार समाज में संवैधानिक चेतना को मजबूत करेगा।

# हरीनाम संकीर्तन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने की प्रभु भक्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ मे स्थित प्रसिद्ध गौड़ीय मठ आश्रम मे अखिल ब्राह्मण नायक श्री गौर सुन्दर श्रीश्री राधा रास बिहारी जी का प्रकटोत्सव अवसर पर श्री हरिनाम संकीर्तन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। वहीं अखंडनाम संकीर्तन मे विभिन्न कीर्तन मंडली ने भक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

गौडिय मठ आश्रम मे जारी कार्यक्रम मे मंगलवार को हरे रामा हरे कृष्णा की जय जय कार कर श्रद्धालू भक्तिमय लीन हो गये। उत्तराखण्ड के शक्ति फार्म, तापस मंडली, शंकर मंडली व बिजनौर से आये नीमबारक सम्प्रदाय के भक्तों ने हारमोनियम,मृदंग, करताल, सारंगी,बांसुरी के साथ हरे रामा हरे कृष्णा हरे हरे की धुन पर विशेष भक्ति नृत्य कर हरी नाम का जप किया।

आश्रम संचालक दंडी स्वामी भक्ति भूषण गोविन्द महाराज ने बताया की अखंडनाम संकीर्तन मे भक्तों द्वारा दिन रात सोलह प्रहरीया निरंतर भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मेले का आयोजन भी किया गया है। इस अवसर पर पूज्यपाद त्रिदंडी स्वामी आचार्यदेव भक्ति किंकर हरिजन गोस्वामी महाराज, पूज्यपाद श्रीमान राधा गोस्वामी बाबा, श्रीपाद एडवैडदास प्रभु श्रीपाद भक्तिभूषण श्रीधर महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम Guljar से बदलकर Gulzar khan रख लिया है अत: भविष्य में मुझे Gulzar khan के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**गुलजार खान पुत्र अफजाल**

पता: 827/400 रहीम नगर अम्बा विहार मुजफ्फरनगर 251002.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री AAYAT BATOOL के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 3370 (जारी करने के दिनांक 23/11/2011) उक्त में त्रुटि वश पिता के रूप में नाम फरुख रजा हो गया है जबकि सभी अभिलेखों में नाम FARRUKH RAZA ZAIDI (फरुख़ रज़ा जैदी) अंकित है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। उक्त में त्रुटि वश माता के रूप में नाम फरीन हो गया है जबकि सभी अभिलेखों में नाम FAREEN FATIMA (फरीन फातिमा) अंकित है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**फरुख़ रज़ा जैदी पुत्र नसीम रज़ा जैदी, निवासी: 837/3, निकट अर्वाचीन स्कूल योगेंद्रपुरी, मुजफ्फरनगर, मो. 9719261155**

# सतसंग में भले ही न जाओ लेकिन कुसंगति से बचों: विजय कौशल

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी रामल.ीला भवन में कंसल परिवार द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री राम अमृत कथा के चौथे दिन संत श्री विजय कौशल महाराज ने भगवान राम के विवाह के बाद उनके नगर लौटने पर अयोध्या में होने वाले उत्सव का बहुत ही सुंदर वर्णन किया।

इस मौके पर विजय कौशल महाराज जी ने भगवान राम के राज.तिलक की तैयारियों का वर्णन करते हुए बताया कि गुरु वशिष्ठ ने भगवान राम को उपदेश दिया कि सत्ता सेवा के लिए होती है उपभोग के लिए नहीं। उन्होंने मंथरा और कैकई के संवाद का वर्णन करते हुए बताया सत्संग में भले ही ना जाओ और कभी कुसंगति में नहीं जाना चाहिए।

मंथरा के प्रभाव से कैकई की सत्संगति नष्ट हो गई। कुसंगति हावी हो गई और उन्होंने राजा दशरथ से दो वरदान मांग लिए। वरदान मांगने के बाद राजा दशरथ की मनोदशा का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया जिससे कथा श्रवण कर रहे लोगों की आंख में आंसू आ गए।

श्रीराम कथा की व्यास पीठ से संत विजय कौशल जी महाराज ने भगवान राम को केकेई द्वारा 14 वर्ष वनवास किए जाने का वर्णन करते हुए बताया कि रानी कौशल्या ने बड़े ही दुखी मन से कहा कि वन में रहने वाले सभी जीव जंतु कितने भाग्यशाली है कि वहां भगवान राम आने वाले हैं।

कथा में मुख्य रूप से कंसल परिवार सहित राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल,सहारनपुर मंडल के मंडल आयुक्त डॉ रूपेश कुमार, जिलाधिक.ारी उमेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिक.ारी कमल किशोर कंडारकर, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, शिवचरण



गर्ग, राहुल गोयल, उद्यमी समाजसेवी सतीश गोयल, राकेश बिंदल, राजेश जैन, राजीव जैन, श्रवण गर्ग, आयुष बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डॉ सुभाष शर्मा, व्यापारी नेता संजय मित्तल, सुभाष जिंदल, आरएसएस के प्रांत संघचालक प्रेमचंद शर्मा बुढ़ाना वाले, अनिल बाबरी वाले, राजीव गोयल, मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा ओमदेव सिंह, पूर्व चेयरमैन अनिल तायल, भाजपा नेता सुनील सिंघल, विशाल गर्ग, सुभाष गर्ग डॉ अशोक गुप्ता, नरेंद्र जिंदल, श्याम सुंदर गुप्ता गणेश प्रसाद। सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे

# केवलानन्द आश्रम मे धूमधाम से मना श्री बांके बिहारी प्रकटोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित श्री 1008 स्वामी केवलानंद आश्रम में मंगलवार को श्री बांके बिहारी प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान की विशेष पूजा की गयी व श्री हरीदास महाराज की भव्य नगर झांकी निकाली गयी। तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे साधु संतो सहित श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या मे भाग लिया।

शुकतीर्थ स्थित केवलानंद आश्रम मे श्री बांके बिहारी प्रकोटत्सव का आयोजन पूर्व वर्षो की भांति धूमधाम से व श्रद्धा पूर्वक किया गया। सर्व प्रथम श्री बांके बिहारी जी का पंचामृत अभिषेक किया गया।

श्री हरीदास महाराज की नगर झांकी निकाली गयी। व श्री बिहारी जी



से मिलन कराया गया। तथा बिहारी भगवान को 56 प्रकार का भोग लगाकर आरती की गयी।कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे साधु संतो सहित तीर्थ नगरी मे आये श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में अध्यक्ष शशांक गर्ग,कोषाध्यक्ष अमित तायल, महामंत्री उदय गर्ग, उमाशंकर गर्ग, नाथीराम,पं. विनोद शर्मा, सुरेशचंद गोयल,अमरीश, वैभव गर्ग, चिरायु गर्ग,सौरभ,अपुल, सुधा गर्ग,जयंती गर्ग, आंचल माहेश्वरी, अंजु गुप्ता, प्रिया अग्रवाल, तनिका, विपिन आदि मौजूद रहे।

**खोया पाया सूचना**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2001 जिसका अनुक्रमांक नम्बर 0359363 व इंटरमीडिएट वर्ष 2003 की मार्कशीट अनुक्रमांक नम्बर 0135689 मार्कशीट एव सनद वास्तव मे कही खो गई है, उसका प्रयोग किसी अन्य के लिए अवैध होगा।

**मौ. ताहिर पुत्र मौ. सलीम**
**ग्राम-शहाबुद्दीनपुर निकट**
**आयशा मस्जिद रहमानिया**
**कॉलौनी मु.नगर**
**मो. न. 7248724234**

नगर में चोरी की बाढ़

# शराब ठेका और मोबाइल टावर पर चोरों का धावा

**पुलिस की लापरवाही से बढ़ रही घटनाएं**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर व देहात में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ते-बढ़ते अब पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द बन गई हैं। एक सप्ताह में कई धड़ाधड़ चोरियां होने से व्यापारियों में दहशत और पुलिस के प्रति रोष दोनों तेजी से बढ़ रहे हैं। सोमवार रात जीटी रोड स्थित एक शराब के ठेके और गांव अंतवाड़ा में मोबाइल टावर पर हुई बड़ी चोरी ने पुलिस गश्त पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**शराब ठेके का ताला तोड़कर एक लाख की नकदी साफ:**मामले के अनुसार, थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर निवासी अजय चौहान का खतौली के गांव तिंगाई के पास जीटी रोड पर शराब का ठेका है। सोमवार रात ठेका बंद कर सेल्समैन घर चला गया। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर ठेके के ताले तोड़ दिए और अंदर रखी करीब 1 लाख रुपये की नकदी व जरूरी कागजात लेकर फरार हो गए। मंगलवार सुबह पास के दुकानदारों ने टूटा ताला देखकर सूचना संचालक को दी। अजय चौहान मौके पर पहुंचे तो अंदर का नजारा देख दंग रह गए बोतलें बिखरी पड़ी थीं और गल्ला टूटा हुआ था। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर जल्द खुलासे की मांग की है। व्यापारियों का आरोप है कि रात्रि गश्त न होने से चोर बेखौफ हो गए हैं।

## टावर पर दूसरी बड़ी वारदात, जनरेटर सहित महंगा सामान चोरी

**खतौली।** उधर गांव अंतवाड़ा में मौजूद जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर के मोबा. इल टावर पर भी चोरों ने बड़ा हाथ मारा। चोरों ने शेल्टर, डीजल और करीब 25 किलो वजनी जनरेटर समेत अन्य जरूरी उपकरण चोरी कर लिए।

मेरठ निवासी मैनेजर मुकेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## व्यापारियों में दहशत, सुरक्षा के लिए खुद कदम उठाने को मजबूर

**खतौली।** लगातार बढ़ रही चोरियों से नगर के व्यापारी बेहद आक्रोशित हैं। एक सप्ताह में कई चोरी की वारदातें होने से लोग अपने प्रतिष्ठानों की सुरक्षा खुद करने पर मजबूर हो रहे हैं। उनका आरोप है कि पुलिस की ढीली रात्रि गश्त चोरों के हौसले बुलंद कर रही है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा और रात्रि गश्त मजबूत करने की मांग की है।

# पुलिस ने बैंकों में चलाया सुरक्षा चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** रामराज थाना क्षेत्र में सोमवार को बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा और मजबूती के उद्देश्य से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना प्रभारी निरीक्षक रवेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में संचालित हुआ।

अभियान के दौरान अधिका. रियों ने बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की और बैंक परिसर की बारीकी से जांच की। पुलिस टीमों ने बैंक में लगे सायरन, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, उनकी रिकॉर्डिंग व्यवस्था और सुरक्षा गार्डों की मौजूदगी का निरीक्षण किया। पुलिस ने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि सभी बैंकों में सीसीटीवी कैमरे पूर्ण रूप से कार्यरत रहें और प्रशिक्षित सुरक्षा गार्डों की तैनाती अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही बैंक परिसर में अनावश्यक भीड़ न होने देने की सलाह दी गई। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए भी कहा गया।

पुलिस ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को हथियार लेकर बैंक में प्रवेश की अनुमति न दी जाए, और यदि कोई व्यक्ति इस संबंध में आनाकानी करे तो तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए। करीब दो घंटे चले इस अभियान में बैंक आने वाले बाइक सवार ग्राहकों को भी अपने वाहनों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता के ट्रक का दोबार चालान काटे जाने से रोष

**मोरना।** कागजात उपलब्ध कराये जाने के बावजूद पुलिस द्वारा दो बार ट्रक पर की गयी कार्रवाई को भाजपा नेता जोगेन्द्र वर्मा ने अपने विरुद्ध गहरी साजिश बताते हुए रोष प्रकट किया है। व उच्चधिकारियो से जांच की मांग की है। क्षेत्र के प्रसिद्ध भाजपा नेता जोगेन्द्र वर्मा ने बताया की भोपा क्षेत्र मे उनके ट्रक को अनावश्यक रूप से सीज किया गया था कागजात दिखाने के बावजूद पुलिस उनके ट्रक को सीज कर दिया था जिसके संबंध मे उन्होंने मुज़फ्फरनगर प्रभारी मन्त्री सोमेन्द्र तोमर से भी बात की थी। जिसके उपरांत ट्रक को भोपा थाना से रिलीव कराने के बाद दो घंटे बाद ही ककरौली क्षेत्र मे ट्रक पर न्यायलय के आदेश के विरुद्ध अनावश्यक रूप से कार्रवाई कर दी गयी।भाजपा नेता जोगेन्द्र वर्मा ने इसे अपने खिलाफ बड़ी साजिश बताया है। भाजपा नेता ने उच्चाधिकारियो से तुरंत जांच की मांग की है।

### पुलिस का ओवरलोडिंग वाहनों के विरुद्ध चला अभियान

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के समीप चोराहे पर पुलिसकर्मियों ने चौकी इंचार्ज ललित कसाना के नेतृत्व में आते जाते ओवरलोडिंग वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसको लेकर अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और वे रास्ता काटते नजर आए। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों बुढ़ाना सर्किल क्षेत्र में ओवरलोडिंग वाहनों के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बुढ़ाना पुलिस हरकत में आई। मंगलवार के दिन पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान गन्ने व अन्य सामग्री से लदे वाहनों के प्रपत्रों, दस्तावेजों और परिवहन क्षमता की विस्तृत जांच की गई। चौकी इंचार्ज ललित कसाना के अनुसार उनकी चौकी क्षेत्र में ओवरलोडिंग के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ओवर लोडिंग के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। ओवरलोड वाहनों पर इस कार्रवाई से क्षेत्र के वाहन मालि. कों और परिवहन व्यवसायियों में सतर्कता बढ़ गई है।?

### बदनाम करने और जान से मारने की धमकी का आरोप

**मीरापुर।** कस्बे की एक महिला ने अपनी पुत्री को मोबाइल पर अश्लील संदेश भेजकर परेशान करने और धमकाने के मामले में दो युवकों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

मोहल्ला मुस्तर्क निवासी एक महिला द्वारा थाने में दर्ज मुकदमे के अनुसार उसकी पुत्री के मोबाइल नंबर और व्हाट्सऐप पर सलमान पुत्र हानू, निवासी कलावड़ा थाना खतौली, अपने नंबर से अश्लील वॉयस मैसेज भेजता है और गाली-गलौज करता है। विरोध करने पर वह युवती को बदनाम करने और जान से मारने की धमकी देता है। साथ ही सलमान तथा उसके साथी भोलू पुत्र साधू, निवासी कलावड़ा, उनकी पुत्री को जबरन उठाकर ले जाने की धमकी भी देते हैं, जिससे परिवार भयभीत है। युवती की माता ने इस संबंध में उक्त लोगो के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### बीआईटी कॉलेज 29 व 30 नवम्बर को होगी खेल स्पर्धा

**मीरापुर।** बीआईटी कॉलेज में 29 और 30 नवम्बर को खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा जिसमें एथलेटिक्स, कबढी, कुश्ती, फुटबॉल, वॉलीबाल, जूडो, बैडमिंटन और भारोत्तोलन आदि खेलो में खिलाडी अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2025-26 के अंतर्गत युवा कल्याण विभाग मुजफ्फरनगर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। दोनों दिवस प्रतियोगिता का शुभारंभ बीआईटी कालेज में विधायक मिलथलेश पाल द्वारा सुबह 10 बजे से होगा। कबढी कोच, कमल देशवाल व युवक मंगल दल अध्यक्ष डा. आजाद अब्बासी द्वारा बताया गया कि खेल विधाओं में एथलेटिक्स, कबढी, कुश्ती, फुटबॉल, वॉलीबाल, जूडो, बैडमिंटन और भारोत्तोलन शामिल हैं। प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाड़ी विभाग की वेबसाइट्.लनअंजीप.पदध्ेचवतजे-तमहपे. जतंजपवद पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। खिलाड़ी का मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित होना अनिवार्य है।

### दो युवकों ने खेत में महिला संग की छेड़छाड़

**बुढ़ाना।** एक महिला के साथ उसके ही गांव के दो युवकों ने उस वक्त छेड़छाड़ की जब वह अपने खेत में पशुओं के लिए घास लेने गयी थी। बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बुढ़ाना पुलिस को विगत दिवस एक तहरीर देते हुए बतलाया कि वह एक साधारण परिवार से है। वह मेहनत मजदूरी करके अपने 3 बच्चो का पालन पोषण कर रही है। बीती 23 नवम्बर की दोपहर करीब 2 बजे वह अपने खेत मे घास लेने के लिए गई हुई थी। तभी उसी समय अचानक वहां उसके गांव के कृष्ण पाल तथा विजय कुमार आ गए। जिन्होंने बदनीयती से उसका हाथ पकडा और उसके साथ छेड़छाड़ की। इस घटना से वह पूरी तरह से घबराकर भयभीत हो गयी। इस घटना के बाद उसने तुरंत किसी तरह से अपने घर आकर डायल नंबर 112 पर पुलिस को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर बाद मौके पर पुलिस आई तो दोनों ही आरोपी पुलिस को दूर से आता देख भागने में कामयाब हो गये। वह इस घटना को लेकर मानसिक रुप से बहुत ही परेशान है और अपनी तथा अपने बच्चो की सुरक्षा को लेकर भयभीत है। पीड़िता ने बुढ़ाना पुलिस से मामले की जांच करवाकर दोनों ही आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरो. पियों की तलाश शुरु कर दी है।

### कोहरे में गन्ना वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए

**रामराज।** थाना रामराज पुलिस व टिकौला मिल प्रबंधन द्वारा सर्दियों में कोहरे और कम दृश्यता के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रवेंद्र सिंह यादव ने टीम ने मिल पर गन्ने का परिवहन करने वाले ट्रकों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम पेंट और रिफ्लेक्टर टेप लगाए, ताकि रात के समय कम दृश्यता, धुंध या कोहरे की स्थिति में वाहन दूर से ही आसानी से दिखाई दे सकें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। अभियान के दौरान ओवरलोडिंग पर सख्त रोक लगाने पर भी जोर दिया गया। इसके लिए टिकौला मिल परिसर में रेलवे मानकों के अनुरूप एक हाइट गेज तैयार किया गया, जिससे निर्धारित ऊँचाई और चौड़ाई से अधिक लोड लेकर आने वाले वाहनों को स्वत: रोककर उनकी जांच की जा सके। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया और सलाह दी कि वे तेज गति से वाहन न चलाएं, कोहरे में हेडलाइट व इंडिकेटर का सही उपयोग करें तथा वाहन की लाइट, ब्रेक और अन्य तकनीकी हिस्सों की नियमित जांच अवश्य करें। अभियान में मिल प्रबंधन से हिमांशु कुमार मंगलम, अनुपम सिंह, दीपक कुमार सहित पुलिस के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# बीएलओ मुस्लिम वोटरों को कर रही है गुमराह

**बुढाना।** कस्बा बुढ़ाना की एक महिला बीएलओ का एसआईआर का फार्म आधा अधूरा ही भरने के लिए कहने वाला एक ओडियो सोशल मीडिया पर बहुत ही तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वह एसआईआर फार्म भरने वाले एक मुस्लिम आवेदक को गुमराह करते हुए साफ साफ शब्दों में कह रही है कि नीचे के कालम सरकार के कहने पर ही छोडे गए हैं। इसे लेकर आवेदकों में कंफ्यूजन की स्थिति पैदा हो गयी है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के कांधला रोड पर स्थित एक गली में तैनात महिला बीएलओ रचना देवी एसआईआर के फार्म आधे अधूरे ही भर रही है। यह पोल आज मंगलवार के दिन तब खुली जब बीएलओ और एक आवेदक के बीच इस संबंध में हुई वार्ता का एक ओडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। आवेदक ने फोन पर बीएलओ से कहा कि आपने मेरा आधा अधूरा फार्म क्यों भरा है तो जवाब मिला कि कोई बात नहीं। सरकार के आदेश हैं क्योंकि लड़की के मायके से जानकारी लेने में काफी समय लग रहा था तो सरकार ने सहूलियत के लिए कह दिया है कि फार्म में उपर वाले खाने में ही जानकारी भरो। नीचे वाले कालम में जानकारी भरना कोई जरुरी नही। मौहल्ले के लोगों का कहना है कि एसआईआर फॉर्म भरते वक्त बीएलओ रचना लोगों को गुमराह कर रही है। यह बीएलओ सरकार के आदेश का हवाला देकर वोटरों से सिर्फ ऊपर के कॉलम भरवाकर फॉर्म को आधा अधूरी जानकारी के साथ रिसीव कर रही है। बीएलओ ओडियो में कह रही है कि सरकार ने बोला है कि ऊपर के कॉलम भरो। अब फार्म में 2003 की वोटर लिस्ट का कोई काम नही। बीएलओ की ऐसी गंदी मानसिकता को लेकर वोटरों में काफी रोष है।

# अपने बच्चों को कम खिलाएं, मगर तालीम जरूर दिलाएं

## जलसे में हाफिज बने अठारह बच्चों की हुई दस्तारबन्दी, गिफ्ट व सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र के ग्राम नगला राई स्थित मदरसा दारुल किराअत हसनिया में सालाना जलसे का आयोजन किया गया।इस जलसे में हजारों लोगों ने शिरकत की। मुख्य अतिथियों ने दीनी शिक्षा के साथ-साथ मुस्लिम समाज के लोगों से दुनियावी तालीम पर भी जोर दिया।इस अवसर पर कुरआन हिफ्ज़ करने वाले अठारह बच्चों को दस्तारबन्दी की गई एवं उन्हें प्रमाण पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

चरथावल क्षेत्र के ग्राम नंगला राई स्थित मदरसा दारुल किरात हसनिया में सालाना जलसा आयोजित हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी अब्दुल हसन आज़मी देवबंद ने की, जबकि संचालन मुफ्ती मोहम्मद बिलाल कासमी ने किया। इस मौके पर क्षेत्र और आसपास के कई गांवों से हजारों लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने मुस्लिम समाज के हजारों लोगों से आ]वान किया कि वे अपने बच्चों को दीनी शिक्षा के साथ-साथ दुनियावी तालीम भी अवश्य दिलाएं। उन्होंने जोर दिया कि आज के दौर में दीनी शिक्षा के साथ दुनियावी तालीम भी जरूरी है। उन्होंने कहा, ष्अपने बच्चों को कम खिलाएं, मगर तालीम जरूर दिलाएं।



मदरसे के मोहतमिम कारी मोहम्मद शहजाद ने जलसे में आए सभी मेहमानों का स्वागत किया। इस मौके पर इस मौके पर कारी अबुल हसन आजमी, मुफ्ती नसीम, मुफ्ती खालिद, मौलाना इलयास भैंसानी, मौलाना मुकीम,मौलाना उमर इलाही, मौलाना मूसा कासमी, हाफिज फुरकान , मौलाना सलीम, कारी शहजाद, कारी नोशाद, कारी दिलशाद, मुफ्ती बिलाल,कारी वसीम, कारी शुएब,कारी आजम, कारी मुकीम, कारी सुहैल,कारी अमजद, कारी शाहनवाज, मौलाना साकिब आदि मौजूद रहें। इस मौके पर कुरआन हिफ्ज़ करने वाले 18 बच्चों को दस्तारबन्दी की गई एवं उन्हें प्रमाण पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

# कांग्रेसियों ने की एसआईआरकी समय सीमा बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के कोर्ट रोड स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर एक बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया ने अपने पदा. धिकारियों सहित कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर को लेकर चर्चा की।

इस दौरान शहर के लोगों द्वारा एसआईआर फार्म भरने में आ रही परेशानी पर मंथन हुआ। इस दौरान जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर फॉर्म भरने की आखिरी तिथि चार दिसंबर रखी गई है।

लोगों को फॉर्म भरने में आ रही परेशानी को देखते हुए यह समय बहुत थोड़ा है। जनमानस की परेशानी को देखते हुए समय का बढ़ना बहुत जरूरी है। इस दौरान सत्यपाल कटारिया, योगेश खारी, अनिल चौधरी , रिजवान अहमद सिद्दीकी, ममनून अंसारी , सद्दाम सिद्दीकी, गफ्फार त्यागी, मोहम्मद कामिल, सतीश सहरावत, हर्षवर्धन त्यागी, अफसाना अंसारी, डॉक्टर रईस अहमद,ओमपाल, वेदपाल सिंह, यासीन,शिवकुमार, राजीव गुप्ता, मुमताज, सुरैया मौजूद रहे।




# एसपी देहात ने भौरांकला थाने का निरीक्षण किया

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल ने बीती सोमवार की देर रात भौरांकला थाने पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण कर थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण में मिशन शक्ति केंद्र, थाने के कार्यालय, मालखाने, बंदी गृह, संतरी पहरा व कंप्यूटर कक्ष का जायजा लिया और थाने के कार्यालय में रखे अभिलेखों की भी बारीकी से जांच की।

उन्होंने त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर व थाने के टॉप टेन अपराधियों की सूची का भी अवलोकन किया। उन्होंने अपराधियों की लगातार निगरानी करने और उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के भी निर्देश थानाध्यक्ष को दिए। उन्होंने भौरांकला थाना क्षेत्र के सभी शातिर अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन करने, आम जनता से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने और महिला संबंधी अपराधों की जांच कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने और थाना क्षेत्र में नियमित रूप से गश्त करने के भी निर्देश थानाध्यक्ष को दिए। उन्होंने थाने में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों की रात्रि की गणना के साथ साथ सभी को डयूटी के दौरान अनुशासन, सतर्कता और आम लोगों के प्रति शालीन व्यवहार अपनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान यहां थानाध्यक्ष सहित काफी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



# आत्मदाह की धमकी के बाद हरकत में आई पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** उज्जवल व अनस प्रकरण के बाद रेप पीड़िता एक महिला के द्वारा भी आत्मदाह की चेतावनी से बुढ़ाना महिला थाने की पुलिस हरकत में आई और मंगलवार के दिन दो दुराचारियों को पकड़कर गंभीर धारा में जेल भेज दिया है। फिलहाल रेप पीड़िता ने राहत की सांस ली है। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व बुढ़ाना कस्बे की एक महिला ने बार बार बुढ़ाना कोतवाली के चक्कर काटने के बाद सोशल मीडिया पर एक मैसेज उस समय वायरल कर दिया था जब बुढ़ाना पुलिस छात्र उज्जवल राणा के आत्महत्या करने और दुकानदार अनस के आत्मदाह के प्रयास करने के चलते टेंशन में थी। महिला ने मैसेज किया था कि योगी जी मेरी मौत के बाद मुझे इंसाफ दिला देना। मैं भी इस देश की बेटी हूं। मुझ पर हो रहा है जुल्म। गुंडे हिस्ट्रीशीटर दे रहे है मौत की धमकी। मेरी पुलिस नही कर रही है सुनवाई। मेरी मौत के जिम्मेदार होंगे राव राफे, जाहिद, इकराम, अफसाना, साहिल, फ़रमाना, सुहैल, मनीष, बॉबी, वसीम, नदीम, शबनम व बुशरा। मैं अपने होशो हवास में लिख रही हूं पत्र। मेरी जिंदगी कर दी खराब। पुलिस के पास न्याय मांग मांगकर थक चुकी हूं। बलात्कार करके किया उत्पीड़न। वीडियो बनाया। किया ब्लैकमेल। सिगरेट से दागा शरीर। महिला की इस चेतावनी का बुढाना पुलिस पर इतना असर हुआ कि आज मंगलवार के दिन बुढाना पुलिस ने इनमें से दो आरोपी राव राफे उर्फ राका पुत्र असगर व जाहिद पुत्र अनवार निवासीगण मौहल्ला सैय्यदान कस्बा थानाभवन जनपद शामली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता ने बुढ़ाना महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा का आभार जताया है।

# श्री शिव मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** तीर्थ कॉलोनी स्थित शिवधाम परिसर में मंगलवार को श्री शिव मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रात:काल से ही भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे। पूरा परिसर विघ्न विनाशक श्री गणपति महाराज और बोल बम के जयघोषों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन, मंगलाचरण और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। थानेश्वर महादेवालय संस्कृत विद्यालय के ब्राह्मण विद्यार्थियों द्वारा किए गए मंत्रोच्चारण ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण में डुबो दिया।

कार्यक्रम में एसडीएम नि. कता शर्मा और तहसीलदार अरविंद कुमार और सीओ राम आशीष यादव विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने भगवान शिव के समक्ष पूजा-अर्चना कर नगर व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत उन्होंने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा सुबह 9 बजे आरंभ हो गया था, जो दोपहर तक निरंतर चलता रहा। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर प्रसाद प्राप्त करते रहे। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में दिनभर चहल-पहल बनी रही। भंडारे के सफल संचालन में राकेश जैन बजाज, वीरेशचंद जैन, वीरेंद्र सिंह मान, संदीप जैन, ज्योति मोहन गोयल, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, मनीष कुमार, नरेश कुमार अग्रवाल, कमल गर्ग, भावेश गुप्ता, दीपक जैन (दीपू), ललित गुप्ता, दीपक अनेजा, राकेश अनेजा, विकास कौशिक, शिव कुमार अग्रवाल, नरसिंह सैनी, धर्मवीर पाल, मुकेश



शर्मा एडवोकेट, दीमाग सिंह एडवोकेट, मनीष महाजन, विकास मोतला, सुखचंद, चुन्नीलाल, वैभव सिंघल, सचिन जैन सहित कई कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# धर्म रक्षा और मानवता के प्रतीक गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस श्रद्धा से मनाया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आर्य समाज शिवपुरी में सोमवार को अमर बलिदानी वीर शहीद गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस श्रद्धा, सम्मान और भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुरु जी के अद्वितीय त्याग, साहस और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। जिला प्रधान सत्येंद्र आर्य ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान केवल किसी एक समुदाय के लिए नहीं, बल्कि मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए था। उन्होंने कहा कि गुरु जी ने कश्मीर के पंडितों की आस्था और वैदिक धर्म की सुरक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं किया। सत्येंद्र आर्य ने बताया कि इस महान बलिदान के लिए उनके नौ वर्षीय सुपुत्र गुरु गोविंद सिंह जी ने स्वयं आग्रह किया था।

गुरु गोविंद सिंह जी अपने साथियों भाई सतीदास और भाई मतिदास के साथ औरंगजेब की अदालत में उपस्थित हुए। धर्म परिवर्तन से इनकार करने पर औरंगजेब ने उनके शिष्यों को क्रूर यातनाओं से शहीद कर दिया और बाद में गुरु तेग बहादुर जी का भी शिर धड़ से अलग कर दिया गया। कार्यक्रम में डीडी आर्य ने गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके पिता गुरु हरगो. विंद सिंह जी और माता गुजरी देवी थीं। बचपन में उनका नाम त्यागमल था। माता-पिता ने उन्हें शस्त्र और शास्त्र दोनों का श्रेष्ठ शिक्षण प्रदान किया था। इस दौरान प्रधान जगदीश सिंह, श्री रामानंद आर्य, भगवान सिंह, धीरेंद्र आर्य, चरण सिंह आर्य, शोभाराम आर्य, राजेंद्र खारी, पूर्व स्टेशन अधीक्षक अजेश आर्य, डीडी आर्य, सुशील आर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी ने राष्ट्रवाद एवं धर्म रक्षा का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम का समापन किया।



# महिला आरक्षण विधेयक पर श्री राम कॉलेज में चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के सभागार में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा महिला आरक्षण विधेयक विषय पर एक मॉक प्रेस कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक मीडिया कार्यप्रणाली, प्रेस कॉन्फ्रेंस के संच. ालन तथा समसामयिक मुद्दों पर पत्रकारिता की भूमिका से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही ज्ञान, जागरूकता और सशक्तिकरण के प्रतीक इस आयोजन का औपचारिक प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीराम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रेरणा मित्तल ने महिला आरक्षण विधेयक को लोकतांत्रिक व्यवस्था को और मजबूत करने वाला ऐतिहा. सिक निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह विषय युवा पत्रकारों के लिए गहन चिंतन और विश्लेषण का अवसर प्रदान करता है।

इस अवसर पर श्रीराम कालेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों को जमीनी स्तर पर पत्रकारिता की समझ विकसित होती है, जो उनके पेशेवर भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवस पर श्रीराम कॉलेज के डीन एकेडमिक्स डॉ. विनीत शर्मा ने कहा कि मॉक प्रेस कॉन्फ्रेंस छात्रों की संवाद क्षमता, विश्लेषण कौशल और व्यावहारिक दक्षता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ओ. पी. कुशवाहा ने डॉ. प्रेरणा मित्तल, डॉ. अशोक कुमार और डॉ. विनीत शर्मा का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा महिला आरक्षण विधेयक पर आयोजित यह मॉक प्रेस कॉन्फ्रेंस छात्रों के लिए अत्यंत सीख वर्धक रही। पत्रकारिता विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना हमारा उद्देश्य है, ताकि वे भविष्य में तथ्यपूर्ण, संवेदनशील और सशक्त मीडिया प्रतिनिधि बन सकें। विभाग निरंतर ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रिपोर्टर, प्रवक्ता तथा मॉडरेटर की भूमिकाएँ निभाते हुए वास्तविक प्रेस कॉन्फ्रेंस का अनुभव प्राप्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की संकाय टीम, कहकशां मिर्ज़ा, शिवानी बर्मन, मयंक वर्मा एवं छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मंडलायुक्त ने किया गणना प्रपत्रों के कार्य का अवलोकन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा करने मंगलवार को सहारनपुर मंडल के आयुक्त डॉ. रूपेश कुमार शामली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मतदेय स्थलों पर तैनात बूथ लेवल अधिका. रियों बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन के दौरान वितरित एवं डिजिटाइज किए जा रहे गणना प्रपत्रों के कार्यों का अवलोकन किया।

आयुक्त ने थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोहरपुर, नंगली जमालपुर और बन्तीखेड़ा स्थित मतदेय स्थलों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने जनपद की तीनों विधानसभाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया। विधानसभा कैराना से बीएलओ मुक. ेश गिरी व अनुज चौहान, विधानसभा थानाभवन से बीएलओ स्वाति व रूकमेश, जबकि विधानसभा शामली से बीएलओ शिवानी को बेहतर कार्य के लिए आयुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र और 5101 रूपए की सम्मान राशि प्रदान की गई। आयुक्त डॉ। रूपेश कुमार ने बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन और डिजिटाइजेशन कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सभी अधिकारी कठिन परिश्रम से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण संबंधी सभी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान, एडीएम सत्एंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, सीओ अमरदीप मोर्य, सीओ थानाभवन जितेंद्र यादव मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत पर अज्ञात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव सोंता रसूलपुर निवासी सत्तों पुत्र रामदिया उमर 40 वर्ष की सोमवार को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई रामफल पुत्र रामदिया ने थाने में तहरीर दी कि पीड़ित का भाई सत्तों थानाभवन से पैदल अपने गांव लौट रहा था।

जैसे ही वह हरड़ मार्ग पर गांव के रास्ते के करीब पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर लगते ही सत्तों सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा सूचना मिलते ही परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंचे तथा पुलिस की मदद से उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के उपरांत सत्तों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर से परिवार में को. हराम मच गया।

मृतक के परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# गोशालाओं की निगरानी को सीसीटीवी कैमरे लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला प्रशासन के निर्देश पर जनपद शामली की सभी गौशालाओं में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रशास. निक स्तर पर यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि गौशालाओं में रह रहे गौवंशों की देखभाल, सुविधा और सुरक्षा पर लगातार नजर रखी जा सके। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से बढ़ रही सर्दी और कोहरे के कारण जनपद में ठंड का प्रकोप तेज हो गया है। ऐसे में गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए गौशाला प्रबंधन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। कई गौशालाओं में अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है, वहीं रात के समय शीतलहर और कोहरे से बचाव के लिए गौवंशों के स्थान को तिरपाल और गर्म कपडों से ढक दिया गया है। जिससे उन्हें किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या न हो। इसी क्रम में क्षेत्र के कस्बा बनत स्थित बृहद गौ संरक्षण केंद्र में भी मंगलवार को सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए। गौशाला संच. ालक दिनेश कुमार ने बताया कि गौशाला परिसर में कुल चार कैमरे स्थापित किए गए हैं। सभी कैमरे वाईफाई से जुड़े हुए हैं, जिससे उनकी निगरानी सीधे जिला प्रशासन तथा उत्तर प्रदेश सरकार के स्तर से की जा सकेगी। दिनेश कुमार के अनुसार, इस




तकनीकी व्यवस्था से गौशाला में रहने वाले गौवंशों के भोजन, पानी, उपचार और देखभाल की वास्तविक स्थिति का आकलन आसानी से किया जा सकेगा। जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से गौशालाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और गौवंशों के कल्याण में और अधिक सुधार आएगा। प्रशासन ने सभी गौशाला संचालकों को निर्देशित किया है कि वे ठंड के मौसम में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

## दूसरी मंजिल से गिरकर महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के मोहल्ला गुजरा. तियान निवासी 59 वर्षीय मधु अग्रवाल सोमवार देर रात्रि अपने मकान की दूसरी मंजिल पर गई थी। बताया जाता है कि मकान में निर्माण कार्यो के दौरान दूसरी मंजिल का लोहे का जाल खुला हुआ था। इसी दौरान महिला को जाल दिखाई न देने से महिला दूसरी मंजिल से जाल से निकलकर गिर गई। जिससे महिला को गंभीर चोट आई। तत्काल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया कराया गया। मंगलवार सवेरे घायल महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां महिला का सिटी स्कैन किया गया। महिला को गंभीर अवस्था में हायर सैंटर के लिए रेफर किया गया है।

# सफाईकर्मियों की हड़ताल से झिंझाना बेहाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नगर पंचायत अध्यक्ष की हठधर्मिता और सफाई कर्मचारियों की जिद के बीच कस्बे के लोग पिछले छह दिनों से बुरी तरह पिस रहे हैं। सफाई कर्मियों की लगातार चल रही हड़ताल के चलते गली.मोहल्लों में कूड़े के अंबार लग चुके हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि गलियों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। चारों ओर फैली बदबू और बढ़ते मच्छरों ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। कूड़े के ढेरों से महामारी फैलने का खतरा गंभीर रूप से बढ़ गया है। कस्बा वासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की है कि नगर पंचायत अध्यक्ष और सफाई कर्मियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई कर तुरंत सफाई व्यवस्था सुचारू कराई जाए। उनका कहना है कि दोनों पक्षों की लड़ाई का खामियाजा निर्दोष जनता को भुगतना पड़ रहा है।

फुरकान कुरैशी ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष और सफाई कर्मचारियों का विवाद उनका निजी मामला है, लेकिन कस्बे की जिम्मेदारी अध्यक्ष की ही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष की हठधर्मिता के कारण पूरे कस्बे को कूड़े का ढेर बना दिया गया है, जबकि यह अत्यंत गलत है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन नगर पंचायत अध्यक्ष और सफाई कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सफाई व्यवस्था तुरंत दुरुस्त कराए। गंदगी बढ़ने से बीमारियां फैलने का खतरा है और यह जिम्मेदारी शासन.प्रशासन की है, आम जनता की नहीं। अकील खान ने प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले छह दिनों से शासन.प्रशासन ष्कुंभकर्णीय नींदष में सोया हुआ है। जब गंदगी के ढेर गलियों से बढ़कर घरों के अंदर तक पहुंचेंगे, तब शायद प्रशासन की आंखें खुलेंगी। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मोहल्ला तलाही निवासी एहसान ने बताया कि कस्बे में चारों ओर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और बदबू से हालात बदतर हो चुके हैं। बाहर से आने वाले लोग भी कस्बे की दुर्दशा देखकर पूछ रहे हैं कि यहां सफाई व्यवस्था क्यों नहीं है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन सफाई कर्मियों और नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर तुरंत सफाई व्यवस्था बहाल करे, ताकि फैलने वाली बीमारियों और महामारी को समय रहते रोका जा सके। कस्बे वासियों का कहना है कि अब पूरा कस्बा प्रशासन की कार्रवाई पर टिका हुआ है। यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

# एसआईआर प्रक्रिया को सरल बनाए जिला प्रशासन: ओम प्रकाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना एवं थानाभवन विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के एसआईआर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि एसआईआर फार्म भरने में लोगों को काफी दिक्कते आ रही है। इस प्रक्रिया को जिला प्रशासन सरल करे और बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन कराए। जिससे महिलाओं, बुर्जुगों और अन्य लोगों को परेशानी न हो।

मंगलवार को शहर के विश्वकर्मानगर स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के कैराना एवं थानाभवन विधानसभा एसआईआर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव आयोग द्वारा लागू की जा रही एसआईआर प्रक्रिया जटिल, पक्षपाती तथा आम जनता के लिए चिंता का विषय बन गई है। एसआईआर फार्म भरने में लोगों को परेशानी हो रही है। खासतौर पर जो लोग गांव छोडकर शहरों में आकर बस गए है उनको अपनी पुरानी वोटर लिस्ट में नाम नही मिल पा रहे। शादी शुदा महिलाओं को अपने पिता का वोटर लिस्ट में नाम लेने के लिए अपने मायके जाकर ढूढना पड रहा है। मृतक माता पिता की मतदाता सूची न मिलने से वह भटक रहे है। उन्होने जिला प्रशासन से मांग की कि बीएलओ घर घर जाकर सत्यापन करें और फार्म भरने के कार्यो को सरल किया जाए। पूर्व नगर अध्यक्ष वैभव गर्ग ने कहा कि एसआईआर को लेकर विशेषकर दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग अपने मताधिकार से वंचित होने का खतरा महसूस कर रहे हैं। एसआईआर लागू होने के बाद कई राज्यों में बीएलओ कर्मचारियों द्वारा आत्महत्या जैसी घटनाएं सामने आई हैं, जो पूरी प्रक्रिया की गंभीरता और दबाव को दर्शाती हैं। उन्होने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को आम जनता के हित में सरल बनाया जाए। कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार की रक्षा सर्वोपरि है, जिसे किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रवीन तरार, ओमबीर उपाध्याय, बिजेन्द्र पाल शर्मा, ज्योति प्रसाद शर्मा, प्रीतम सिंह, सुभाष सिलावर आदि मौजूद रहे।

# शादी के नौ दिन बाद नकदी व जेवर लेकर दुल्हन फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर शादी के मात्र नौ दिन बाद ही लाखों रूपए की नकदी और कीमती जेवरात लेकर फरार होने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने गिरोहबंदी कर फर्जी शादी कराने वाले लोगों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी अर्चित गर्ग ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अविवाहित था और शादी के लिए सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व कुरुक्षेत्र के कुछ लोगों कार्तिक, अनुज कुमार, मोनू पंचाल और टीनू कू से संपर्क में आया था। आरोप है कि इन लोगों ने खुद को शादी कराने वाला संगठन बताते हुए दो लाख रूपए की फीस तय की और शादी के बाद यह रकम अनुज को दे दी गई। गत 11 नवंबर को कुरुक्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ स्थित मां काली मंदिर में रिंकी पुत्री भवन सिंह से उसकी शादी कराई गई। शादी के बाद रिंकी उसके साथ शामली आकर नौ दिन तक घर में रही।

आरोप है कि 20 नवंबर को सुबह वह दुकान चला गया, और दोपहर 3 बजे वापस आने पर पत्नी रिंकी घर से गायब मिली। घर की अलमारी चेक करने पर तीन जोड़ी बिछुए, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी कानों के टॉप्स, एक सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, चार चांदी के लॉकेट, मोबाइल फोन, करीब 20 हजार रूपए नकद तथा अलमारी से एक लाख 13 हजार रूपए समेत अन्य सामान गायब मिला। पीड़ित का कहना है कि जब उसने रिंकी की मां शीला कौर से संपर्क किया तो उसने बताया कि रिंकी अपनी मौसी पूजा के साथ हिमाचल चली गई है। परिजनों आश्वासन दिया था कि रिंकी 24 नवंबर तक घर लौट आएगी, लेकिन वह नहीं लौटी। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। वही पुलिस का कहना है कि अर्चित स्वयं पत्नी को उसके मायके छोडकर आया है और हो सकता है कि वह नकदी व जेवरात साथ लेकर चली गई हो मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## कांग्रेस नेता ने की एसआईआर प्रक्रिया को सहज व सरल बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** जिला कांग्रेस कमेटी शामली के जिला उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी शमशीर खान ने एसआईआर प्रक्रिया को आमजन के लिए सहज एवं सरल बनाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि संगठन के जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान विगत 17 नवंबर को जिला निर्वाचन अधिकारी शामली को ज्ञापन-पत्र देकर एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाए जाने की मांग कर चुके है। शमशीर खान का कहना है कि जिले में ज्यादातर लोग अभी भी एसआईआर प्रक्रिया की बारीकियों को पूरी तरह से नही समझ पाए है। कम पढ़े-लिखे मतदाता अपना फॉर्म सही तरीके से नहीं भर पा रहे है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि लोगों को फॉर्म भरने में सहूलियत मिल सके। फॉर्म की स्थिति एवं अपडेट एसएमएस के माध्यम से मोबाइल पर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे आम जनता को बार-बार सरकारी कार्यालय न जाना पड़े।

# वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने से टेंशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ोतरी की ओर है। मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 229 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। सोमवार को यह स्तर 212 था। जिला प्रशासन और प्रदूषण विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद प्रदूषण में उतार-चढ़ाव जारी है। चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। जनपद शामली में पिछले करीब एक सप्ताह से एक्यूआई लगातार खराब श्रेणी में है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खराब है। कोल्हुओं, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुआं तथा सड़कों पर उड़ने वाली धूल वायु प्रदूषण का बड़ा कारण बनी हुई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जरूरत के अनुसार टीमें निगरानी भी कर रही हैं। शामली सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डा। दीपम कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। वातावरण में मौजूद अत्यंत सूक्ष्म कण, पार्टिकुलेट मैटर 2।5 फेफड़ों और श्वसन तंत्र को सीधे प्रभावित करते हैं। इससे बचने के लिए मास्क का प्रयोग आवश्यक है। इन कणों के कारण फेफड़ों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, और रक्तवाहिकाओं के संकुचित होने से रक्तचाप बढ़ने का खतरा रहता है। वही दूसरी ओर ठंड का प्रकोप भी बढा है। रात्रि में न्यूनतम तापमान गिरकर 8 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया है, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सैल्यिसस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में शीतलहर का असर बढ़ेगा और ठंड और अधिक महसूस होगी।

# बिजली बिल राहत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं उपभोक्ता: एसई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कैराना में पैदल भ्रमण करके उपभोक्ताओं से आगामी एक दिसंबर से लागू होने जा रही बिजली बिल राहत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने उपभोक्ताओं को प्री-पेड स्मार्ट मीटर से रिचार्ज करने के तौर-तरीकों से भी अवगत कराया।

मंगलवार को अधीक्षण अभियंता शामली वीरेंद्र सिंह कैराना पहुंचे। जहां पर उन्होंने विद्युत विभाग की स्थानीय टीम के साथ में कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग पर स्थित मोहल्ला आलकलां व दरबार खुर्द का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं से संवाद करते हुए आगामी एक दिसंबर से लागू होने जा रही बिजली बिल राहत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। एसई ने कहा कि विभाग के इतिहास में



ऐसा पहली बार हुआ है कि बकाएदारों को शत-प्रतिशत सरचार्ज माफी के साथ-साथ मूलधन में भी 25 फीसदी की छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना तीन चरणों में लागू होगी, जिसमें पहला चरण 1 दिसंबर से 31 दिसम्बर 2025, द्वितीय चरण 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तथा तृतीय चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। प्रत्एक चरण में एकमुश्त व किश्तों के भुगतान के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। वहीं, एसई ने उपभोक्ताओं को प्री-पेड स्मार्ट मीटर के रिचार्ज करने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर एक्सईएन फोर्थ जयप्रकाश, एसडीओ कैराना अमित गुप्ता, अवर अभियंता अजय शर्मा तथा संविदाकर्मी कंवर अली, इकबाल, फारुख, रिजवान, शमशेर, सादिक आदि मौजूद रहे।

## दो मामलों में दो अभियुक्तों को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करके 2 मामलों में 2 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के माध्यम से सुनाई सजा व कुल 3500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 1. वर्ष 2008 में अभियुक्त जुल्फकार पुत्र शरीफ निवासी तालाब थाान कैराना शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए 25.11.2025 को न्यायालय से अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा व 1500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस का अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है। 2. वर्ष 2012 में अभियुक्त फरमान पुत्र अशफाक निवासी ग्राम बुन्टा थाना गढीपुख्ता जनपद शामली के विरुद्ध थाना गढ़ीपुख्ता शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए 25.11. 2025 को न्यायालय से अभियुक्त को 2000/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस का अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलन की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऑल टीचर्स इम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर मंगलवार को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर के लिए दर्जनों शिक्षक रवाना हुए।

मंगलवार को अटेवा के जिला संयोजक नवनीत गहमरी की अध्यक्षता में शिक्षक शहर के आरके इंटर कालेज में एकत्रित हुए। जहां से वह पुरानी पेंशन स्कीम, यूनिफाईड पेंशन स्कीम के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना हुए है। शिक्षकों ने आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी जबरदस्ती टीईटी लागू करने का विरोध किया। उन्होने पुरानी पेंशन बाहली की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।




शिक्षिका बीना कुमारी ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारी का हक है, इसको लेकर रहेगे।

जिला संरक्षक विनय त्यागी ने कहा कि सरकार नई पेंशन स्कील लाकर सरकारी कर्मियों को गुमराह कर रही है। जब सांसद, विधायक पुरानी पेंशन लेकर सकते है तो कर्मचारी पुरानी पेंशन क्यो नही ले सकते है। जिला मंत्री लवकेश कुमार ने कहा कि सरकारी कर्मचारी गुमराह नही होगा, जब तक पुरानी पेंशन नही मिलेगी आन्दोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर रामफूल, विनय त्यागी, मनीष मिश्रा, प्रदीप यादव, विनोद आर्य, पंकज सैनी, सत्एन्द्र, कुलदीप, अरविन्द कुमार, रोहित, विजय नारायण आदि मौजूद रहे।

# दूसरे व्यक्ति के खाते में गए दो लाख वापस कराए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना कोतवाली पर कार्यरत साइबर सेल की टीम ने यूपीआई के माध्यम से भूलवश दूसरे व्यक्ति के खाते में गए दो लाख रूपए की राशि युवक को वापस कराई है। कस्बे के मोहल्ला शेखबद्धा निकट पटवारी वाली मस्जिद निवासी केशर कय्यूम ने कैराना साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि विगत 24 नवंबर को उसके द्वारा दो लाख रूपये ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से परिचित की बजाय गलती से किसी अन्य अज्ञात व्यक्ति के खाते में चले गए। एसपी शामली ने कोतवाली पर कार्यरत साइबर टीम को युवक की धनराशि वापिस कराने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंगलवार को एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार साइबर सेल की टीम ने मामले में तत्परता से कार्यवाही करते हुए पीड़ित युवक की शत-प्रतिशत राशि दो लाख रूपए वापिस करा दी। वहीं, पीड़ित युवक ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरुण कुमार, कम्प्यूटर ग्रेड-बी अनिल कुमार, कांस्टेबल मानवेन्द्र सिंह तथा समस्त साइबल सेल टीम का आभार व्यक्त किया है। वहीं, पुलिस ने आमजन से किसी भी प्रकार की गलत ऑनलाइन ट्रांजेक्शन अथवा साइबर फॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर-1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।



# सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** बीती रात नगर के मौहल्ला चौधरियान निवासी एक युवक की दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। युवक की मौत होने से पूरे इलाके में मातम पसर गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

यहां अंबेहटा बाईपास स्थित बैंक्वेट हॉल के निकट लकड़ियों से लदी बिना नंबर की तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। चश्मदीदों के अनुसार ट्रॉली तेज गति में थी, तभी अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया जिससे बेकाबू हुई ट्रॉली युवक के ऊपर चढ़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मनीष भार्गव (38) पुत्र अशोक भार्गव निवासी मौहल्ला चौधरियान नकुड़ के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार मनीष एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे लेकिन घर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर यह हादसा उनके लिए मौत बनकर आया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। पूरे मौहल्ले में मातम छा गया। परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। मृतक तीन बच्चे दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं।

# थाने में आधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. आशीष तिवारी ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन के साथ सोमवार देर शाम थाना फतेहपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों की फिटनेस और मनोरंजन के लिए थाना परिसर में बने आधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का भव्य उद्घाटन किया गया।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने मैस की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, शस्त्रागार की सुरक्षा, मालखाने के रिकॉर्ड, मिशन शक्ति सेंटर की व्यवस्था और थाने के सभी अभिलेखों की बारीकी से जांच की। उन्होंने थाना कार्यप्रणाली को और पारदर्शी, प्रभावी और जनहितैषी बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, "जनता के साथ अच्छा व्यवहार, अनुशासन और जनसेवा ही हमारी पहचान है। पुलिस का चेहरा हमेशा मुस्कुराता हुआ और मददगार होना चाहिए।" उन्होंने फिटनेस पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ पुलिस बल ही बेहतर पुलिसिंग कर सकता है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर प्रिया यादव, थानाध्यक्ष विनय शर्मा, एसएसआई भूपेंद्र शर्मा, उपनिरीक्षक मशकूर त्यागी, बिजेंद्र, मिथिलेश राठौर, विजयपाल सिंह, संजय यादव, अनिल तेवतिया, हेड कांस्टेबल लक्ष्मी प्रसाद सहित थाने का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि एसएसपी के मार्गदर्शन में थाना फतेहपुर को और बेहतर बनाया जाएगा। बैडमिंटन कोर्ट पुलिस कर्मियों के लिए तनाव कम करने और फिटनेस बढ़ाने का बड़ा साधन बनेगा। निरीक्षण के बाद पुलिस कर्मियों में नई ऊर्जा और जोश देखने को मिला।

# बिहार में वोट चोरीः रावत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि वोट चोरी कर बिहार में एनडीए सरकार बनी है ऐसा चुनाव आयोग कि मदद से संभव हो पाया है।

नानौता में सतीश राणा के पुत्र सुर्य प्रताप सिंह की शादी समारोह में पहुंचे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पत्रकारो के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि बिहार में वोट चोरी कर एनडीए की सरकार बनी है चुनाव आयोग की मीली भगत से यह सब संभव हो पाया है।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत उत्तर प्रदेश में चल रही एसआईआर प्रक्रिया पर खुलकर नहीं बोल पाए वहीं एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इस बार पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की ही सरकार बनेगी।

## नशा तस्कर दबोचा

**चिलकाना।** थाना मिशन शक्ति टीम ने एक आरोपी नशा तस्कर को 20.09 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किया।

एसएसपी के निर्देशानुसार थाना विनोद कुमार की अगुवाई मे मुखबिर की सूचना पर थाना की मिशन शक्ति टीम ने आरोपी नशा तस्कर वासिद पुत्र हाशिम निवासी ग्राम बुडढाखेडा थाना चिलकाना को ग्राम पटनी से कालू माजरा जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया है कि आरोपी के कब्जे से 20.9 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह, महिला उपनिरीक्षक सुमन, मुख्य आरक्षी अरविन्द कुमार, मोहित शर्मा तथा आरक्षी पुनीत कुमार शामिल रहे।

# पुलिस ने शराब बनाने की भट्टी पकड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव गोविंदगढ़ के जंगल में छापेमारी की। इस दौरान कच्ची शराब बनाने की अवैध भट्टी का भंडाफोड़ किया गया और एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि आबकारी निरीक्षक पंकज सिंह और चौकी प्रभारी नीरज कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने मंगलवार की सुबह गोविंदगढ़ के जंगल में दबिश दी। वहां कच्ची शराब बनाने की पूरी भट्टी चल रही थी। मौके से आरोपी बंशीलाल पुत्र सुरेंद्र, निवासी गोविंदगढ़ को रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने भट्टी से 40 लीटर तैयार कच्ची शराब50 लीटर लाहन (जो मौके पर नष्ट कर दिया गया) एक टिन का ड्रम दो नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम एक छोटा गैस सिलेंडर व चूल्हा पाइप, तसला सहित अन्य उपकरण 220 रुपये नकदी बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी रखने की बात कही है।

# मुठभेड़ में गोकशी में वांछित घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने रात में बड़ी कार्रवाई करते हुए गो-कशी के मुकदमे में वांछित कुख्यात आरोपी इमरान उर्फ मोल्हड़ (निवासी बंदरजूड़, थाना बुग्गावाला, हरिद्वार, उत्तराखंड) को मुठभेड़ में घायल अवस्था में दबोच लिया। दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, उसकी तलाश जारी है। घटना देर रात की है।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा मय फोर्स देहरादून हाईवे के पास मीरपुर तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। तभी छुटमलपुर की तरफ से बिना नंबर प्लेट स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और खेतों की ओर भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में इमरान के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। पुलिस ने मौके से 315 बोर का तमंचा,1 जिंदा व 1 खोखा कारतूस ,बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल बरामद किया.पूछताछ में इमरान ने कबूल किया, "17 नवंबर को मैंने साथियों के साथ रसूलपुर जंगल में गो-कशी की थी। आज भी गोवंश की तलाश में घूम रहे थे। पुलिस दिखी तो फायर कर भागने की कोशिश की।"इमरान पहले से मुकदमा संख्या 329/25 धारा 3/5/8 गोवध निषेध अधिनियम में वांछित था। नई थ्प्त 347/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज की गई। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आज माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने कहा, "गो-तस्करों व अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस है। कोई बख्शा नहीं जाएगा।"

# इन्वर्टर बैटरी के शोरूम पर चोरों ने बोला धावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कस्बे में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। सोमवार की देर रात देवबंद रोड पर रेलवे ट्रैक के नजदीक स्थित इनवर्टर-बैटरी के एक शोरूम में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर हजारों रुपये का माल पार कर दिया और आसानी से फरार हो गए।

**रामपुर मनिहारान कस्बे में थमने का नाम ल रही चोरी की घटनाएं**

जानकारी के मुताबिक, देवबंद रोड निवासी अरविंद की दुकान बीती रात चोरों के निशाने पर आ गई। चोरों ने ताले तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और अंदर रखी चार भारी क्षमता वाली बैटरियां तथा दो इनवर्टर उठा ले गए। सुबह रोज की तरह जब अरविंद दुकान पर पहुंचे, तो भीतर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। सामान बिखरा हुआ था और कई कीमती वस्तुएं गायब थीं। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को घटना से अवगत कराया। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

इधर चोरी की इस घटना से आस-पास के कारोबारियों में नारा. जगी और भय का माहौल है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# चैम्पियन बने छात्र-छात्राएं किए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** राजकीय महाविद्यालय मे आयोजित दो दिवसीय विंशतिः वार्षिक क्रीड़ा समारोह छात्र चैम्पियन व छात्रा चौम्पियन को पुरस्कार वित. रित के साथ समपन हुआ।

समापन समारोह मे प्राचार्य डॉ. प्रविन्द्र कुमार ने विजयी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में असफलता, सफलता प्राप्त करने की राह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा सत्र 2025-26 के छात्र एवं छात्रा चौंपियन हिमांशु, पुत्र जगदेव बी.कॉम. पचंम सेमे. व काजल पुत्री ओमप्रकाश बी.ए. पचंम सेमे. को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। क्रीडा सचिव डॉ. कुलदीप सिंह ने महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गरिमा चौधरी ने किया। प्रतियोगिताओं में छात्र/छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। जिसमें 200, मीटर दौड फाइनल छात्रा वर्ग में क्रमशः अनुशिखा चौधरी, मिनाक्षी, कशिश, ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 800 मीटर दौड़ फाइनल छात्र वर्ग में हिमांशु, आर्यन व आशीष कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्रिपद प्रतियोगिता छात्र वर्ग में हिमांशु, विनीत व आर्यन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. प्रमोद सिंह चौहान, डॉ. इन्दु, श्रीमती रीना आर्या, विकास शर्मा, सुन्दर लाल, सचिन खरे, गोविन्दा, रणजीत सिंह व ओमपाल का विशेष योगदान रहा।

# नुक्कड़ व चौराहों पर महिलाओं से पुलिस ने किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एंटी रोमियो मिशन शक्ति टीम द्वारा नगर के नुक्कड़, चौराहों स्कूल के आस पास महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा व साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला उप निरीक्षक सुमन के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक माधुरी शर्मा, महिला आरक्षी मनीता एवं चांदनी ने नगर के मुख्य चौराहों, बाजार व स्कूल के आस पास महिलाओं से संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें सरक. ारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जानक. ारी दी गई।

एंटी रोमियो मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को उनकी सुरक्षा के साथ साथ उन्हें स्वावलंबन व सशक्तिकरण के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। टीम द्वारा महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पम्पलेट भी वित. रित किये गये। उन्होने कहा कि महिलाएं हैल्पलाईन नम्बरों को हमेशा याद रखे।

# हजरत फातिमा जन्नत की औरतों की सरदारः मौलाना अर्शी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में हजरत फातिमा की शहादत की याद में आयोजित मजलिस में मौलाना हसन राजा अर्शी ने जनाबे फातिमा जहरा सलवातुल्लाह अलैहि की शहादत पर रोशनी डाली।

मोहल्ला हामिद हसन स्थित बड़े इमामबारगाह मजहरे कर्बला में आयोजित पांच दिवसीय मजलिस के अंतिम दिन सोमवार की रात्रि को मौलाना हसन राजा अर्शी ने बताया कि जनाबे फातिमा जहरा, नबी ए करीम मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की इकलौती बेटी थी। मोहम्मद अपनी बेटी से बेइंतहा मोहब्बत करते थे, रसूल ने फरमाया है कि मेरी बेटी हजरत फातिमा जहरा तमाम जन्नत की औरतों की सरदार है।

नबी ने फरमाया कि मेरी बेटी की शादी अल्लाह की मर्जी से हजरत अली इमाम अलैहिस्सलाम से की गई। क्योंकि खुदा ने बताया था कि जिसके घर में जोहरा नाम का सितारा उतरेगा उसी से जनाबे फातिमा की शादी होगी और वह सितारा अली के दर पर उतरा था। लेकिन जालिमों ने बड़ा ही जुल्म ढहाते हुए उसी दर यानि हजरत फातिमा जहरा के दरवा. जे पर आग लगा दी। जलता हुआ दरवाजा जिसमें एक कील थी हजरत फातिमा जहरा के शिकमे मुबारक यानि पेट पर गिरा दिया जिसकी वजह से उनके पेट में पल रहे जनाबे मोहसिन और खुद जनाबे फातिमा जहरा की शहादत हुई।

मजलिस में मर्सियाखानी तासीर हुसैन, गाजी तथा नोहा मौलाना हसन रजा अर्शी एवं मोहम्मद फैज, ने पढ़ा। सोगवार सदर अली इमाम, मौलाना गमखार हैदर, तहरीर अब्बास नकवी, मूसा इमाम, अलमदार हुसै, शाहबाज हुसैन, तारीफ हैदर, रईस हैदर, अली, हम्माद, दानिश, समर अब्बास, कमर अब्बास, जावेद, मेहरबान, चंदू, अरमान, अजमी, बासी आदि सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।

## मंत्रोच्चरण के साथ गणेश पूजन

**सहारनपुर।** ग्राम सोना अर्जुनपुर में आज बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ विग्रह प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश पूजन द्वारा किया गया।

पूजन कार्य आचार्य प्रवेश कौशिक, पं. अमित शर्मा, पं. विशाल कौशिक, पं. रजनीश शास्त्री, पं. जोशी, पं. अनिल शर्मा एवं पं. सचिन शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। पूजन उपरांत शोभायात्रा का शुभारम्भ हुआ, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के दौरान ग्रामवा. सियों ने पुष्पवर्षा कर धार्मिक कार्यक्रम का स्वागत किया। इस अवसर पर सुधीर प्रधान, रामबीर फौजी, मदन सिंह, आजाद सिंह, योगेन्द्र सिंह, अरविन्द उपस्थित रहे।

# वाहन ने महिला को मारी टक्कर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गंगोह-नानौता रोड पर अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सीएचसी लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वाहन की पहचान नहीं हो पाई।

कोतवाली गंगोह क्षेत्र के गंगोह नानौता रोड पर विश्वामित्र स्कूल के पास मंगलवार की सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि सड़क पार कर रही एक महिला को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर गंगोह पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल महिला को सीएचसी लेकर गई जहां प्राथमिक जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान सांगाठेड़ा गांव निवासी महिला मीना पत्नी सादा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक महिला के पति की भी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मजदूरी करते समय हुए हादसे में मौत हो गई थीं। पति के मौत के बाद मृतक महिला मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों को पाल रही थी। मीना की मौत के बाद उसके बच्चे बेसहारा को गए है।

जानकारी के अनुसार मृतक महिला के 5 छोटे छोटे बच्चे हैं। पुलिस घटना स्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी कर रही है, ताकि अज्ञात वाहन चालक का सुराग मिल सके। पुलिस का कहना है कि वाहन चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। मौके से एकत्र किए गए साक्ष्यों की मदद से जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। फिलहाल अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## हादसे में बाइक सवार घायल

**अंबेहटा।** मंगलवार की रात खेड़ा अफगान रोड पर एक बाइक सवार की अज्ञात वाहन से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी नीरज कुमार मौके पर पहुंचे और घायल को नकुड सीएचसी भिजवाया। और बताया कि घायल की पहचान अनुज नौटियाल पुत्र अशोक नौटियाल निवासी माता गढ़ मंदिर सहारनपुर के रूप में हुई है।

# 15 दिन बाद भी आरोपी पकड़ से बाहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सरसावा क्षेत्र के ग्राम पिलखनी में फास्ट फूड बेचकर परिवार का पालन-पोषण करने वाले सुबोध नामक युवक पर गांव के ही दबंग व्यक्ति रजत द्वारा गर्म तेल डालकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के 15 दिन बीतने के बावजूद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है जिसके चलते पीड़ित परिजन भयभीत एवं आक्रोशित हैं।

गौरतलब है कि थाना सरसावा के ग्राम पिलखनी में 10 नवंबर की शाम सुबोध अपनी फास्ट फूड की रेहड़ी पर ग्राहकों को खाना परोस रहा था। इसी दौरान गांव का दबंग रजत आ पहुँचा और फास्ट फूड व अंडों का ऑर्डर देने के साथ-साथ पैकिंग भी कराई। जब सुबोध ने उससे भुगतान करने को कहा, तो रजत भड़क उठा और पैसे देने से मना करते हुए गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि गुस्से में आकर रजत ने रेहड़ी में तोड़फोड़ की। साथ ही कढ़ाही में उबल रहा गर्म तेल उठाकर सुबोध पर फेंक दिया। तेल गिरते ही सुबोध गंभीर रूप से झुलस गया और दर्द से चीख पड़ा। ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां वह पांच दिनों तक भर्ती रहा।

घटना के बाद परिजनों ने पिलखनी चौकी इंचार्ज को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि चौकी इंचार्ज कभी मेडिकल रिपोर्ट तो कभी अन्य कारण बताकर कार्रवाई टालते रहे। थाना प्रभारी संजीव कुमार द्वारा कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद आरोपी अब भी खुलेआम गांव में घूम रहा है। पीड़ित सुबोध व परिजनों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती के दौरान आरोपी पक्ष ने समझौते का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी। गांव लौटने के बाद भी दबंग पक्ष लगातार भय का माहौल बना रहा है। परिजनों का आरोप है कि वे लगातार चौकी इंचार्ज को फोन कर रहे हैं, लेकिन वह फोन तक नहीं उठा रहे। न्याय की उम्मीद में परिजन अब एसएसपी कार्यालय पहुंचे और आरोपी की गिरफ्तारी व सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

बताया गया कि एसएसपी आशीष तिवारी पुलिसकर्मियों की ढिलाई पर कड़ी नाराजगी जता चुके हैं और पहले भी लापरवाही पर कार्रवाई कर चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिलखनी गांव में इस घटना के बाद भय और तनाव का माहौल बना हुआ है और लोग न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उम्दा खेल का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दून कॉलेज ऑफ एजुकेशन सुन्दरपुर, द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस दौरान आयोजित प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

आज गांधी पार्क स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर विमला वाई ने दीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण के साथ किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर विमला वाई ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल छात्रों के समग्र व्यक्तित्व विकास का मजबूत माध्यम हैं। ये अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। उन्होंने दून कॉलेज को इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि सहारनपुर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के प्रयास निरंतर बढ़ रहे हैं। मुख्य अतिथि ने आशा व्यक्त की कि सहारनपुर की उभरती खेल प्रतिभाएँ भविष्य में राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगी। आगामी दो दिनों में सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले आयोजित होंगे, जबकि समापन समारोह में विजेताओं को पदक, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों से अनुशासन, सौहार्द और खेल भावना बनाए रखने की अपील की है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी प्रोफेसर ओ. संदीप गुप्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का संदेश दिया। उद्घाटन समारोह में अंतरजनपदीय एथलेटिक्स खिलाड़ी एवं एस. आई., ट्रैफिक पुलिस संजय कुमार ने युवा खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और सकारात्मक सोच की प्रेरणा दी। दून कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ. शालिनी सोनी ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं शारीरिक विकास का उत्कृष्ट समन्वय है। आयोजन सचिव पुष्कर सिंह राणा के कुशल निर्देशन में प्रथम दिवस की सभी गति. विधियाँ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के अंतर्गत लंबी कूद, ऊँची कूद, शॉटपुट, जैवलिन सहित विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएँ आयोजित की जा रही हैं। जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। आकर्षक मार्च पास्ट ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अब्दुल अजीज खान, प्रोफेसर प्रवीण कादयान, मुख्य रेफरी भूपेन्द्र सिंह, डिप्टी रेफरी लाल धमेन्द्र प्रताप एवं मनीष कुमार शामिल रहे। जज एवं तकनीकी सहयोग में यशपाल सिंह पुण्डीर, ईश्वरपाल सिंह, संदीप पुण्डीर, मुस्तकीम अंसारी, स्नेहा सैनी, रमेश कुमार, प्रवीण सैनी, रोहित पुण्डीर का योगदान सराहनीय रहा। आयोजन समिति में विनोद कुमार, अरुण कुमार, उमेश कुमार, रिफाकत कुमार, अंकुश कुमार, तथा बीपीएड छात्र साहिल कुमार और सतीश का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# घेर में खेलने के दौरान लापता हुए मासूम का नहीं लगा कोई सुराग



■ पुलिस की कई टीमें लगातार बच्चें को तलाश करने में जुटी हुई हैं।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** घर के निकट निर्माणाधीन घेर में खेलने के दौरान लापता हुए चार वर्षीय मासूम आहद का पांच दिन गुजर जाने के बाद भी कुछ सुराग नहीं मिला है। संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए बच्चे के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस की कई टीमें लगातार बच्चें को तलाश करने में जुटी हुई हैं।

गांव बन्हेड़ा खास निवासी शफकत का चार वर्षीय मासूम पुत्र आहद विगत 20 नवम्बर की शाम करीब चार बजे अन्य दो बच्चों के साथ घर के निकट बन रहे एक घेर में खेलने के लिए गया था। इसी दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। काफी देर बीत जाने के बावजूद बच्चे के वापस न लौटने पर परिजनों ने उसे इधर उधर तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला इसके बाद घेर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी गई तो निर्माणाधीन घेर से केवल दो बच्चे वापस लौटते हुए नजर आए। काफी तलाश करने के बाद परिजनों ने मासूम के लापता होने की सूचना पुलिस को दी।

जिसके बाद पुलिस ने गांव पहुंचकर लापता आहद को ढूंढना शुरू किया। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बावजूद भी बच्चे का कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका के चलते रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। कोतवाल अमर पाल शर्मा ने बताया कि लापता बच्चे के चाचा शराफत की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस की कई टीमें गायब बच्चे को ढूंड रही हैं। तांत्रिक क्रिया समेत सभी संभव पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। गांव में लगे सीसीटीवी और आस-पास के खेतों में ड्रोन कैमरों की मदद से भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

# विद्युत कर्मी उपभोक्ता योजना की दे रहे जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शुरु की गई बिजली बिल राहत योजना-2025 एक दिसंबर से लागू होगी। अधिक से अधिक उपभोक्ता योजना से लाभांवित हो सकें इसके लिए निगम अधिकारियों ने डोर-टू-डोर अभियान चलाया।

निगम के अधिशासी अभियंता मृत्यंजय शाही और उपखंड अधिकारी पुलकित टंड के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत अधिकारी नगर और देहात क्षेत्र में उपभोक्ताओं के घरों पर पहुंचे और योजना से संबंधित पंफलेट देकर उन्हें इसके बारे में जानकारी दी। विशेषकर बकायेदारों से योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। इतना ही नहीं योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो इसके लिए निगम अधिकारी त्रिवेणी शुगर मिल पहुंचे और वहां किसानों को योजना और उससे मिलने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि यह सरकार की तरफ से यह ऐतिहासिक छूट है, जिसका लाभ उठाकर बिजली बिल समस्या का समाधान किया जा सकता है। इस मौके पर गुलशन झा, टीजीटू मोहम्मद जीशान आदि अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

# प्रभातफेरी का संगतों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी सुभाष चौक, रेलवे रोड़ इंडस्ट्रियल स्टेट, लाजपत नगर कालोनी, ब्रह्मपुरी कालोनी अशोक विहार, कैलाशपुरम कालोनी होते हुए वापिस गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान धन गुरू तेग बहादुर साहिब, प्रणाम शहीदा नूं व जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। विभिन्न स्थानों पर संगत ने फूलों की वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। प्रभात फेरी में सबसे आगे हाथों में निशान साहिब लिए छोट बच्चे चल रहे थे। भाई गुरदयाल सिंह, चंदद्रीप सिंह, विजय गांधी, चन्नी बेदी, स्वर्णजीत कौर, भोली मनचंदा, हर्षप्रीत मनचंदा, नीलम रानी, पपिन्द्र कौर, सरबजीत कौर ने गुरवाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया।

गुरुद्वारा साहिब पर संगत को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रमापति बैस ने कहा कि गुरुओं ने हिंदू धर्म व देश की संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से धार्मिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। सेठ कुलदीप कुमार, गुरजोत सिंह सेठी, सतीश गिरधर, सचिन छाबड़ा, हर्ष भारती, हरविंदर सिंह बेदी, हेमंत गिरधर, प्रिंस कूपर, अनिल मल्होत्रा, राजपाल नारंग, विजय गिरधर, अशोक गुप्ता, आदि शामिल रहे।

# पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम ही उखाड़ ले गए चोर

## सिविल लाइंस थाना क्षेत्र लोकोशेड पुल के पास एटीएम मशीन चोरी की घटना से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**





**मुरादाबाद।** सिविल लाइन क्षेत्र में चोरों ने एक ऐसा अनोखा कारनामा अंजाम दिया, जिसे सुनकर लोगों के होश उड़ गए। फव्वारा चौक के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम चोर देर रात उखाड़कर ले गए और मौके से फरार हो गए। वारदात की जानकारी होते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह जब स्थानीय लोगों ने एटीएस बूथ को खाली देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलने पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह,सीओ सिविल लाइंस कुलदीप यादव और सिविल लाइन थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। बताया जा रहा है कि चोरों ने वारदात को पहले से प्लानिंग कर अंजाम दिया। भारी उपकरणों की मदद से एटीएम मशीन को उखाड़ा गया और उसे किसी बड़े वाहन पर लादकर ले जाया गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मशीन में कितनी नकदी मौजूद थी, लेकिन घटना की गंभीरता को देखते हुए बैंक अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया।पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर चोरों की पहचान का प्रयास शुरू कर दिया है। अधिकारी यह भी जांच कर रहे हैं कि चोरों ने स्थानीय स्तर पर रेकी की थी या बाहरी गिरोह इस वारदात में शामिल है।

सिविल लाइन क्षेत्र जैसे व्यस्त इलाके में एटीएम चोरी की यह वारदात सुरक्षा व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े कर रही है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामला गंभीर है और कई टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपी चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।घटना के बाद से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं और बैंक तथा एटीएम बूथों की सुरक्षा पर सवाल उठा रहे हैं।

# पुलिस ने किया वारंटी गिरफ्तार



**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल के निर्देशन में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतू चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस द्वारा मंगलवार एक नफर वारण्टी अभियुक्त मोरसिंह उर्फ मो. हरसिंह पुत्र रेवती मौर्य निवासी ग्राम सराय ज्वालापुरी थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद सम्भल से संबंधित मु0स0 407/24 धारा 279, 337, 338 भादवि को ग्राम सराय ज्वालापुरी से गिरफ्तार किया गया।

# वैवाहिक सीजन और बाजारों की भीड़ से शहर में लग रहा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर में वैवाहिक सीजन अपने चरम पर पहुंच गया है। लगातार बढ़ रहे शादी-ब्याह के आयोजनों ने यातायात व्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित करना शुरू कर दिया है। बारात घरों, मैरिज लॉन और बैंक्वेट हॉल के बाहर होने वाली अनियमित पार्किंग से सड़कों पर जाम की स्थिति बन रही है। कई स्थानों पर बारातियों के वाहन सड़क के दोनों ओर खड़े होने से सड़क का बड़ा हिस्सा बाधित हो जाता है, जिससे वाहनों की आवा. जाही बेहद धीमी हो जाती है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, शादी के जुलूसों का धीमी गति से घंटों तक सड़क पर चलना भी जाम का प्रमुख कारण है। उधर, शादी और ठंड के मौसम को देखते हुए बाजारों में भी खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है। मुख्य बाजारों में पहले से मौजूद अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो चुकी हैं, जिस पर दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े होने से स्थिति और अधिक दयनीय हो जाती है। इस वजह से जाम की समस्या अब दिनभर बनी रहती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

## पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे "डायरिया से डर नहीं" कार्यक्रम की प्रगति व समीक्षा बैठक सोमवार को देर शाम मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि डायरिया के मामलों को स्वास्थ्य इकाई के ओपीडी रजिस्टर में दर्ज करने के साथ ही स्थिति के अनुसार इलाज एवं संदर्भन करें। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं की रिपोर्टिंग सही तरीके से हेल्थ मैनेजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। पीएसआई इंडिया के मो. रिजवान ने डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत अब तक आयोजित की गयीं गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा आगामी कार्ययोजना के बारे में भी बताया और उस पर स्वास्थ्य विभाग का सुझाव भी प्राप्त किया। बैठक में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास सिंह के साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुबीर सिंह, जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक प्रमोद कुमार, डीसीएए सचिन भारद्वाज, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक चंद्रशेखर, शहरी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम और सीसीपीएम आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने जांच कर कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** सुरजननगर के ताज मार्केट में मतदाता सूची के कार्य में लगी एक बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को मतदाताओं द्वारा परेशान करने का मामला सामने आया है। मतदाताओं ने बीएलओ से न केवल बहस की, बल्कि फॉर्म फाड़ने की धमकी भी दी। इस घटना के बाद बीएलओ ने उप-जिलाधिकारी (एसडीएम) से शिकायत की। शिकायत मिलने पर तहसीलदार ने ताज मार्केट पहुंचकर मामले की जांच की और संबंधित व्यक्तियों से बातचीत की।

तहसीलदार ने मतदाताओं को आवश्यक जानकारी देते हुए सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी मतदाता या अन्य व्यक्ति ने बीएलओ के साथ दुर्व्यवहार किया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने लोगों से बीएलओ के कार्य में सहयोग करने की अपील भी की। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से नहीं काटा जाएगा।

# शक्ति केंद्र पर एसआईआर कार्यों की समीक्षा, बूथ स्तर पर हुआ संवाद



**चन्दौसी।** मंगलवार को शक्ति केंद्र आचार्य मुकेश हकीम राइस सरस्वती इंटर कॉलेज हयातनगर में शक्ति केंद्र प्रभारी एवं बूथ संख्या 307 के अध्यक्ष सैय्यद शान अली तथा बूथ संख्या 308 के अध्यक्ष शकील उर्रहमान के नेतृत्व में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसआईआर (विशेष पुनरीक्षण) कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित बूथों पर नियुक्त बीएलओ से एसआईआर कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग और प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बूथ 307 के बीएलओ संजय गुप्ता और बूथ 308 की बीएलओ फौजिया रूही बैठक में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा संभल लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता भी मौजूद रहे।

# एनसीसी दिवस के उपलक्ष में एक साइकिल रैली का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी की सब यूनिट महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी दिवस के उपलक्ष में एक साइकिल रैली का आयोजन किया।

इस रैली में एनसीसी कैडेटों ने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस पर उन्हें नमन किया और भारतीय सिनेमा जगत की हस्ती श्री धर्मेंद्र जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। साइकिल रैली महारा. जा अग्रसेन इंटर कॉलेज मुरादाबाद से प्रारंभ होकर ग्रीन मिडोज स्कूल, अटल पथ पर होती हुई पुलिस लाइन के गेट के आगे से जिगर कॉलोनी, चक्कर की मिलक होती हुई वापस महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज मुरादाबाद पर समाप्त हुई। एनसीसी कैडेट अपने साइकिलों पर भारत की आन6 बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगा कर चल रहे थे। मेजर राजीव ढल ने बताया कि इस रैली के माध्यम से एनसीसी की बढ़ती लोकप्रियता को और जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया और साइकिल रैली बढ़ते प्रदूषण के दौर में पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देती है।

उन्होंने कहा कि हमें पेट्रोल व डीजल से चलने वाले वाहनों का कम प्रयोग करना चाहिए और हो सके तो आसपास जाना हो तो साइकिल का प्रयोग करना चाहिए।

# धर्मेन्द्र को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वैदिक रीति से अंतिम संस्कार होने पर ,इसे वैदिक रीति के लिए गौरव की बात कही गयी। फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र के मृत्यु पर आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद सहित अन्य समाज के सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञानेंद्र गांधी ने बताया कि एक फिल्म अभिनेता का घर वैदिक रीति से ओतप्रोत था इस कारण उनका अंतिम संस्कार आर्य समाज सांताक्रुज के पुरोहित आचार्य भूपेंद्र शास्त्री द्वारा वैदिक रीति से किये जाने पर आर्य समाज के लिये गौरव की बात कही । उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती के अन्नय पुरोधा, वैदिक मनीषि स्वामी विद्यानंद सरस्वती के संस्कार धर्मेन्द्र के पिता चौधरी केवलराम पर होने से घर में जन्मदिवसों आदि अवसरों पर यज्ञ होने की परम्परा के कारण ही आज अंतिम संस्कार वैदिक रीति से हुआ, इससे आर्य समाज मुरादाबाद के आर्यबंधुओ ने गौरव की अनुभूति की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ज्ञानेंद्र गांधी डा अभय श्रोत्रिय रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, लोकेश आर्य सुदेश आर्य,मीरा सोती, डा राममुनि, यशपाल आर्य, कपिल मुनि, अजबसिंह आर्य आदि रहे।

### बैंकों और एटीएम बूथों पर पुलिस टीमों ने चलाया चेकिंग अभियान

**मुरादाबाद।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और बैंकों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुरादाबाद पुलिस ने मंगलवार को व्यापक बैंक चेकिंग अभियान चलाया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस की विभिन्न टीमों ने शहर और देहात क्षेत्र की सभी प्रमुख बैंक शाखाओं, एटीएम बूथों तथा उनके आसपास के इलाकों में गहन चेकिंग की।अभियान के दौरान पुलिस ने बैंकों के बाहर खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा आने-जाने वाले ग्राहकों से पूछताछ की। कई स्थानों पर पुलिसकर्मियों ने मोटरसाइकिलों और चार पहिया वाहनों के कागजात भी चेक किए।

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

निगरानी संख्या-सी-202590 00000679

धारा-210 उ0प्र राजस्व संहिता 2006, मौजा डांगरौल परगना कांधला तहसील व जिला शामली।

सोमपाल **बनाम** श्रीमती नेहा आदि

**नोटिस बनाम**

1-श्रीमती नेहा पत्नी सोनू शर्मा 2-कोमल शर्मा पत्नी मोनू शर्मा 3 उ0प्र0 सरकार द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी जिला शामली। .....**विपक्षीगण**

प्रस्तुत निगरानी निगरानीकर्ता सोमपाल पुत्र गिरवर निवासी ग्राम डांगरोल परगना कांधला तहसील व जिला शामली ने जिलाधिकार शामली द्वारा वाद संख्या डी 2022097200 00590 अन्तर्गत धारा 98 (1) उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006, सोमपाल बनाम सरकार में पारित आदेश दिनांक 13.08.2022 के विरुद्ध निगरानी इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस निगरानी में दिनांक 27.11.2025 नियत है। अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 27.11.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित निगरानी में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

दिनांक-13.11.2025

**आज्ञा से**
**अपर आयुक्त (प्रशासन)**
**सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

(अल्पसंख्यक संस्थान)

देवबन्द कॉलेज ऑफ हायर एजूकेशन, देवबन्द

एन0सी0टी0ई0 द्वारा मान्यता प्राप्त

एस0सी0ई0आर0टी0 (भारत सरकार) से सम्बद्धता प्राप्त

**डी0एल0एड0(बी0टी0सी0) (2025-27)**

डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) 2025-27 में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ, प्रथम वरीयता मुस्लिम अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं, द्वितीय वरीयता अन्य अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं, तृतीय वरीयता महिला अभ्यर्थियों, कॉलेज स्टॉफ, विकलांग सैनिको के छात्र/छात्राओं एवं शेष समस्त सीटें अन्य छात्र/छात्राओं (सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति) से भरी जायेगी।
द्वितीय चरण हेतु अन्य राज्यों के छात्रों को वरीयता दी जायेगी।

**प्रवेश के लिये योग्यता:** सामान्य वर्ग हेतु स्नातक में 50%
अन्य पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु स्नातक में 45%
अन्य राज्यों के छात्रों के लिये आरक्षण अनुमन्य नहीं

आवेदन पत्र कॉलेज से जारी करने अथवा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारम्भिक तिथि 24.11.2025 से 15.12.2025

ऑनलाइन अथवा कॉलेज से प्राप्त आवेदन पत्र पूर्ण करने की अन्तिम तिथि 16.12.2025

कॉलेज नोटिस बोर्ड पर मेरिट लिस्ट चस्पा करने एवं वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि 23.12.2025

काउन्सिलिंग की तिथि 26.12.2025 से 16.01.2026

प्रवेश की तिथि 17.02.2026, 18.02.2026 एवं 19.02.2026

समस्त प्रवेश मेरिट के आधार पर होगें।

प्राचार्य
9411298511
वेबसाइट– www.dcheducation.co.in
ई–मेल– dchedeoband763@gmail.com

पता – जी0टी0 रोड, देवबन्द (सहारनपुर)




# भारत सीरीज गंवाने के संकट में

## भारत की दूसरी पारी में खराब शुरुआत हुई और उसके दोनों ओपनर 21 रन तक पवेलियन लौट गए

**गुवाहाटी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी चौथे दिन मंगलवार को पांच विकेट पर 260 रन पर घोषित कर भारत के सामने जीत के लिए 549 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए भारत ने स्टंप्स तक तक दो विकेट पर 27 रन बना लिए हैं। भारत अभी लक्ष्य से 522 रन पीछे है। भारत की दूसरी पारी में खराब शुरुआत हुई और उसके दोनों ओपनर 21 रन तक पवेलियन लौट गए। पहली पारी में छह विकेट लेने वाले मार्को यानसन ने यशस्वी जायसवाल को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया जबकि स्पिनर साइमन हार्मर ने केएल राहुल को बोल्ड किया। जायसवाल ने 13 और राहुल ने छह रन बनाए। स्टंप्स के समय साई सुदर्शन दो और नाईट वॉचमैन कुलदीप यादव चार रन बनाकर क्रीज पर थे। दक्षिण अफ्रीका इस मैच में जीत से मात्र आठ विकेट ही दूर है। वहीं भारत की सलामी जोड़ी पवेलियन लौट चुकी है। कल भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती पूरे ओवर खेलने की होगी और इसके लिए भारतीय बल्लेबाजों को बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अब मैच का नतीजा निकलेगा या नहीं निकलेगा यह तो कल पता चलेगा लेकिन अब तक की कहानी यही है कि दक्षिण अफ्रीका ने भारत को चारों खाने चित्त कर दिया है। खेल के आखिरी हिस्से में भारत के दो विकेट गिरे, जायसवाल और केएल राहुल के। मैच में अभी तीन सेशन बाकी हैं, दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए आठ विकेट चाहिए, जबकि इंडिया को 522 रन का बड़ा टारगेट चाहिए-जो असल में पहुंच से बहुत दूर है। इंडिया की जीत की उम्मीद नहीं है, लेकिन अगर वे अपना धैर्य बनाए रखते हैं और पॉजिटिव इरादा दिखाते हैं, तो वे अभी भी ड्रॉ कराने की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की टैक्टिक्स ने कुछ लोगों को हैरान कर दिया। डिक्लेरेशन में देरी करके और बहुत ज्यादा सावधानी बरतकर, उन्होंने बचे हुए इंडियन विकेट लेने के लिए कुछ कीमती ओवर गंवा दिए। एक ऐसे मैच में जिसमें बड़े एक्शन की जरूरत थी, इनिंग्स के आखिर में उनकी सुस्त बैटिंग ने डिक्लेरेशन को और भी हैरान कर दिया, एक ऐसा ऑप्शन जो इंडिया को बचने का रास्ता दे सकता है। उम्मीद है कि स्पिनर्स 5वें दिन स्क्रिप्ट बनाएंगे। महाराज, हार्मर और मुथुसामी के साथ, साथ ही मार्करम भी मदद के लिए मौजूद हैं, प्रोटियाज के पास खराब पिच का फायदा उठाने के लिए ऑप्शन की कोई कमी नहीं है। और फिर मार्को यानसन हैं। शायद इस टेस्ट के सबसे अच्छे परफॉर्मर। उन्होंने पहली इनिग में जरूरी रन बनाए, और उनकी तेज शॉर्ट-बॉल की बौछार ने तीसरे दिन इंडिया के बैट्समैन को परेशान कर दिया। द.अफ्रीका उनसे उम्मीद करेगा कि वे आखिरी दिन भी वही जोश दिखाएंगे। यह सिर्फ दूसरी बार है जब भारत को घरेलू टेस्ट में 500 से ज्यादा का टारगेट दिया गया है। इससे पहले 2004 में नाग. पुर में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 543 रन का टारगेट दिया था। वह मैच वे 342 रन से हार गए थे, जो रनों के हिसाब से उनकी सबसे बड़ी हार है। दक्षिण अफ्रीका ने कल के बिना कोई विकेट खोए 26 रन से आगे खेलना शुरू किया और पांच विकेट पर 260 रन पर अपनी पारी घोषित की।

## चार और टीमें मदुरै चेन्नई पहुंचीं

**मदुरै, वार्ता।** एफआईएच हॉकी मेन्स जूनियर वर्ल्ड कप से पहले उत्साह बढ़ने के साथ, जापान और चिली चेन्नई पहुंच गए, जबकि स्पेन और ऑस्ट्रिया 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक होने वाले इस बड़े इवेंट के लिए अपनी आखिरी तैयारियां शुरू करने के लिए मदुरै पहुंच गए। जापान, जो अपना चौथा जूनियर वर्ल्ड कप खेल रहा है, सोमवार देर रात पहुंचा। अर्जेंटीना, चीन और न्यूजीलैंड के साथ पूल सी में रखे गए जापानी, भारत के इस दौरे पर अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगे। वे 28 नवम्बर को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, फिर 30 नवम्बर को चीन से भिड़ेंगे, और आखिर में 1 दिसम्बर को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के साथ अपना ग्रुप स्टेज पूरा करेंगे। जापानी टीम के ठीक बाद चिली टीम थी, जिसे भारत, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## रोहित शर्मा पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए बने टूर्नामेंट एंबेसडर

**मुम्बई, वार्ता।** आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने रोहित शर्मा को पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टूर्नामेंट एंबेसडर घोषित किया है। 7 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले 2026 टी-20 विश्व कप को भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करेंगे। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य 18 टीमें हैं: अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, इटली, नीदरलैंड, नाम. ीबिया, ज़िम्बाब्वे, नेपाल, ओमान और यूएई। भारत मौजूदा डिफेंलडग चैंपियन है, जिसने रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्व कप के फ़ाइनल में बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

## चेन्नई 9-14 दिसम्बर तक स्क्वैश वर्ल्ड कप होस्ट करेगा

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई 9-14 दिसंबर तक होने वाले वर्ल्ड कप को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार है, इसलिए इस चहल-पहल वाले शहर में स्क्वैश का बड़ा धमाका होने वाला है। शहर शॉपिंग मॉल, एक्सप्रेस एवेन्यू और इंडियन स्क्वैश एकेडमी में होने वाली इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत समेत कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों को तीन-तीन टीमों के दो-चार ग्रुप में बांटा गया था, जिसमें भारत को ब्राज़ील और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है। तमिलनाडु सरकार द्वारा स्पॉन्सर किए गए इस इवेंट में दुनिया भर के स्क्वैश खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए मुकाबला करने के लिए एक साथ आएंगे, तमिलनाडु के डिप्टी चीफ मिनिस्टर उदयनिधि स्टालिन, जिनके पास स्पोर्ट्स पोर्टफोलियो भी है।

# वेंकटेश प्रसाद केएससीए अध्यक्ष पद के लिए अकेले दावेदार के तौर पर उभरे

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद मंगलवार को कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अध्यक्ष पद की दौड़ में अकेले बड़े दावेदार के तौर पर उभरे, क्योंकि चुनाव अधिकारी द्वारा जारी वैध नॉमिनेटेड उम्मीदवारों की फ़ाइनल लिस्ट में दो बड़े उम्मीदवारों, केएन शांतकुमार और सीनियर एडमिनिस्ट्रेटर विनय मृत्युंजय के नाम नहीं थे। इन अचानक हुई चूकों ने चुनावी माहौल को पूरी तरह बदल दिया, यह उस दिन हुआ जब कल्पना वेंकटचर, जो अकेली दूसरी बड़ी दावेदार थीं, ने कथित तौर पर अध्यक्ष पद की दौड़ से अपना नाम वापस लेने की घोषणा की, यह कहते हुए कि वह प्रसाद के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं, जिन्हें उन्होंने एक मजबूत



● **एक चिन्नास्वामी स्टेडियम में कैंडिडेट की मौजूदगी में सत्यापन पूरा करने के बाद वैलिड लिस्ट जारी की**

लीडर बताया। कर्नाटक हाई कोर्ट के रिट पिटीशन नंबर 34890/2025 के निर्देश पर जस्टिस सुभाष बी अदी की देखरेख में नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की गई। इसमें कई पोस्ट के कैंडिडेट को क्लियर कर दिया गया, लेकिन शांतकुमार - जो शुरू में प्रेसिडेंट पद के उम्मीदवार थे, और मृत्युंजय, जो सेक्रेटरी पद के लिए चुनाव लड़ रहे थे, की गैरमौजूदगी के लिए कोई वजह नहीं बताई गई। यह अभी साफ नहीं है कि उनके नॉमिनेशन रिजेक्ट किए गए या वापस ले लिए गए, और मंगलवार को कोई ऑफिशियल सफाई जारी नहीं की गई। इलेक्टोरल ऑफिसर डा. बी- बसवराजू, आईएएस (रिटायर्ड) ने एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में कैंडिडेट की मौजूदगी में वेरिफिकेशन पूरा करने के बाद वैलिड लिस्ट जारी की। ऑनरेरी वाइस प्रेसिडेंट के पद के लिए, पांच कैंडिडेट को मंजूरी दी गई है: डी'विरियोड सिवप्पा, संतोष मेनन, सुजीत सोमसुंदर बी, कल्पना वेंकटचार और बी- एन- मधुकर। ऑनरेरी सेक्रेटरी की रेस में ईएस जयराम, सुजीत सोमसुंदर और संतोष मेनन हैं, जबकि जॉइंट सेक्रेटरी के लिए बीके रवि, एवी शशिधर और अविनाश वैद्य

### 2026 टी-20 विश्व कप

# 15 फरवरी को होगी भारत-पाक की भिड़ंत

● **भारत और पाकिस्तान के ग्रुप में अमेरिका नीदरलैंड और नामिबिया को रखा गया है**

**मुम्बई, वार्ता।** 2026 टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत 15 फरवरी को कोलंबो में होगी। टूर्नामेंट के आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा मंगलवार को आईसीसी मुंबई में करेगी। 2025 एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच काफी गर्म माहौल में मैच खेले गए थे और इसके बाद ए दोनों टीमें पहली बार भिड़ती हुई नजर आएंगी। यह मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा जो टूर्नामेंट में भारत का ग्रुप स्टेज का तीसरा मैच होगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि भारत और पाकिस्तान के ग्रुप में अमेरिका, नीदरलैंड और नाम. ीबिया को रखा गया है। 7 फरवरी को मुंबई में भारत अपना पहला ग्रुप स्टेज मैच अमेरिका के खलिाफ खेलेगा और यही टूर्नामेंट का पहला दिन भी होगा। 12 फरवरी को दिल्ली में नामीबिया, फिर पाकिस्तान और 18 फरवरी को अहमदाबाद में नीदरलैंड्स के खलिाफ आखरिी ग्रुप स्टेज मैच खेलेंगे। ग्रुप स्टेज के दौरान टूर्नामेंट में प्रति दिन तीन मैच खेले जाएंगे। 7 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले 2026 टी-20 विश्व कप को



भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करने वाले हैं जिसमें पाकिस्तान अपने सारे मैच कोलंबो या कैंडी में खेल सकता है। फॉर्मेट को 2024 जैसा ही रखा गया है जिसमें 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सुपर -8 में प्रवेश करेंगी जहां फिर से उन्हें दो ग्रुपों में बांटा जाएगा। सुपर-8 के ग्रुपों में टॉप-2 पर रहने वाली टीमें सेमीफ़ाइनल में जगह बनाएंगी। यदि भारत ग्रुप स्टेज से आगे बढ़ता है तो उनके सुपर-8 के तीन मैच अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में होंगे। यदि वे अंतिम-4 में पहुंचे तो उनका सेमीफ़ाइनल मुंबई में होगा। ऐसा समझा जा रहा है कि आईसीसी ने कोलंबो या कोलक. ाता को दूसरे सेमीफ़ाइनल के लिए विकल्प में रखा है जिसका निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि श्रीलंका या पाकिस्तान में से कोई सेमीफ़ाइनल में पहुंच रहा है या नहीं। यदि पाकिस्तान फ़ाइनल में पहुंचा तो इसे कोलंबो में खेला जाएगा अन्यथा फ़ाइनल अहमदाबाद में होगा। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य 18 टीमें हैं: अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड,

# बेल्जियम के खिलाफ भारत 3-2 से हारा

● **सातवें नंबर की टीम भारत ने पक्के इरादे से शुरुआत की और बेल्जियम को दूर रखा**

**इपोह, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार को मलेशिया के इपोह में सुल्तान अजलान शाह कप 2025 में बेल्जियम के खिलाफ फाइटिग परफॉर्मेंस दी, लेकिन 3-2 से हार गई। सुल्तान अजलान शाह स्टेडियम में हुआ यह हॉकी मैच पहले सोमवार को होना था, लेकिन भारी बारिश की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया।

भारत के लिए अभिषेक (33') और शिलानंद लाकड़ा (57') ने गोल किए, जबकि पूर्व ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17', 57') और निक. ोलस डी केर्पेल (45') गोल करने वाले खिलाड़ी थे। सातवें नंबर की टीम भारत ने पक्के इरादे से शुरुआत की, दुनिया की नंबर 3 बेल्जियम को दूर रखा और शुरुआती दबाव का सामना किया। भारतीय गोलकीपर पवन को रीस्टार्ट के दोनों तरफ एक्शन में लाया गया, जिससे उनकी टीम बराबरी पर रही और वे लगातार गेम में आगे बढ़ते रहे। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर



से पहला असली मौका मिला, और जल्द ही उन्होंने दूसरा मौका भी बनाया। हालांकि, भारतीय डिफेंस ने मजबूती से खड़े होकर यह पक्का किया कि वे पहले क्वार्टर के बाद बराबरी पर रहें।

भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत फ्रंट फुट पर की, और मौके की तलाश में अच्छे पास दिए। हालांकि, बेल्जियम ने खेल के दौरान बढ़त बना ली, और रोमन डुवेकोट के गोल की मदद से पवन की रुकावट को तोड़ दिया। तुरंत जवाब की तलाश में, दिलप्रीत सिंह ने भारत के लिए एक अच्छा मूव पूरा किया लेकिन खतरनाक खेल के कारण गोल रद्द कर दिया गया। भारत के जोर लगाने और जांच करने के बावजूद, बेल्जियम ने हाफ टाइम तक अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ में भारत ने शुरुआत से ही जोरदार शुरुआत की और अभिषेक के शानदार मूव को गोल में बदलकर बराबरी हासिल की। मोमेंटम के साथ, भारतीयों ने दूसरे गोल की तलाश में बेल्जियम पर दबाव बनाया। हालांकि, निक. ोलस डी (45') ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बेल्जियम को बढ़त वापस दिला दी। उन्होंने जल्द ही अपनी बढ़त बढ़ा ली।

# किसान की बेटी और अस्मिता साइक्लिस्ट पूजा बिश्नोई ने रचा इतिहास

**जयपुर, वार्ता।** मंगलवार की एक हवादार सुबह जयपुर-आगरा हाईवे पर, सुबह के ट्रैफिक की जानी-पहचानी शांति की जगह रेसिग टायरों की आवाज और दर्शकों का बढ़ता उत्साह ले रहा था। यह खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का रोड साइक्लिग इवेंट था, और ठंडी हवा में साइकिल चला रहे राइडर्स में एक युवा महिला भी थी, जिसका स्टार्ट लाइन तक का सफर उन 30 किलोमीटर से कहीं ज्यादा लंबा और मुश्किल था, जिन्हें वह दौड़ने वाली थी। बीकानेर के एक छोटे से गांव की 22 साल की पूजा बिश्नोई, जो एक किसान की बेटी हैं और बिब नंबर-44 पहने हुए हैं, लाइनअप में सिर्फ एक और एथलीट नहीं थीं। वह हिम्मत और हिम्मत की कहानी थी-कोई ऐसा

● **गेम्स के सातवें एडिशन में मेजबान राज्य राजस्थान के लिए मेडल जीतने वाली पहली एथलीट बन गई**

जिसने खड़ी सड़कों या तंग मोड़ों से कहीं ज्यादा बड़ी मुश्किलों को पार किया था। इवेंट के आखिर तक, वह महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट करते हुए, गेम्स के सातवें एडिशन में मेजबान राज्य राजस्थान के लिए मेडल जीतने वाली पहली एथलीट बन गई। महिलाओं का एलीट 30 किमी इंडिविजुअल टाइम ट्रायल कॉम्पिटिटिव साइक्लिग की तरह जबरदस्त शुरुआत के साथ शुरू हुआ-लेकिन सरप्राइज जल्दी ही आ गया। पूजा आगे निकल गई, और 10 किमी का पहला लैप लीड में पूरा किया। उसकी रिदम पक्की थी, उसका पोस्चर पक्का था, और उसका कॉन्फिडेंस सबको अपनी ओर खींच रहा था। ट्रैक पर कोच हैरान होकर एक-दूसरे को देख रहे थे। देखने वाले आगे झुक रहे थे जैसे उनकी सांसें उसे और आगे धकेल देंगी। ऐसा लग रहा था कि यह एक ऐसी कहानी है जो उलटफेर में बदलने का इंतजार कर रही है। लेकिन साइक्लिग एक ऐसा खेल है जहां अनुभव अक्सर अहम साबित होता है। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर के लिए राइडिग कर रही अनुभवी मीनाक्षी रोहिल्ला-पटियाला के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की एक इंटरनेशनल साइक्लिस्ट, जिन्होंने एशिया कप और एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीते हैं।

# चेतन सपकल 25 मी. रैपिड फायर में छठे स्थान पर रहे

● **भारतीय शूटर्स ने टोक्यों में 25वें समर डेफलंपिक्स में 16 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया**

**टोक्यो, वार्ता।** भारत के चेतन हनमंत सपकल ने 25मी रैपिड फायर पिस्टल में छठा स्थान हासिल किया, जिससे भारतीय शूटर्स ने टोक्यो में 25वें समर डेफलंपिक्स में 16 मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। चेतन, जिन्होंने 564-5ग के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था, छह लोगों के फाइनल में आठ के स्कोर के साथ बाहर होने वाले पहले शूटर थे।

साउथ कोरिया के सेउंग ह्वा ली ने गोल्ड जीता, जबकि उनकी टीम के साथी ताए यंग किम ने ब्रॉन्ज और यूक्रेन के सेरही ओहोरोडनिक ने सिल्वर मेडल जीता। भारतीय शूटर्स ने टोक्यो में शूटिग रेंज में अपना दबदबा बनाया, 10 दिनों के कॉम्पिटिशन में शूटिग में कुल 39 मेडल में से 16 मेडल जीते, जिसमें सात गोल्ड, छह सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। सबसे सफल शूटर राइफल शूटर माहित संधू रही जिन्होंने दो गोल्ड और दो सिल्वर समेत चार मेडल जीते, उसके बाद पिस्टल शूटर अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने क्रम से दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता।

धनुष श्रीकांत ने भी 10मी एयर राइफल इंडिविजुअल और मिक्स्ड टीम इवेंट में दो गोल्ड मेडल जीते, जबकि मोहम्मद मुर्तजा वानिया (एक सिल्वर और ब्रॉन्ज) और कोमल मिलिद वाघमारे (दो ब्रॉन्ज) ने भी दो-दो मेडल जीते। अनुया प्रसाद ने 10मी एयर पिस्टल विमेंस इवेंट में गोल्ड जीता, जबकि शौर्य सैनी ने 50मी 3पोजिशन में सिल्वर और कुशाग्र सिंह राजावत ने 50मी राइफल प्रोन इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

# दीप्ति डब्ल्यूपीएल मेगा नीलामी में सबसे ज्यादा डिमांड वाली खिलाड़ी होंगी: वेदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** जैसे-जैसे टीमें टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 मेगा ऑक्शन की तैयारी कर रही हैं और अपनी टीम को मजबूत करना चाहती हैं, सभी की नजरें भारत की टॉप ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और भरोसेमंद बैट्समैन हरलीन देओल पर हैं, जो उनकी लाइन-अप को मजबूत करेंगी। जियो हॉटस्टार के शो 'मोस्ट वांटेड: टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 ऑक्शन' में एक्सपर्ट अंजुम चोपड़ा और वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड असर और हरलीन देओल की वैल्यू को खास भारतीय खिलाड़ियों के तौर पर बताया, जिन पर हर फ्रेंचाइजी करीब से नजर रखेगी। अंजुम चोपड़ा ने अपनी राय साझा करते हुए कहा,ष्गुजरात जायंट्स को मेगा-ऑक्शन में दीप्ति शर्मा पर जरूर विचार करना चाहिए।

● **गुजरात जायंट्स को मेगा ऑक्शन में दीप्ती शर्मा पर जरूर विचार करना चाहिए : अंजुम चोपड़ा**

दिल्ली कैपिटल्स भी उन्हें एक भारतीय खिलाड़ी के रूप में टारगेट कर सकती है जो बैटिग और बॉलिग दोनों को मजबूत करती है। गुजरात और दिल्ली के बाद यूपी वॉरियर्स उनकी सर्विस लेने में दिलचस्पी रखने वाली तीसरी टीम हो सकती है। गुजरात जायंट्स द्वारा हरलीन देओल को रिलीज किए जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे हैरानी है कि गुजरात जायंट्स ने हरलीन देओल को रिलीज किया। वह एक मल्टी-टैलेंटेड भारतीय खिलाड़ी है जो थोड़ी बॉलिग भी कर सकती है, और मुझे उम्मीद है कि वह अपनी बॉलिग स्किल्स को और डेवलप करेगी। ऑक्शन में उसमें अच्छी दिलचस्पी होगी। दीप्ति शर्मा के साथ, वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी होगी जिसे हर फ्रेंचाइजी टारगेट करेगी क्योंकि टीमें मजबूत भारतीय बैट्समैन और संभावित लीडरशिप ऑप्शन चाहती हैं। वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा की स्किल्स की तारीफ की और बताया कि मेगा नीलामी में वह सबसे ज्यादा डिमांड वाली प्लेयर क्यों होंगी। उन्होंने कहा कि दीप्ति शर्मा पिछले डब्ल्यूपीएल सीजन से एक जानी-मानी मैच-विनर हैं, उन्होंने बैट और बॉल दोनों से शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने हाल ही में खत्म हुए विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी जीता। मेगा-ऑक्शन में उनकी डिमांड जरूर ज्यादा होगी, और हर फ्रेंचाइज उन पर करीब से नजर रखेगी।

## आईएससीएल ने ग्रैंड ऑफिशियल जर्सी लॉन्च और टीम ओनर्स इंट्रोडक्शन सेरेमनी होस्ट की

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट फाउंडेशन की लीडरशिप में आईएससीएल ने अपनी ऑफिशियल जर्सी लॉन्च और टीम ओनर्स इंट्रोडक्शन सेरेमनी होस्ट की, जो पूरे भारत में सॉफ्टबॉल क्रिकेट को प्रोफेशनल पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस इवेंट में देश भर के राज्यों, शहरों और इलाकों को रिप्रेजेंट करने वाली 32 टीमों के आने का जश्न मनाया गया, जिसमें अंडमान और निकोबार आइलैंड्स और लक्षद्वीप से पहली बार हिस्सा लेने वाली टीमें भी शामिल थीं।

# नीता अंबानी ने भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई



**मुम्बई, वार्ता।** रिलायंस फॉउंडेशन की चेयरपर्सन और संस्थापक नीता एम- अंबानी ने इंडियन ब्लाइंड विमेंस क्रिकेट टीम को पहला ब्लाइंड विमेंस टी 20 वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई दी है। नीता अंबानी ने बधाई देते हुए कहा कि हमारी नीली जर्सी वाली लड़कियों ने हमें एक बार फिर गर्व महसूस कराया है, क्योंकि इंडिया की विजुअली इम्पेयर्ड विमेंस क्रिकेट टीम ने पहला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता है। उन्होंने हमें दिखाया है कि असली विजन दिल से आता है। उनकी जीत हिम्मत, हिम्मत और कभी न टूटने वाले जज्बे की जीत है। उन्होंने लाखों लोगों के लिए उम्मीद, संभावना और प्रेरणा का रास्ता दिखाया है। उन्हें और उनके परिवारों को मेरी तरफ से दिल से बधाई।

# भगवान राम राष्ट्र के सुशासन का आधर: डा.अजय

## श्रीराम मंदिर के शिखर पर ध्वज स्थापना के भव्य आयोजन का दिखाया लाइव प्रसारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर के शिखर पर ध्वज स्थापना के भव्य आयोजन का सीधा प्रसारण नारायणपुरी मंदिर द्वार पर बड़ी एल. ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से किया गया।

आज कोर्ट रोड स्थित गिल कालोनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन के साथ ही मंदिर निर्माण कार्य पूर्णता को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय सिंह ने भगवान राम को राष्ट्र के सुशासन का आधार बताया। पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने इसे देशवासियों के लिए गर्व का क्षण कहा। महर्षि विश्वामित्र विद्यापीठ के अधिष्ठाता संजय प्रपन्नाचार्य ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक क्षण बताया। कार्यक्रम में राकेश वीर, अजय वसिष्ठ (भाजपा अध्यक्ष), वर्षा चोपड़ा (भाजपा महिला मोर्चा), रवि टंडन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

ध्वज स्थापना के उपरांत आरती व प्रसाद वितरण किया गया तथा सायंकाल 1100 दीपक प्रज्ज्वलन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संच. ालन सुरेंद्र मोहन कालड़ा (अध्यक्ष, कोर्ट रोड व्यापार मंडल) ने किया। आलोक वत्स द्वारा फूल सजावट व संपूर्ण व्यवस्था यशवी ऑनलाइन फ्लावर के सौजन्य से कराई गई। आयोजन में शशिकांत त्यागी, गौरव कपिल, रविंद्र कालरा, राज. ेश अरोड़ा, रोहित शाह, संजय कालरा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव पठेड निवासी इसरार की केरल में हुई मौत के बाद परिजनों द्वारा मृतक के शव को मंगलवार को पैतृक गांव पठेड लाया गया, जहां गमगीन माहौल में मृतक को सुपुर्दे खाक किया गया।

ग्राम पठेड निवासी इसरार पुत्र भूरा प्लम्बर का काम करने के लिए केरल गया हुआ था, जहां पर बुधवार को काम करते समय उसकी हार्ट अटैक से मौत हो गयी थी। इसरार की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन मृतक का शव लेने केरल के लिए रवाना हो गये थे। बताया जा रहा है कि इसरार के पिता व दो भाईयों की मौत भी हार्ट अटैक से पहले ही हो चुकी है, ओर इसरार की मौत भी हार्ट अटैक से ही होना बतायी जा रही है।

परिजनों द्वारा मंगलवार को सुबह के समय इसरार के शव को गांव लाया गया। मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों, ग्रामीणों व रिस्तेदारों द्वारा गमगीन माहौल में मृतक के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

# हत्याकांड खुलासे पर एसपी सिटी का स्वागत



**सहारनपुर।** अमजद हत्याकाण्ड के खुलासे पर शेखपुरा कदीम में एसपी सिटी का विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया गया।

बता दे कि करीब 20 दिन पूर्व शेखपुरा कदीम में नवयुवक अमजद का अपहरण के बेरहमी से कत्ल कर लाश ढमोला नदी में फेंके जाने की घटना ने पुलिस प्रशासन को झकझोर कर रख दिया था, जिसमें जनपद के विभिन्न दलों से जुड़े नेताओं करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर नीरज चौहान, पूर्व राज्यमंत्री/सुभासपा राष्ट्रीय सचिव सैयद शकील, सांसद इमरान मसूद, विधायक मुकेश चौधरी, विधायक देवेंद्र निम आदि द्वारा मृतक के मुल्जिमान की गिरफ्तारी व लाश की बरामदगी को दबाव बनाया जाता रहा था, पुलिस ने मृतक की लाश को बरामद कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस कार्य प्रणाली से खुश होकर शेखपुरा कदीम व आसपास के ग्रामीणों ने एसपी सिटी व्योम बिंदल व थाना देहात पुलिस का स्वागत किया।

करणी सेना प्रभारी/वरिष्ठ समा. जसेवी कारी राव नौशाद, राव कासिम, राव शाहिद, राव गुलशेर, राव हाजी मसूद, राव रहमानी, राव उस्मान ने अपने साथियों के साथ भव्य स्वागत करते हुए कहा, कि अमजद हत्याकांड में दिनरात एक करके जिला प्रशासन ने इस हत्याकांड के मुल्जिमों को व उनके द्वारा गायब किए गए मृतक के शरीर को बरामद किया है, वह काबिले तारीफ है। इस अवसर पर राव शाहरुख, रियाजुल हसन, खुशतर अली, मुफीद राणा, भाई फखरू, राव इंतजार आदि मुख्य रूप से उपस्थिति रहे।

# सपा नेत्री रूही अंजुम गुरु तेग बहादुर स्कूल में सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री गुरू तेग बहादुर जी की 350 वीं शहीदी शताब्दी के मौके पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सपा नेत्री रूही अंजुम को सम्मानित किया गया।

गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा समिति और स्कूल प्रबंधन के भव्य कार्यक्रम के दौरान यूथ फाउंडेशन द्वारा रक्तदान- नेत्र शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव नेता रूही अंजुम को स्कूल प्रबंधन और यूथ फाउंडेशन द्वारा सम्मानित भी किया गया। समारोह में जनरल सेक्रेट्री गुरुद्वारा सिंह सभा अमनदीप सिंह, प्रिंसिपल इंदरपाल सिंह, मैनेजर बॉबी माखन ने रूही अंजुम का स्वागत कर उन्हें सम्मान-पत्र भेंट किया।

# एसआईआर फार्म भरने की बढ़े अवधि: फरहाद

## सपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने सरसावा ब्लाक के शिविरों में स्थिति देख सरकार से की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने ब्लाक सरसावा क्षेत्र में लगे एसआईआर फार्म शिविरों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होने कहा कि एसआईआर फार्म भरने की प्रक्रिया को सरकार तीन महीने और बढाये।

ब्लाक सरसावा के क्षेत्र के जैन कन्या इन्टर कालेज, दयाचंद जैन इन्टर कालेज समेत विभिन्न शिविरों में फार्म भरने की स्थिति का जायजा लिया। फरहाद ने कहा कि नकुड विधानसभा क्षेत्र में अभी तक भी 30 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने अपने फार्म जमा नही किये है। जबकि फार्म जमा करने की अंतिम तिथि नजदीक है। बीएलओ पर भी काम की अधिकता होने के कारण वह अपने अपने क्षेत्र को कवर नही कर पा रहे है। जिसका नुकसान आम मतदाता का होगा। उन्होने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को पूरी करने की अवधि तीन माह तक बढाई जाये ताकि बीएलओ भी बिना तनाव काम कर सके और आम मतदाता 100 प्रतिशत एसआईआर फार्म भरकर जमा सके।

## मंडी कोतवाली पुलिस ने वारंटी पकड़ा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर अपराधों को नियंत्रित करने एवं अपराधों में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में एक वारंटी आरोपी गुल. बहार मौहम्मद पुत्र फुरकान निवासी नाजिम कालोनी खाताखेड़ी थाना मंडी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दबोचा गया आरोपी एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/21/22 के मामले में वांछित चल रहा था।

## धोखाधड़ी के दो आरोपी हत्थे चढ़े

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी करने के मुकदमे में 2 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार वादी मोतसीम पुत्र अलताफ निवासी मोहनपुर गाड़ा दिल्ली रोड थाना सदर बाजार ने लिखित तहरीर देकर बताया आरोपियों ने धोखाधड़ी कर गालीगलौच व मान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना सदर बाजार पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव व उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों मेहरान व जीशान पुत्रगण रिजवान निवासीगण ग्राम दाबकी जुनारदार थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया।

# कैंप में दिव्यांग बच्चों को उपकरण का वितरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खंड संसाधन केंद्र बीराखेड़ी विकासखंड गंगोह में दिव्यांग बच्चों का उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति पाल, जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर के पुनर्वास विशेषज्ञ दिव्यांम सिंह, सूरज कुमार ऑडियोलॉजिस्ट, नीरज कुमार सैनी, जसवंत सिंह शिक्षक के द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर, पुष्प एवं माल्याअर्पण कर किया गया। जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि महा सितंबर 2025 में कैंप लगाकर कुल 148 दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपकरणों हेतु चिन्हित किया गया था, उक्त चिन्हित बच्चों को आज उपकरण का वितरण किया जा रहा है। कैंप मे बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे 31 व्हीलचेयर, 17 ट्राईसाइकिल, 20 सी. पी.चेयर, 6 ब्रेल किट, 4ब्रेल स्लेट, 2 स्मार्ट केन, 30 श्रवण यंत्र, 6 एगजिला क्रच, 52 टी. एल.एम. किट एवं 10 रोलेटर इस प्रकार कुल 148 बच्चों को कुल 178 उपकरणों का वितरण किया, उपकरण के रखरखाव के संबंध में पुनर्वास विशेषज्ञ दिव्यांम के द्वारा अभिभावकों को अवगत कराया गया, ऑडियोलाजिस्ट सूरजपाल के द्वारा श्रवण यंत्र के प्रयोग, रख-रखाव के संबंध में अभिभावकों को जानकारी दी गई, प्रीति पाल के द्वारा सभी अभिभावकों से अपील की गई की सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालयों में जाएं और उपलब्ध कराए गए। उपकरण यंत्रों का नियमित रूप से प्रयोग करें अभिभावकों से अनुरोध किया गया कि बच्चों को नियमित विद्यालय में भेजें।

कैंप मे कमलेश कुमार यादव, विपुल शर्मा, शशिकांत प्रसाद सिंह, चन्द्रमणि रुहेला, प्रमोद सिंह, रजनीकांत यादव, संजय कुमार, आनंद प्रकाश बोहरा स्पेशल एजुकेटर, उपस्थित रहे।

## स्मैक के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर आपरेशन सवेरा अभियान के अन्तर्गत कोतवाली बेहट पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले अलग अलग स्थानों से दो नशा तस्करों को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किए है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का चालान कर न्यायालय में पेश किए है जहां न्यायालय द्वारा उन्हें जेल भेज दिए गये है।

कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस मादक पदार्थों की बिक्री करने वालो के खिलाफ धड़पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने गश्त के दौरान कस्बे के दयालपुर रोड पर सरकारी हॉस्पिटल के पास से फारूक उर्फ खट्टा पुत्र कामिल निवासी मोहल्ला इंद्रा काला. ेनी कस्बा बेहट जनपद सहारनपुर को 12 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। इस के अलावा पुलिस ने चेकिंग के दौरान गांव मलकपुर नहर पुल के पास से मुकर्रम पुत्र इकब्बाल निवासी गांव खुजनावर थाना फतेहपुर को 21 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किए हैं जहां न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिए है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि नशे का करोबार करने वालो के खिलाफ धड़पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अवैध धंधा करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# महारैली में करें भारी भागेदारी: सलीम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नानका गंदेवड़ा में राव सलीम जजनेर के नेतृत्व में रविवार को ऐसी बैठक हुई कि पूरा गांव एक स्वर में बोल उठा- "26 नवंबर को चंद्रशेखर आजाद की संवैधानिक अधिकार बचाओ महारैली में पूरी ताकत के साथ दिल्ली कूच करेंगे!"चौपाल पर सैकड़ों लोग जुटे। बच्चे, जवान, बुजुर्ग सब एक साथ।

राव सलीम ने जोश भरा भाषण दिया, "यह रैली सिर्फ रैली नहीं, बाबा साहब के संविधान को बचाने की कसम है। हमारे हक की लड़ाई है। एक भी घर खाली न रहे, हर घर से कम से कम एक व्यक्ति जरूर जाए!"लोगों ने तालियां और नारे लगाते हुए हुंकार भरी। "जाएंगे जरूर जाएंगे!"ब्लॉक अध्यक्ष वकार, मसरूर अली, शमशाद आलम, आजम, सुफियान, दिलशाद, रईस, सुलेमान, नेता जुनैद, मुजीब, सलमान, जीशान, रईस नदीम, अफजल, राशिद, तसव्वर, माना, असलम और गांव के सैकड़ों लोग एक सुर में बोले "दिल्ली में हमारी गूंज सुनाई देगी। संविधान बचाओ, समाज बचाओ!"बैठक में बसों का इंतजाम, बैनर-पोस्टर, युवा टीमें सब फाइनल हो गया।

राव सलीम ने अंत में हाथ उठवाकर सब से संकल्प दिलाया ख़ "26 नवंबर को नानका गंदेवड़ा से भारी हुजूम मुजफ्फरनगर पहुंचेगा। यह हमारा वादा है!"पूरी बैठक में सिर्फ एक ही नारा गूंजता रहा. "जब तक सांस, तब तक संविधान के साथ 26 नवंबर, मुजफ्फरनगर में मिलेंगे!"

# गुरु तेग बहादुर स्कूल में गुरमत समागम का आयोजन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले सिक्खों के नवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में आज गुरमत समागम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगत ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ उपस्थिति दर्ज कराई।

पटेल नगर स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित समागम में विशेष तौर पर भाई जोधबीर सिंह (लुधियाणा वाले), भाई सिमरप्रीत सिंह (हजूरी रागी, श्री दरबार साहिब, अमृतसर), भाई नरिन्दरपाल सिंह (हजूरी रागी जत्था, श्री गुरु सिंह सभा) एवं भाई अमरपाल सिंह (हजूरी कथावाचक) ने कीर्तन, सिमरन तथा गुरु साहिब के जीवन और शहादत की अमर गाथा द्वारा संगत को प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल मैनेजर सतविंदर सिंह माकन ने कहा कि धर्म और मानवता की रक्षा हेतु गुरु साहिब द्वारा दी गई बलिदानी मिसाल संसार में अद्वितीय है, हमें उनके उपदेशों पर चलकर समाज और देश को मजबूत बनाना चाहिए। समागम में नैत्र चिकित्सा शिविर एवं एच.टी.सी. वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रक्तदान शि. विर का भी आयोजन किया गया। स्कूल की ओर से गुरमत प्रदर्शनी भी लगाई गई।

इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुंबर, मेयर डा.अजय सिंह समेत राजनेताओं व प्रशासनिक अधिकारियो ने मत्था टेक गुरू का आर्षीवाद प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंध समिति के प्रधान सुजसबीर सिंह, प्रभजोत सिंह, परमिन्द्र सिंह कोहली, अमनप्रीत सिंह, छवप्रीत सिंह, तथा प्रधानाचार्य इंदरपाल सिंह, स्टाफ एवं अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम का समापन गुरु का लंगर वितरित करके किया गया। कार्यक्रम का संचालन परमजीत सिंह चढ़ा ने किया।

## एजेन्सी को सौंपे गैस सिलेन्डर

**सहारनपुर।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे माल मुकदमाती निस्तारण अभियान एवं ऑपरेशन क्लीन के अंतर्गत आज महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई।

नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह एवं पूर्ति निरीक्षक सहारनपुर के आद. ेशों का अनुपालन करते हुए थाना कोतवाली देहात के माल गृह में विभिन्न मुकदमों से संबंधित 17 घरेलू गैस सिलेंडरों को सुरक्षा के मद्देनजर इंडेन गैस एजेंसी, पुराना कलसिया रोड, ग्राम ज्ञानगढ़ में दाखिल कराकर विधिक निस्तारण की कार्रवाई पूरी की गई। सिलेंडर अभिरक्षा हेतु गठित टीम में क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय मनोज यादव, थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, थाना कोतवाली देहात निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेलब अमित पाल शामिल रहे।

# महा आरती के साथ भजन कीर्तन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** ककराली सरोवर पर यज्ञ का शुभारंभ मंत्रोपचार और धार्मिक जयकारे के साथ आरंभ हो गया। शाम को महा आरती के बाद भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चला।

कार्यक्रम का आरंभ ककराली सरोवर परिसर में स्थापित किए गए वेदी स्थल से किया गया। इस अवसर पर किए गए पूजन में मुख्य यजमान प्रदीप गोयल-अनीता गोयल, सुशील शर्मा-सुनीता शर्मा के अलावा सभी यजमान मौजूद रहे। योगेश दीक्षित, सुनील दीक्षित व अन्य विद्वानों ने वेदी स्थल पर सभी ग्रहों व देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। पूजन कार्यक्रम करीब चार घंटे तक चला। सभी पितृ व देवताओं का आह्वान भी किया गया। मंत्रोच्चार की गूंज से माहौल पूरा धार्मिक बना रहा। इसके बाद पुराहितों ने महायज्ञ को आरंभ कराया। यज्ञ 1 दिसंबर तक लगातार चलेगा तथा पूर्ण आहुति के बाद संपन्न होगा। शाम को महा आरती के बाद भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चला। इस अवसर पर प्रदीप गोयल, अनीता गोयल, महंत सुशील शर्मा, सुनीता शर्मा, अरविंद मखीजा, राकेश गोयल, दिनेश गोयल, अर्पित गोयल, अंकित गोयल, वीरेंद्र गर्ग, अनुपम गोयल, कुशाग्र आदि मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ ने बनाई यूपी पर 24 रन की बढ़त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बीसीसीआई अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच रोमांचक खेल जारी रहा।

तीसरे दिन की शुरुआत से ही यूपी की टीम ने जोरदार बल्लेबाजी करते हुए 370 रन बनाकर अपनी पारी समाप्त की। टीम के लिए कार्तिकेय सिंह ने 88 और यश ने 15 रन का योगदान दिया। पहली पारी में उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ पर 190 रन की बढ़त ले ली थी।छत्तीसगढ़ की ओर से मो. फैज खान ने 3, धनंजय नायक ने 2 और विधान जैन ने 2 विकेट लिए।अपनी दूसरी पारी खेलने उतरी छत्तीसगढ़ ने तीसरे दिन के खेल समाप्त होने तक 5 विकेट खोकर 214 रन बना लिए थे और उत्तर प्रदेश पर 24 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। छत्तीसगढ़ के बल्लेबाजों में बालाजी राव ने 38, यश ने 36, विकल्प तिवारी ने 53 और फैज खान ने 36 रन बनाकर नॉट आउट थे। उत्तर प्रदेश की गेंदबाजी में रवि सैनी ने 3, अयान अकरम और कार्तिकेय ने 1-1 विकेट अपने नाम किए। मुकाबला बिहारीगढ़ के सुंदरपुर स्थित सॉलिटेयर क्रिकेट ग्राउंड पर जारी है। चौथे और आखिरी दिन का खेल बुधवार को होगा, जिसमें मुकाबला निर्णायक रूप ले सकता है।मैच में बीसीसीआई के रेफरी अलिंद नायडू, अंपायर अक्षय जांबलेकर और संदीप वासुदेव चव्हाण है। मैनुअल स्कोरिंग प्रशांत चतुर्वेदी और ऑनलाइन स्कोरिंग एसपी सिंह संभाल रहे है। वीडियो एनालिस्ट के रूप में ऋषि कपूर और सतीश अवस्थी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।मैच के आयोजन में डायरेक्टर सॉलिटेयर क्रिकेट ग्राउंड डॉ. सैयद फैसल, एसडीसीए के चेयरमैन मोहम्मद अकरम, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा, संरक्षक अमर गुप्ता, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर,एसडीसीए के पदाधिकारी राज कुमार राजू, यूपीसीए कमेटी सदस्य साजिद उमर, जॉइंट सेक्रेटरी महेश शर्मा, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार,सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राक. ेश शर्मा, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, भावना तोमर, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष, राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल, ललित पंवार और मृदुल गर्ग ने सहयोग प्रदान किया।


## सम्पादकीय

बुधवार, 26 नवम्बर 2025

# एसआईआर का जाल

बिहार चुनाव के बाद देश के बारह राज्यों में एसआईआर का काम चल रहा है। इसकी जिम्मेदारी उन बीएलओ को दी गई है, जो लोकतंत्र का एक हिस्सा हैं। लेकिन सरकार उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज कर रही हैं। ये बीएलओ घर-घर जाकर दस्तावेज इकट्ठा कर रहे हैं और मतदाता सूची को सही और अद्यतन बनाने में जुटे हैं। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए यह प्रक्रिया बेहद जरूरी है। लेकिन जाल ऐसा हो गया है कि बीएलओ का उसमें से निकलना मुश्किल हो रहा है। नतीजतन देश के अलग अलग राज्यों में 16 बीएलओ की मौत हो गई। सरकार की इस प्रक्रिया पर विपक्ष सवाल उठा रहा है और आम जनता भी कई दिक्कतों का सामना कर रही है। इन सबके बीच हम उन बीएलओ को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं, जो इस अभियान में सबसे सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन्हें लोकतंत्र के सच्चे सिपाही कहा जा सकता है, लेकिन यही सिपाही इस समय परेशान हैं, दबाव में हैं, डर में जी रहे हैं और कई ने तो अपनी जान भी गंवा दी है। ये सभी बीएलओ वर्तमान में किसी न किसी स्कूल में शिक्षक, शिक्षा मित्र के रूप में कार्यरत हैं। कई तो ऐसे हैं जो कई चुनाव देख चुके हैं, जिन्होंने हर बार बिना सवाल किए सरकार के आदेशों का हर बार पालन किया है, लेकिन इस बार जमीन पर मिसमैनेजमेंट ऐसी है कि ये शिक्षक भी त्रस्त हो चुके हैं। दूसरी तरफ अधिकारियों द्वारा काम समय से एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। एक बीएलओ ने दावा किया कि उन्हें टारगेट पूरा न करने पर एफआईआर किए जाने की धमकी दी गई। चुनाव आयोग ने तो यहां तक कह दिया है कि यदि किसी बीएलओ ने सही प्रकार से काम नहीं किया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बेहतर होता कि सरकार इन्हें पहले संसाधन उपलब्ध कराती और फिर कार्यभार सौंपती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि 21 नबंवर की रात से 22 नवंबर के मध्य प्रदेश में दो बीएलओ की बीमारी के कारण मौत हो गई। पश्चिम बंगाल में नदिया में बीएलओ रिंकू का शव घर की छत से लटका मिला। राज्य में एसआईआर से जुड़ा दूसरा सुसाइड, तीसरी मौत है। राजस्थान के जयपुर में रविवार को बीएलओ मुकेश जांगिड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी। करौली में बीएलओ की मौत हो गई। सवाई माधोपुर में एक बीएलओ को हार्ट अटैक से मौत हो गई। मध्य प्रदेश में एक रात में 2 बीएलओ की मौत हो गई और एक लापता हो गया, जबकि दो को हार्ट अटैक आया। देश में एसआईआर का इतना विरोध हो रहा है, लेकिन सरकार के ऊपर कोई असर नहीं हो रहा है। इसी से दुखी पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पैदल मार्च निकालना शुरू कर दिया है। सरकार को चाहिए कि एक बार फिर वह इस बारे में सोच और कोई सकारात्मक समाधान निकाले।

## हमारे देश की आत्मा है संविधान



भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है, संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जियो, हमारे देश में बोली, भाषा, खानपान सहित अनेक विविधताएं हैं, लेकिन देश की समस्त विविधताओं को एक करने का काम हमारा संविधान करता है, हर विद्यालय, महाविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम में संविधान का अध्ययन होना चाहिए भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है और यह हमारे देश की आत्मा है।

**-ओम बिरला**
**लोकसभा अध्यक्ष**

# यूपी विधानसभा चुनावों में ओवैसी का अखिलेश यादव से मुलाकात का वादा

> रामगढ़ में बसपा उम्मीदवार के जुलूस में एआईएमआईएम के बैनर भी देखे गए। खबर है कि एआईएमआईएम ने अपने समर्थकों से उन जगहों पर बसपा को वोट देने की अपील की जहां उसका कोई उम्मीदवार नहीं था। जबकि बिहार में एआईएमआईएम का चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टियों के साथ गठबंधन था। बिहार में बसपा का कुल वोट प्रतिशत 1.62 रहा। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में अपना दल की पल्लवी पटेल और स्वामी प्रसाद मौर्य की राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के भी संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि जून 2021 में एक समाचार चैनल की रिपोर्ट के बाद मायावती ने कहा था, श्यह खबर पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार है।



**एम हसन**

एआईएमआईएम के लिए उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन मजबूत करना एक मुश्किल काम है क्योंकि उसे मुसलमानों को अपनी क्षमता का एहसास दिलाना होगा, जबकि सपा अभी तक इस समुदाय पर ऑक्टोपस जैसा नियंत्रण रखती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि एआईएमआईएम, गठबंधन में या अकेले, भाजपा विरोधी वोटों को बांट पाती है या नहीं और इससे हिंदुत्व समर्थक ताकतों को एकजुट करने में भी मदद मिल सकती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश 2027 के चुनावी संग्राम की ओर बढ़ रहा है।

बिहार विधानसभा चुनाव में 1.85 प्रतिशत वोटों के साथ पांच सीटें जीतने के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने अब 2027 के यूपी विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की राह में रोड़ा अटकाने की धमकी दी है। हालांकि, अपनी पार्टी के लिए मुस्लिम समर्थन की जमीनी हकीकत को अच्छी तरह से जानते हुए अखिलेश यादव ने अब तक ओवैसी के बयानों पर चुप्पी साधे रखी है। हालांकि बिहार में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, उत्तर प्रदेश में 2027 के भारतीय गठबंधन का स्वरूप अभी स्पष्ट नहीं है, फिर भी सपा 2027 में पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन को लेकर बेहद सतर्क है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) तथा कुछ अलग-अलग गुटों के बीच एक व्यापक गठबंधन था। हालांकि, कांग्रेस केवल दो सीटें ही जीत पाई और रालोद आठ सीटें (2.9 प्रतिशत वोट) जीतने के बाद भाजपा में शामिल हो गई। लगभग 33 प्रतिशत वोटों के साथ सपा ने 111 सीटें जीती थीं। तब एआईएमआईएम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। मुस्लिम समुदाय, जो सपा के साथ मजबूती से खड़ा था, ने एआईएमआईएम को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया था। एआईएमआईएम ने 103 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत पाई और उसे केवल 0.49 प्रतिशत वोट मिले। उसे सबसे ज्यादा वोट 36460 (16.27 प्रतिशत) आजमगढ़ के मुबारकपुर से मिले थे, जहां से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली मैदान में थे। गुड्डू जमाली विधानसभा में बसपा के नेता प्रतिपक्ष थे और चुनाव से पहले सपा में शामिल हो गए थे, लेकिन सपा से टिकट न मिलने पर वे एआईएमआईएम में शामिल हो गए। यह गुड्डू जमाली की व्यक्तिगत छवि ही थी जिसने एआईएमआईएम को भारी वोट दिलाए। इसलिए, बसपा, एआईएमआईएम और कुछ छोटे दलों के तीसरे मोर्चे की किसी भी संभावना की कल्पना करना अभी जल्दबाजी होगी। बसपा प्रमुख मायावती पहले ही यूपी चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर चुकी हैं। 2022 में, एआईएमआईएम ने छोटे दलों के साथ गठबंधन करने की कोशिशें की थीं, लेकिन यह कोशिश कामयाब नहीं हो पाई। अब बिहार में बसपा और एआईएमआईएम के बीच बहुचर्चित अप्रत्यक्ष गठबंधन के बाद, जहां बसपा विजेता सतीश यादव रामगढ़ ने जीत के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मायावती के साथ ओवैसी के पोस्टर लगाए थे, यूपी में दोनों दलों के सपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आने की कहानी गढ़ी जा रही है।

रामगढ़ में बसपा उम्मीदवार के जुलूस में एआईएमआईएम के बैनर भी देखे गए। खबर है कि एआईएमआईएम ने अपने समर्थकों से उन जगहों पर बसपा को वोट देने की अपील की जहां उसका कोई उम्मीदवार नहीं था। जबकि बिहार में एआईएमआईएम का चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टियों के साथ गठबंधन था। बिहार में बसपा का कुल वोट प्रतिशत 1.62 रहा। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में अपना दल की पल्लवी पटेल और स्वामी प्रसाद मौर्य की राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के भी संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि जून 2021 में एक समाचार चौनल की रिपोर्ट के बाद मायावती ने कहा था, श्यह खबर पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार है। इसमें जरा भी सच्चाई नहीं है।श मायावती ने तब 2022 में एआईएमआईएम के साथ गठबंधन की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया था और वह अपने इस रुख पर अड़ी रहीं। लेकिन अब मायावती उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की पुरजोर कोशिश कर रही हैं और ओवैसी भाजपा की बी टीम के ठप्पे से छुटकारा पाने के लिए बेताब दिख रहे हैं। यह तभी संभव होगा जब वह बसपा के साथ गठबंधन करने में कामयाब हो जाएं। हालांकि, बसपा सूत्रों ने बताया कि वह अपने मूल वोट बैंक जाटवों की प्रतिक्रिया का आकलन कर रही हैं, जिनकी ग्रामीण इलाकों में मुसलमानों के साथ नजदीकियां बहुत अच्छी नहीं रही हैं, चूंकि इस बहुचर्चित गठबंधन का व्यापक प्रभाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर से लेकर सहारनपुर तक लगभग 100 सीटों पर पड़ सकता है, इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या जाटव एआईएमआईएम को वोट देने के लिए तैयार होंगे। एआईएमआईएम की तरह, उत्तर प्रदेश का अल्पसंख्यक समुदाय भी बसपा को भाजपा की बी टीम मानता है।

नाम न छापने की शर्त पर एक सपा नेता ने कहा, इसलिए दो बी टीमें सपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आने की कोशिश कर रही हैं। इसमें कोई शक नहीं कि बसपा और एआईएमआईएम के बीच गठबंधन सपा में बड़ी खलबली मचा सकता है और मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन बसपा को छोड़कर छोटे दलों के साथ गठबंधन से ओवैसी को अपेक्षित परिणाम मिलने की संभावना कम है, जो अखिलेश यादव को सबक सिखाने को तैयार हैं। एआईएमआईएम ने बिहार महागठबंधन से गठबंधन के लिए संपर्क किया था और सिर्फ छह सीटें मांगी थीं, लेकिन यादव परिवार ने हिंदुओं के आक्रोश के डर से इनकार कर दिया। उत्तर प्रदेश में मौजूदा अत्यधिक सांप्रदायिक स्थिति के तहत, मायावती, जो पिछड़े समुदायों को लुभाने और खोए हुए दलित वोट को वापस पाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही हैं, ओवैसी से हाथ मिलाने से पहले गहराई से मूल्यांकन करेंगी, लेकिन दरवाजे के पीछे सौदा, जैसा कि बिहार में कुछ सीटों पर हुआ था, एक संभावना हो सकती है। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समर्थन आधार जुटाने के लिए 6 दिसंबर को नोएडा में एक रैली बुलाई है। पिछले कुछ चुनावों के दौरान बसपा के समर्थन में काफी गिरावट आई है, जो 2022 में लगभग 12 प्रतिशत और 2024 के लोकसभा चुनाव में घटकर नौ प्रतिशत रह गया। प्रतिशत में गिरावट दर्शाती है कि राज्य में जाटव भी भाजपा में चले गए हैं। इस प्रकार बसपा के लिए खोए हुए वोट को वापस लाना और फिर अपनी जीतने योग्य स्थिति में आना एक कठिन कार्य है। पिछले कुछ वर्षों में अधिकांश प्रमुख मुस्लिम नेता बसपा से अन्य दलों में चले गए हैं। एआईएमआईएम के लिए यह काम और भी मुश्किल है क्योंकि उसे मुसलमानों को अपनी क्षमता का एहसास दिलाना होगा, जबकि सपा अभी तक इस समुदाय पर ऑक्टोपस जैसा नियंत्रण रखती है। वरिष्ठ सपा नेता आजम खान की लंबी कैद और रामपुर में उनकी उच्च शिक्षा योजना को मिली क्षति ने समुदाय को काफी ष्भावनात्मक रूप से प्रभावितष् किया है। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एआईएमआईएम, गठबंधन में या अकेले, भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित कर पाती है और अप्रत्यक्ष रूप से हिंदुत्व समर्थक ताकतों को एकजुट करने में मदद कर पाती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश 2027 के चुनावी समर की ओर बढ़ रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विपक्ष मुक्त लोकतंत्र के दुष्प्रयास अभी भी जारी



**तनवीर जाफरी**

7 जून 2013 को गोवा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनाव अभियान समिति की बैठक के दौरान जिस समय नरेंद्र मोदी को 2014 लोकसभा चुनावों के लिए अभियान समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया उस समय उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि कांग्रेस मुक्त भारत हमारा सपना होना चाहिए। इस आह्वान के फौरन बाद उन्होंने ट्विटर पर भी इसकी पुष्टि करते हुए लिखा था कि वरिष्ठ नेताओं ने मुझ में विश्वास जताया है। हम कांग्रेस मुक्त भारत का निर्माण करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उसके बाद से अब तक वे इसी बात को दूसरे शब्दों में अपनी चुनावी सभाओं या सार्वजनिक रैलियों आदि में कहते रहते हैं। जैसे कभी देश को ष्कांग्रेस संस्कृति से मुक्तिष् दिलाने की बात कभी पंजे से मुक्ति, कभी तुष्टिकरण से मुक्ति तो कभी परिवारवाद व भ्रष्टाचार से मुक्ति के रूप में देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस को कोसकर विपक्ष मुक्त लोकतंत्र की अपनी हसरत की अभिव्यक्ति करते रहे हैं। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की 99 सीटें आने के बाद मोदी की इस हसरत पर विराम लग गया था। फिर भी कांग्रेस के दर्जनों नेताओं को भय लालच आदि के द्वारा अपने पाले में कर कांग्रेस को पूरी तरह कमजोर करने की कोशिश जरूर की गई। अब बिहार चुनाव परिणामों से उत्साहित भाजपा दिल्ली से लेकर कर्नाटक तक एक बार फिर कांग्रेस व विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश करने लगी है। इसी उद्देश्य से पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने सूरत में एक कार्यक्रम के दौरान फिर एक बयान दिया है। इस बार मोदी ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी सांसदों की पैरवी करते हुए उनके राजनीतिक कैरियर के प्रति चिंता जाहिर की है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के युवा सां. सदों को पार्टी नेतृत्व बोलने नहीं देता, जिससे उनका राजनीतिक कैरियर बर्बाद हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सांसद मुझसे मिलते हैं, तो वे कहते हैं, हम क्या कर सकते हैं? हमारा कैरियर खत्म हो रहा है। हमें संसद में बोलने का मौका ही नहीं मिलता। हर बार यही कहा जाता है कि संसद को ताला लगा दो। उन्होंने कांग्रेस पर और भी हमले किए। मोदी द्वारा विपक्षी सांसदों की फिक्र किए जाने के सन्दर्भ में यह सोचना जरूरी है कि अपनी ही पार्टी के शीर्ष नेताओं का बना बनाया कैरियर समाप्त करने या उन्हें अज्ञातवास अथवा राजनैतिक संन्यास पर भेजने के लिए मजबूर करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को आखिर विपक्षी सांसदों के कैरियर की चिंता कैसे सताने लगी ? गुजरात से लेकर दिल्ली तक कितने नेताओं को दरकिनार कर प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले मोदी को विपक्षी सांसदों के कैरियर की चिंता सताने लगी? लाल कृष्ण आडवाणी ने तो खुद मोदी जी का कैरियर बचाने में उनकी मदद की थी। याद कीजिए 2002 के गुजरात दंगों के बाद तो तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने मोदी को गुजरात के मुख्यमंत्री पद से हटाने की ठान ली थी। उस समय आडवाणी ने ही मोदी का साथ देकर इन की कुर्सी बचाई थी। बाद में मोदी ने आडवाणी जी को कहां पहुंचा दिया ? जिनके पैर छुआ करते थे उन्हें ऐसे मार्ग दर्शन मंडल में भेज दिया जहां से मार्ग दर्शन लेने की किसी को जरूरत ही नहीं होती? मुरली मनोहर जोशी का वाराणसी से टिकट काट कर पहले खुद चुनाव लड़ा बाद में उन्हें भी मार्ग दर्शन मंडल का रास्ता दिखा दिया? मार्गदर्शन मंडल के बारे में बताया गया कि 75 की आयु पार करने वालों को इसमें स्थान मिलेगा परन्तु स्वयं 1950 में जन्मे मोदी भी आज 75 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं।

तो क्या 75 के नाम पर अपने अनेक वरिष्ठ नेताओं का कैरियर चौपट करने वाले मोदी जी को स्वयं अपनी आयु 75 होने पर मार्गदर्शक मंडल का रास्ता नजर नहीं आता? केंद्र में 79 वर्षीय जीतन राम मांझी मंत्री बनाए जा सकते हैं। 83 वर्षीय आनंदीबेन पटेल व 81 वर्षीय आचार्य देवव्रत राज्यपाल बनाए जा सकते हैं परन्तु सुब्रमण्यम स्वामी, यशवंत सिन्हा, शत्रुघ्न सिन्हा, अरुण शौरी जैसे नेताओं के कैरियर की कोई फिक्र नहीं ? ऐसे और भी अनेक उदाहरण हैं जो यह दर्शाते हैं कि मोदी को अपने राजनैतिक कैरियर के सिवा किसी और के राजनैतिक कैरियर की कोई फिक्र नहीं होती। लंबे समय तक भाजपा में रहने वाले शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद कहा था कि भाजपा में अब लोकतंत्र नहीं, तानाशाही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आर के सिंह को बिहार चुनाव परिणाम आते ही इसलिए पार्टी से निकाल दिया गया क्योंकि उन्होंने न केवल पार्टी के अपराधी नेताओं को पार्टी प्रत्याशी बनाने पर सवाल खड़ा किया था बल्कि अडानी पावर व नीतीश सरकार के बीच हुए कथित 62,000 करोड़ रूपए के बिजली घोटाले का भी खुलासा किया था और इस घोटाले की जांच की मांग की थी। इसलिए कांग्रेस या विपक्षी सांसदों के कैरियर को लेकर चिंतित होना दरअसल उनके कैरियर की चिंता करना नहीं बल्कि अपनी इन कथित चिंताओं का प्रदर्शन कर कांग्रेस व विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश मात्र है। कुछ ऐसी ही कोशिशें इन दिनों लालू यादव के परिवार में पड़ी पारिवारिक फूट को लेकर देखी जा रही हैं। यहां भी लालू -तेजस्वी का विरोध करने वाले परिवार के सदस्यों को हवा देने की खबरें आ रही हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों को समाहित करता है भारतीय संविधान






**अतुल गोयल**

26 नवम्बर को भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है, जो वास्तव में भारत के लोकतांत्रिक स्वाभिमान का उत्सव है। संविधान सभा ने इसी दिन वह महान दस्तावेज अपनाया था, जिसने हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा का आश्वासन दिया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की दूरदर्शिता और संविधान सभा की सूझ-बूझ ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा और सर्वाधिक प्रगतिशील संविधान दिया, जो आज भी हमारी राष्ट्रीय एकता और शक्ति का आधार है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसे तैयार करने में करीब तीन वर्ष लंबी अवधि लगी थी। संविधान सभा की अध्यक्षता डॉ। राजेंद्र प्रसाद ने की थी, जिन्होंने इस महान दस्तावेज को अंतिम रूप दिया। डॉ। भीमराव अंबेडकर, संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे, जिन्हें 'भारतीय संविधान के निर्माता' के रूप में जाना जाता है। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित हमारा संविधान न केवल नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा करता है बल्कि उनके कर्तव्यों को भी परिभाषित करता है। भारत के संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन ही इसलिए चुना गया था क्योंकि 1930 में इसी दिन पूर्ण स्वराज्य की घोषणा की गई थी। हालांकि इसे स्वीकृत 26 नवम्बर 1949 को ही कर लिया गया था। इसीलिए 26 नवम्बर को ही 'संविधान दिवस' मनाया जाता है। यह अवसर हमें संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करने और इसके आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें हमारे संविधान और उसकी विशेषताओं की याद दिलाता है। दरअसल भारतीय संविधान ने देश को एक ऐसा ढ़ांचा प्रदान किया, जो लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है। यह दिवस हमें संविधान निर्माताओं के योगदान और उनकी मेहनत को याद करने का अवसर देता है। संविधान निर्माण की मांग का इतिहास 19वीं सदी के अंत से ही शुरू हो गया था। सन् 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने यह मांग की थी कि भारत का संविधान भारतीयों द्वारा ही बनाया जाना चाहिए। उनके सहयोगियों द्वारा तैयार किए गए स्वराज्य विधेयक के प्रारूप को ब्रिटिश सरकार ने ठुकरा दिया था। वह पहली बार था, जब स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की बात उठाई गई थी। 1922 में महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत का राजनैतिक भविष्य भारतीय स्वयं तय करेंगे। उसी के तहत 1924 में पं। मोतीलाल नेहरू ने संविधान सभा के गठन की मांग उठाई। हालांकि, वह मांग भी अंग्रेजों द्वारा अस्वीकार कर दी गई थी। उसके बाद संविधान सभा की मांग लगातार उठती रही लेकिन ब्रिटिश सरकार उसे मानने के लिए तैयार नहीं थी। 1939 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया कि स्वतंत्र भारत के संविधान का निर्माण केवल संविधान सभा द्वारा ही किया जा सकता है। इसके बाद 1940 में ब्रिटिश सरकार ने उस मांग को स्वीकार किया कि भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा बनाया जाएगा। 1942 में ब्रिटिश सरकार ने भारत में संविधान निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्स कमीशन का गठन किया। क्रिप्स मिशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत में एक निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करेगी। यह प्रस्ताव भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। 9 दिसंबर 1946 को सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में संविधान सभा की पहली बैठक आयोजित की गई। हालांकि, मुस्लिम लीग ने अलग पाकिस्तान की मांग को लेकर उस बैठक का बहिष्कार किया। इसके बावजूद संविधान निर्माण की प्रक्रिया जारी रही। 11 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की बैठक में डॉ। राजेंद्र प्रसाद को इसका स्थाई अध्यक्ष चुना गया। वे संविधान निर्माण की पूरी प्रक्रिया के दौरान इस पद पर बने रहे। उनकी अध्यक्षता में संविधान सभा ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और संविधान का प्रारूप तैयार किया। 14 अगस्त 1947 को भारत डोमिनियन की प्रभुत्ता सम्पन्न संविधान सभा ने पुनः बैठक की। उस बैठक में 29 अगस्त 1947 को संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया और डॉ. भीमराव अंबेडकर को सर्वसम्मति से उसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार माना जाता है। संविधान प्रारूप समिति की बैठकें कुल 114 दिनों तक चली। संविधान निर्माण के लिए विभिन्न वर्गों, समुदायों और संगठनों के सुझावों को ध्यान में रखा गया। भारतीय संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा। इस कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रूपए का खर्च हुआ। यह अपने आप में एक विशाल और जटिल कार्य था, जिसमें संविधान सभा के सदस्यों ने दिन-रात कड़ी मेहनत की। संविधान निर्माण के दौरान संविधान सभा ने कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई। भारत के संविधान को भारत की विविधता और एकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया, जो विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों को समाहित करता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जिसमें विभिन्न विषयों को विस्तारपूर्वक शामिल किया गया है। संविधान में भारत को एक संघीय राज्य घोषित किया गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों का विभाजन किया गया है। भारतीय संविधान नागरिकों को छह प्रमुख मूल अधिकार प्रदान करता है। यह अधिकार नागरिकों की स्वतंत्रता और समानता की गारंटी देते हैं। भारत में संसदीय प्रणाली अपनाई गई है, जिसमें कार्यपालिका विधायिका के प्रति उत्तरदाई होती है। भारतीय संविधान न्यायपालिका को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाए रखने की व्यवस्था करता है। संविधान में समय-समय पर संशोधन की व्यवस्था की गई है ताकि इसे समय के साथ प्रासंगिक बनाए रखा जा सके। भारत का संविधान लागू हुआ था और उसके बाद से संविधान में कई संशोधन किए गए हैं। अब तक इसमें 440 से भी अधिक अनुच्छेद और 12 अनुसूचियां शामिल हो चुकी हैं। भारतीय संविधान समय के साथ बदलते सामाजिक, आर्थिक, और राजनैतिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए संशोधित किया जाता रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की सख्ती के बाद चीन ने पल्ला झाड़ा

## शंघाई एयरपोर्ट विवाद में नया मोड-बीजिंग ने अरुणाचल की महिला के साथ दुर्व्यवहार का किया खंडन

**बीजिंग/नई दिल्ली।** चीन ने शंघाई एयरपोर्ट पर अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय महिला को परेशान किए जाने के आरोपों को सख्ती से खारिज कर दिया है। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लंदन से जापान जा रही भारतीय नागरिक पेमो वांगजॉम थोंगडोक के साथ कोई दुर्व्यवहार, हिरासत या दबाव नहीं डाला गया। यह बयान ऐसे समय आया है जब घटना के बाद भारत ने बीजिंग और दिल्ली दोनों जगह चीन को कड़ा विरोधपत्र सौंपा है और साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने आरोपों को खारिज करने के साथ ही यह भी कहा कि थोंगडोक की यात्रा के दौरान चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने सिर्फ कानून और नियमों के अनुसार प्रक्रिया अपनाई। उन्होंने कहा कि न तो महिला को किसी जबरन कार्रवाई का सामना करना पड़ा और न ही उसे हिरासत में लिया गया। माओ निंग ने कहा कि जांच पूरी तरह कानूनी थी और कानून प्रवर्तन निष्पक्ष रहा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि एयरलाइंस ने उन्हें आराम की सुविधा और भोजन भी उपलब्ध कराया। थोंगडोक, जो यूके स्थित भारतीय नागरिक हैं, 21 नवम्बर को लंदन से जापान जा रही थीं। उनका तीन घंटे का ट्रांजिट था, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि चीनी अधिकारियों ने उनका पासपोर्ट अमान्य बताकर उन्हें रोक लिया। उनका कहना है कि यह इसलिए किया गया, क्योंकि उनके पासपोर्ट में जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश दर्ज है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने पोस्ट में उन्होंने बताया कि उन्हें 18 घंटे तक रोका गया और बार-बार पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए अपमानजनक रहा।



सीमा पर चीन लगातार बढ़ा रहा ताकत, हवाईपट्टी से लेकर रेल नेटवर्क तक बनाने में जुटा, हरकतें जारी

दिल्ली में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घटना के दिन ही भारत ने चीन को कड़ा डिमार्श जारी किया। भारत ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश 'निस्संदेह' भारतीय क्षेत्र है और वहां के लोग भारतीय पासपोर्ट पर दुनिया में कहीं भी यात्रा करने का पूरा अधिकार रखते हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शंघाई में स्थानीय स्तर पर तुरंत दखल दिया और महिला को सहायता प्रदान की। दूतावास अधिकारियों की मदद से वह देर रात की उड़ान से शंघाई छोड़ सकीं। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने घटना पर नाराजगी जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि एक भारतीय नागरिक के साथ ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है और यह घटना चीन के रवैये को उजागर करती है।

खांडू ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई भारतीय नागरिकों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है और भारत को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने प्रभावित महिला के साहस की भी सराहना की, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भारतीय दूतावास से संपर्क किया। वहीं तिब्बत से लगती सीमा पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब लगातार अपनी स्थिति को मजबूत करने में जुटी हुई है। चीनी सेना ने इस इलाके में रसद केंद्र से लेकर संपर्क मजबूत करने के लिए सुविधाएं स्थापित की हैं। हाल ही में चीन ने तिब्बत में एक ड्रोन (मानवरहित हवाई वाहन) परीक्षण केंद्र की स्थापना की है। माना जा रहा है कि 4300 मीटर की ऊंचाई पर बने इस परीक्षण केंद्र में पीएलए और चीनी ड्रोन निर्माता को इन यूएवी के भीषण मौसम और उच्च ऊंचाई वाले हालातों में परीक्षण में मदद मिलेगी।

इस नई एयरफील्ड में एक 720 मीटर लंबी एक हवाईपट्टी, चार हैंगर्स और प्रशासनिक इमारतें शामिल हैं। गौरतलब है कि तिब्बत के पठार का पहाड़ी इलाका और भीषण मौसम सैन्य अभियानों और रसद पहुंचाने की कोशिशों में काफी चुनौतियां पैदा करता है। इस इलाके में तैनात पीएलए के नए रंगरूटों को कई बार ऊंचाई से होने वाली बीमारियों की वजह से अतिरिक्त ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। चीन की ये हरकतें भारत की जमीनी सीमाओं तक ही सीमित नहीं हैं। दक्षिणी चीन सागर में उसने फिर से पाई गई जमीन पर सैन्य सुविधाएं स्थापित की हैं। इनमें हथियारों को स्थापिक करने से लेकर मुख्य इलाकों में लगातार उपस्थिति बनाए रखने जैसी चीजें शामिल हैं। अमेरिकी वायुसेना के अंतर्गत आने वाले चीन एयरोस्पेस अध्ययन संस्थान (सीएएसआई) की सितम्बर, 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक तिब्बत के अंदर और बाहर परिवहन नेटवर्क के अभाव चीनी सेना की भारत की सीमा पर सैन्यबल तैनात करने में एक प्रमुख वजह है।



छत्तीसगढ़। बस्तर जिले के बुरुंडवाड़ा सेमरा गांव में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए गणना फॉर्म भरने में मतदाताओं की सहायता करते हुए।

# इजरायली पीएम नेतन्याहू का भारत दौरा फिर टला

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस साल के अंत में भारत की यात्रा पर आने वाले थे, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपनी इस यात्रा को टाल दिया है। उनकी यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए तय की गई थी। सूत्रों के अनुसार, यह कदम नई दिल्ली में हुए एक भयानक आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। इस हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हुए।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो नेतन्याहू अब अगले साल नई तारीख तय करेंगे, जब सुरक्षा परिस्थितियों का आकलन हो जाएगा। बता दें कि इस बार को लगाकर इस साल इजरायली पीएम नेतन्याहू ने तीन बार भारत की यात्रा रद्द की है। पहले उन्होंने नौ सितम्बर को भारत यात्रा रद्द की थी। इसका कारण था इजरायल में 17 सितम्बर को होने वाले चुनाव

बेंजामिन नेतन्याहू अब अगले साल नई तारीख तय करेंगे

और उससे जुड़े कार्यक्रम। इसके पहले अप्रैल में भी उनकी यात्रा रद्द हो गई थी। नेतन्याहू का भारत यात्रा इजरायल में उनके वैश्विक स्वीकार्यता दिखाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा था। कारण है कि इस साल जुलाई में उनकी पार्टी ने नेतन्याहू की पीएम मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ तस्वीर वाले पोस्टर लगाकर उनकी छवि को मजबूत करने की कोशिश की थी। हालांकि इस बात में भी कोई दोहराई नहीं है कि उनका चुनाव अभियान हमेशा से यह दिखाने पर केंद्रित रहा है कि वह दुनिया के नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध रखते हैं, जो कि इजरायल की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन शांति योजना पर रूस की प्रतिक्रिया

**मॉस्को।** रूस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन संकट के समाधान के लिए यूरोपीय संघ का शांति प्रस्ताव रूस को पता है, लेकिन इसके प्रावधान 'अरचनात्मक' माने जा रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि इस शांति प्रस्ताव को लेकर बहुत सारी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन रूस केवल संयुक्त राज्य अमेरिका से सीधे प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करता है। उशाकोव ने कहा कि अलास्का में चर्चा किए गए प्रस्ताव के कई प्रावधान मॉस्को को स्वीकार्य हैं। रूसी मीडिया के अनुसार, तथाकथित 'यूरोपीय प्रस्ताव' में अमेरिका द्वारा पहले प्रस्तावित 28-सूत्रीय शांति योजना में कई बड़े बदलाव किए गए हैं।

### रूस के साथ ऊर्जा साझेदारी को मजबूत को तैयार चीन

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि उनका देश रूस के के साथ व्यापक ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के लिए तैयार है। चीनी राष्ट्रपति ने राजधानी बीजिंग में चल रहे सातवें चीन-रूस ऊर्जा व्यापार फोरम के प्रतिभागियों को टेलीग्राम के माध्यम से यह संदेश भेजा। चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने टेलीग्राम संदेश के हवाले से बताया कि चीन रूस के साथ मिलकर व्यापक ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत करने तथा संयुक्त रूप से वैश्विक ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए काम करने को तैयार है। साथ ही, आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता तथा सुचारू संचालन बनाए रखने के लिए भी काम करने के लिए सहमत है।

### ड्रोन हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हुई

**मॉस्को।** रूस के रोस्तोव इलाके में ड्रोन हमलों के बाद दो और लोगों की मौत हो गई, जिससे रविवार रात मरने वालों की कुल संख्या तीन हो गई। गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने यह जानकारी दी। स्ल्यूसर ने पहले कहा था कि रोस्तोव इलाके में यूक्रेनी आर्म्ड फोर्सेज़ के हमलों में घायलों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जिसमें टैगानरोग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा कि दुर्भाग्य से डॉक्टर दो और लोगों को नहीं बचा पाए, वे अस्पताल में अपने घावों से मर गए।

# इथियोपिया में 12 हजार साल बाद ज्वालामुखी फटा

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी 12 हजार साल बाद रविवार को फट गया। इस विस्फोट से उठने वाली राख और सल्फर डाइऑक्साइड करीब 15 किमी ऊंचाई तक पहुंच गई। यह लाल सागर पार करते हुए यमन और ओमान तक फैल गई।

सोमवार रात करीब 11 बजे यह राख इथियोपिया से 4300 किमी दूर भारत के राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और पंजाब तक फैल गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईडीएफ) ने कहा है कि राख के बादल मंगलवार शाम 7:30 बजे तक भारत से साफ हो जाएंगे और चीन की ओर बढ़ जाएंगे। इस गुबार की वजह से एअर इंडिया ने अपनी 11 उड़ानें रद्द कर दी थीं। एक्सपर्ट्स ने बताया था कि इस गुबार की ऊंचाई

राख का 15km ऊंचा गुबार उठा, 4300km दूर दिल्ली पहुंचा, एअर इंडिया की 11 उड़ानें रद्द

इतनी ज्यादा थी कि आम लोगों की जिंदगी पर इसका असर काफी कम हुआ। फिलहाल ज्वालामुखी शांत हो गया है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि शील्ड वोल्केनो में शुरुआती विस्फोट के बाद कभी-कभी दोबारा धमाके भी हो सकते हैं। वैज्ञानिकों को यह पता लगाने के लिए कि वहां क्या हो रहा है, सैटेलाइट तस्वीरों और रिमोट सेंसिंग तकनीक पर ही भरोसा करना पड़ रहा है। यह विस्फोट अफार इलाके में हेली गुब्बी ज्वालामुखी में हुआ। यह इतना पुराना और शांत ज्वालामुखी था कि आज तक इसका कोई रिकॉर्ड नहीं था।

# पाकिस्तान ने की आधी रात अफगानिस्तान में 3 एयरस्ट्राइक

## 9 बच्चे और 1 महिला की मौत, तालिबान की चेतावनी: सही समय पर मुंहतोड़ जवाब देंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने सोमवार को आधी रात अफगानिस्तान के तीन प्रांत खोस्त, कुनार और पक्तिका में एयरस्ट्राइक की। खोस्त पर किए गए हमले में 10 आम लोगों की मौत हो गई, जिनमें 9 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि खोस्त प्रांत के मुगलगई इलाके में रात करीब 12 बजे पाकिस्तानी विमानों ने एक घर पर बमबारी की। इस हमले में 5 लड़के, 4 लड़कियां और एक महिला की मौत हो गई।

वहीं कुनार और पक्तिका प्रांतों में पाकिस्तान के हमले और छापेमारी में चार नागरिक घायल हो गए। अफगानिस्तान का कहना है कि पाकिस्तान ने यह हमला करके इस्तांबुल में हुए सीजफायर करार को तोड़ा है। घटना के बाद मंगलवार को मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान सही समय पर इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान में



खोस्त प्रांत के मुगलगई इलाके में रात करीब 12 बजे पाकिस्तानी विमानों ने एक घर पर बमबारी की: जबीउल्लाह

कहा कि इस्लामिक अमीरात इस हमले की निंदा करता है, अपने हवाई क्षेत्र, क्षेत्र और लोगों की रक्षा करना उसका अधिकार है। इस घटना पर पाकिस्तान की सेना और विदेश मंत्रालय की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह हमला ऐसे समय हुआ जब पाकिस्तान खुद भी सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा था। इसी शाम पाकिस्तान के पेशावर शहर में फंटियर कांस्टेबुलरी मुख्यालय पर हमला हुआ। यह मुख्यालय सैन्य कैंट क्षेत्र के पास स्थित है। इस आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए। सिक्योरिटी फोर्स के हेडक्वार्टर पर हमले के बाद इलाके में धुआं फैल गया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल के महीनों में तनाव काफी बढ़ा है। अक्टूबर में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई झड़पों में दर्जनों लोग मारे गए थे, जो 2021 में तालिबान की सत्ता वापसी के बाद सबसे भीषण हिंसा थी। दोनों देशों ने अक्टूबर में दोहा में युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इसके बाद तुर्की में हुई शांति वार्ता किसी लंबे समझौते पर नहीं पहुंच सकी। मतभेद उन उग्रवादी संगठनों को लेकर सामने आए, जिन्हें पाकिस्तान अपने खिलाफ बताता है और जो अफगानिस्तान में पनाह लेते हैं। पाकिस्तान बार-बार अफगानिस्तान पर आरोप लगाता है कि वह पाकिस्तान-तालिबान (टीटीपी) को अपनी धरती से पाकिस्तान में हमले करने दे रहा है। हालांकि, काबुल बार-बार इन आरोपों से इन्कार करता रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अफगान सरकार सीधे तौर पर टीटीपी के साथ मिलकर काम नहीं कर रही, लेकिन वह इसे रोकने के लिए भी कोई कदम नहीं उठा रही है। तालिबान सरकार को डर है कि अगर वह टीटीपी पर सख्ती करेगी तो उसके अंदर बगावत हो सकती है।

# खालिस्तानी आतंकियों ने तिरंगे का किया अपमान

## 'भारतीय पीएम को मारो' के नारे लगाए, बच्चे-प्रेग्नेंट महिलाएं शामिल

**ओटावा।** कनाडा के ओटावा में खालिस्तान जनमत संग्रह के दौरान खालिस्तानी आतंकियों ने भारतीय ध्वज शतिरंगेश का अपमान किया। इन लोगों ने भारतीय पीएम और अधिकारियों को मार डालने के नारे लगाए। ये लोग एक अनौपचारिक और गैर-कानूनी वोटिंग में हिस्सा ले रहे थे, जिसे 'खालिस्तान रेफरेंडम' कहा जा रहा है।

इस वोटिंग में एक सवाल पूछा जा रहा था कि शक्या पंजाब को भारत से अलग करके एक नया आजाद देश खालिस्तान बनाया जाना चाहिए? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हजारों लोगों ने इसमें भाग लिया। लोग सुबह से शाम तक पीले रंग के खालिस्तान झंडे हाथ में लेकर करीब दो किलोमीटर लंबी कतार में खड़े रहे। इसका आयोजन आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने किया था। आयोजकों का दावा है कि ओंटेरियो, अल्बर्टा, ब्रिटिश कोलंबिया और क्यूबेक प्रांतों से



पंजाब को अलग करने पर वोटिंग की

53000 से ज्यादा खालिस्तान समर्थक वोट डालने आए। लोग छोटे-छोटे बच्चे, प्रेग्नेंट महिलाओं और बुजुर्गों के साथ आए। वोटिंग स्थल मैकनैब कम्युनिटी सेंटर के बाहर खालिस्तान समर्थकों ने भारत के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और दूसरे नेताओं के खिलाफ 'मार डालो-मार डालो' जैसे नारे लगाए गए। लोगों को भारत के खिलाफ उकसाया। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में जी-20 समिट के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात की थी। एसएफजे ने इस बात पर सवाल उठाया कि जब कनाडा में भारत-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियां हो रही हैं, तब कनाडाई पीएम भारतीय पीएम से क्यों मिले। भारत सरकार ने इस आयोजन को अवैध बताया और कहा कि यह भारत की संप्रभुता पर हमला है। कनाडा की धरती का इस्तेमाल भारत तोड़ने के लिए किया जा रहा है। दूसरी तरफ भारत और कनाडा ने ट्रेड डील के लिए फिर से बातचीत शुरू करने का ऐलान किया है। दो साल के तनाव के बाद अब दोनों देश व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए तैयार हुए हैं। यह फैसला जोहांसबर्ग में जी-20 समिट के दौरान पीएम मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की द्विपक्षीय मुलाकात में लिया गया है। ऐलान के बाद कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 50 बिलियन डॉलर (4.45 लाख करोड़) तक ले जाने का टारगेट है।

# चीनी अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को स्पेस स्टेशन से जुड़े अपने मलबे से टकराए स्पेसशिप की जगह एक नया स्पेसक्राफ्ट सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिससे उसके क्रू प्रोग्राम का पहला इमरजेंसी लॉन्च पूरा हो गया। नया लॉन्च किया गया शेनझोउ-22 स्पेसशिप, जो तियांगोंग स्पेस स्टेशन से डॉक किया गया है, ऑर्बिट में मौजूद तीन एस्ट्रोनॉट्स के लिए एक वापसी का स्पेसक्राफ्ट देगा, जो अगले साल अप्रैल में लौटने वाले हैं। पिछले क्रू ने 14 नवम्बर को अपने वापसी स्पेसक्राफ्ट का इस्तेमाल घर लौटने के लिए किया था, जब उनका स्पेसशिप मलबे से टकरा गया था, जिससे व्यू विंडो खराब हो गई थी और वह असुरक्षित हो गई थी। इससे मौजूदा तीन सदस्यों वाले क्रू के पास इमरजेंसी की स्थिति में

आईएसएस से चालक दल की वापसी का मिशन अगले वर्ष अप्रैल में वापस लौटेंगे यात्री

बचने का कोई सुरक्षित तरीका नहीं बचा। बता दें कि चीन हर छह महीने में अपने स्पेस स्टेशन के क्रू को रोटेट करता है।

चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने कहा कि मंगलवार को, बिना पायलट वाला शेनझोउ-22 स्पेसशिप स्पेस फूड, मेडिकल सप्लाई, ताजे फल और सब्जियों का कार्गो ले गया, साथ ही शेनझोउ-20 स्पेसशिप की टूटी हुई खिड़की को ठीक करने के लिए डिवाइस भी थे। इसका इस्तेमाल अगले साल अप्रैल में मौजूदा तीन मेंबर क्रू को वापस लाने के लिए किया जाएगा। सीएमएसए ने कहा कि क्षतिग्रस्त स्पेसशिप को रिपेयर किया जाएगा और आखिरकार यह धरती पर वापस आएगा, लेकिन सिर्फ कार्गो के साथ और बिना एस्ट्रोनॉट्स के। शेनझोउ-22 स्पेसशिप को लॉन्ग मार्च-2एफ वाई22 कैरियर रॉकेट के ऊपर, उत्तर-पश्चिम चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया था। लॉन्च के लगभग 10 मिनट बाद, स्पेसशिप रॉकेट से अलग हो गया और अपनी तय ऑर्बिट में चला गया और बाद में स्पेस स्टेशन से डॉक हो गया। सीएमएसए ने लॉन्च मिशन को पूरी तरह सफल बताया। चीन ने अपना स्पेस स्टेशन तब बनाया जब उसे कथित तौर पर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि इस बात की चिंता थी कि चीन का स्पेस प्रोग्राम उसकी मिलिट्री की तरफ से कंट्रोल किया जाता है।

# भारत में बचे 5800 मेनाशे यहूदियों को ले जाएगा इजरायल

**तेल अवीव।** इजराइल ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में रहने वाले बनेई मेनाशे समुदाय के बचे हुए 5800 यहूदियों को अपने यहां बसाने का फैसला किया है। इन्हें अगले 5 साल में इजराइल ले जाया जाएगा।

ज्यूइश एजेंसी फॉर इजराइल के मुताबिक, सरकार ने रविवार को इस प्लान को मंजूरी दी है। इसके तहत 2030 तक पूरी कम्युनिटी को इजराइल में बसाया जाएगा। इनमें से 1200 लोगों को 2026 में बसाने के लिए पहले ही मंजूर किया जा चुका हैं। ये वे लोग हैं जिनके करीबी रिश्तेदार पहले से इजराइल में बस चुके हैं। 2005 में इजराइल के धार्मिक गुरु लोमो अमार ने इस समुदाय को इजराइली मूल के लोगों की मान्यता दी थी। अभी लगभग इस समुदाय के 2500 लोग इजराइल में रह रहे हैं। वर्तमान में इस समुदाय के कई युवा इजराइली सेना में कॉम्बैट यूनिट्स में सेवाएं दे रहे हैं। इजराइल सरकार के फैसले के बाद यहूदी धर्मगुरुओं (रब्बियों) की अब तक की सबसे बड़ी टीम भारत आएगी है। यह पिछले दस वर्षों में भारत आने वाली पहली आधिकारिक धार्मिक जांच टीम होगी। टीम में रब्बी (यहूदी धर्मगुरु) और धार्मिक कानून (हलाखा) के जानकार शामिल होंगे। यह टीम पूर्वोत्तर भारत के बनेई मेनाशे समुदाय के उन सदस्यों की धार्मिक पहचान की जांच करेगी।

# फ्लाइट में पजामा-चप्पल पहनना बंद करें

## अमेरिकी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर एयरपोर्ट ने कहा: ड्रॉइंग रूम नहीं समझे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर शॉन डफी ने लोगों से फ्लाइट के दौरान पजामा, स्लीपर और दूसरे घरेलू कपड़े पहनकर एयरपोर्ट नहीं आने को कहा है।


उन्होंने कहा कि, बच्चों को कुछ छूट मिल सकती है, लेकिन बड़ों को एयरपोर्ट को अपना ड्रॉइंग रूम समझने की जरूरत नहीं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों में हवाई यात्रियों की सभ्यता में बहुत गिरावट आई है, इसलिए थैंक्स गिविंग की छुट्टियों से पहले पूरे देश में 'सभ्यता अभियान' शुरू किया जा रहा है। न्यू जर्सी के नेवार्क एयरपोर्ट पर शॉन डफी ने कहा कि कृपया एयरपोर्ट पर स्लीपर और पजामा पहनकर न आएं। जींस और एक साफ-सुथरी शर्ट ही काफी है।



बच्चों को कुछ छूट मिल सकती है

थोड़ा सम्मान के साथ कपड़े पहनें तो सबका सफर बेहतर हो जाएगा। उन्होंने यात्रियों से कहा कि पायलट और फ्लाइट अटेंडेंट से 'प्लीज' और 'थैंक यू' बोलें, दूसरों की बैग रखने में मदद करें ये छोटी-छोटी बातें पूरे सफर को खुशगवार बना देती हैं। दरअसल, एफएए के आंकड़ों के मुताबिक 2019 के बाद फ्लाइट में झगड़े और बदतमीजी के मामले 400 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। वहीं, बिहेवियरल एक्सपर्ट का कहना है कि कपड़े सिर्फ फैशन नहीं, सम्मान दिखाते हैं। टेक्सास की एटिकेट एक्सपर्ट डायने गॉट्समैन बोलीं पजामा घर में ठीक है, एयरपोर्ट पर नहीं। पूर्व फ्लाइट अटेंडेंट जैकलीन व्हिटमोर ने कहा जैसे कपड़े पहनते हैं, वैसा ही व्यवहार करने लगते हैं। अच्छे कपड़े पहनने से आत्म-सम्मान बढ़ता है और दूसरों के प्रति भी आदर दिखता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अच्छे कपड़े पहनना अमीरी-गरीबी का सवाल नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान का मामला है।


यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108